# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

• बोकारो, सोमवार 18 मई 2026 • वर्ष : 10 • अंक : 01 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो, पटना व औरंगाबाद से प्रकाशित




गुमला में सुकन्या असुर को सम्मानित करते सांसद सुखदेव भगत

## पश्चिम बंगाल में रेलवे की तीन परियोजनाओं को मंजूरी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में नई सरकार के गठन होने के बाद ही राज्य को रेलवे के मोर्चे पर बड़ी सौगात मिली है। रेल मंत्रालय ने राज्य के लिए तीन अहम रेलवे परियोजनाओं और नई सेवाओं को मंजूरी दी है। जिससे बंगाल में रेल नेटवर्क को नई रफ्तार मिलने की उम्मीद है। इन परियोजनाओं के जरिए यात्रियों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी, जबकि माल ढुलाई व्यवस्था भी पहले से ज्यादा मजबूत होगी। रेल मंत्री ने इस संबंध में मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी को तीन अलग-अलग पत्र भेजे हैं। माना जा रहा है कि इन फैसलों से उत्तर बंगाल से लेकर दक्षिण बंगाल तक रेलवे ढांचे को बड़ा फायदा मिलेगा और विकास कार्यों को भी गति मिलेगी। उत्तर बंगाल के रेल नेटवर्क को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए रेल मंत्रालय ने न्यू जलपाईगुड़ी से सिलीगुड़ी तक नई रेल लाइन परियोजना को मंजूरी दे दी है।



लंबे समय से प्रस्तावित इस परियोजना को अब आधिकारिक स्वीकृति मिलने के बाद इलाके में विकास की नई उम्मीदें बढ़ गई हैं। नई रेल लाइन बनने से यात्रियों का सफर ज्यादा आसान और तेज होगा, वहीं ट्रेनों की आवाजाही में भी सुधार आएगा। माना जा रहा है कि इस परियोजना का सीधा फायदा उत्तर बंगाल के कई क्षेत्रों को मिलेगा। साथ ही पर्यटन, व्यापार और स्थानीय कनेक्टिविटी को भी इससे नई रफ्तार मिलने की संभावना है। रेल मंत्रालय ने सांतरागाछी से जयपुर के खातीपुरा तक नई एक्सप्रेस ट्रेन चलाने को भी मंजूरी दे दी है। यह ट्रेन खड़गपुर रूट से संचालित होगी। नई ट्रेन सेवा शुरू होने से पश्चिम बंगाल और राजस्थान के बीच सफर करने वाले यात्रियों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। फिलहाल लंबी दूरी की यात्रा में यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है, लेकिन इस नई ट्रेन के शुरू होने के बाद सफर ज्यादा आसान, सीधा और किआरामदायक हो जाएगा। वहीं, शालबनी से आद्रा तक तीसरी रेल लाइन बिछाने की दिशा में भी बड़ा कदम उठाया गया है। करीब 107 किलोमीटर लंबी इस परियोजना के लिए डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार करने हेतु फाइनल लोकेशन सर्वे को मंजूरी दे दी गई है। माना जा रहा है कि यह परियोजना भविष्य में मालगाड़ियों और यात्री ट्रेनों के संचालन को अधिक सुचारु और तेज बनाने में मदद करेगी।

## 25 मई को 131 लोगों को पद्म पुरस्कार देंगी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

**नयी दिल्ली(नबिटा ब्यूरो)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 25 मई को 2026 के पद्म पुरस्कार प्रदान करेंगी। केंद्रीय गृह मंत्रालय (एमएचए) ने रविवार को सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि राष्ट्रपति मुर्मू राष्ट्रपति भवन में आयोजित होने वाले पहले नागरिक अलंकरण समारोह में पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री पुरस्कार प्रदान करेंगी। इस वर्ष भारत सरकार ने कुल 131 पद्म पुरस्कारों की घोषणा की है, जिनमें पांच पद्म विभूषण, 13 पद्म भूषण और 113 पद्म श्री शामिल हैं। इनमें 19 महिलाएं हैं जबकि 16 व्यक्तियों को मरणोपरांत सम्मान दिया जाएगा। पद्म पुरस्कार देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में से एक हैं। इन्हें वर्ष 1954 में शुरू किया गया था। ये हर साल गणतंत्र दिवस के अवसर पर घोषित किए जाते हैं और कला, साहित्य, शिक्षा, खेल, चिकित्सा, सामाजिक कार्य, विज्ञान एवं इंजीनियरिंग, सार्वजनिक जीवन तथा व्यापार और उद्योग जैसे क्षेत्रों में विशिष्ट योगदान के लिए दिए जाते हैं।

## पवन सिंह हत्याकांड का खुलासा, मौसा ही निकला कातिल

**मेदिनीनगर(नबिटा ब्यूरो)।** पलामू पुलिस ने पवन सिंह हत्याकांड की गुत्थी महज 24 घंटे के अंदर सुलझाते हुए हत्या के आरोपी मौसा रवि सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। दरअसल मौसेरे भाई-बहन के बीच प्रेम संबंध था। दोनों मुलाकात कर रहे थे तभी लड़की के पिता ने उन्हें देख लिया। इसके बाद मौसा ने गुस्से में युवक को डंडे से पीट-पीटकर उसे मौत के घाट उतार दिया। शनिवार को सतबरवा थाना क्षेत्र के दुलसुलमा से पवन सिंह नाम के एक युवक का शव बरामद हुआ था। पुलिस के मुताबिक पवन सिंह की मौत को आत्महत्या का रूप देने का प्रयास किया गया था। पवन सिंह के परिजनों ने पूरे मामले में पवन सिंह की प्रेमिका के पति एवं देवर पर हत्या का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था। पूरे मामले में डीएसपी राजेश यादव के नेतृत्व में अनुसंधान शुरू हुआ था। अनुसंधान के क्रम में पुलिस को चौंकाने वाली जानकारी मिली। पवन सिंह का अपने मौसेरी बहन के साथ प्रेम संबंध था। वह अपनी प्रेमिका से मिलने गया था, इसी क्रम में कमरे के अंदर मौसा ने देख लिया। मौसा रवि सिंह ने घर में रखे डंडे से पवन सिंह की पिटाई कर दी जिसमें उसकी मौत हो गई।

## सड़क हादसे में मामा और भांजे की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गढ़वा।** गढ़वा-मेदिनीनगर फोरलेन पर हुर गांव स्थित टोल प्लाजा के पास रविवार को सड़क हादसा हुआ। बालू लदे एक तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रैक्टर ने मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में मोटरसाइकिल पर सवार मामा-भांजे की मौत हो गई। मृतकों की पहचान गढ़वा थाना क्षेत्र के ओबरा गांव निवासी राघो पाल के बेटे उदय पाल और मेराल थाना क्षेत्र के चामा गांव निवासी रमेश पाल के बेटे अंकज पाल के रूप में हुई है। इस घटना के बाद दोनों परिवारों में कोहराम मच गया है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि उदय पाल को मजदूरी के काम के सिलसिले में विशाखापट्टनम जाना था। उसे ट्रेन पकड़वाने के लिए उसका भांजा अंकज पाल अपने ननिहाल (ओबरा गांव) आया हुआ था। रविवार को दोनों एक ही मोटरसाइकिल पर सवार होकर पलामू जिले के गढ़वा रोड रेलवे स्टेशन जा रहे थे जहां से उदय को बनारस इंटरसिटी एक्सप्रेस पकड़नी थी। इसी दौरान हुर गांव टोल प्लाजा के पास विपरीत दिशा से आ रहे बालू लदे एक ट्रैक्टर ने उनकी बाइक को सामने से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि उदय पाल की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और दोनों को तुरंत गढ़वा सदर अस्पताल ले आई। यहां ड्यूटी पर तैनात डॉक्टरों ने उदय पाल को मृत घोषित कर दिया। वहीं गंभीर रूप से घायल अंकज पाल को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। परिजन उसे नाजुक हालत में मेदिनीनगर ले जा रहे थे लेकिन रास्ते में ही उसने भी दम तोड़ दिया। इसके बाद परिजन उसके शव को वापस सदर अस्पताल ले आए। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया है। इस मामले में परिजनों ने गंभीर स्थानीय पुलिस प्रशासन और टोल टैक्स कर्मियों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। परिजनों का कहना है कि पुलिस और टोल कर्मियों की मिलीभगत से क्षेत्र में बालू का अवैध उठाव और ढुलाई धड़ल्ले से हो रही है। परिजनों ने आक्रोश जताते हुए कहा कि इस रूट पर होने वाले अधिकांश हादसों के जिम्मेदार ये अवैध बालू लदे ट्रैक्टर ही हैं, जिनपर प्रशासन अंकुश लगाने में नाकाम रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### आकाश जैन बने एनटीए के संयुक्त निदेशक

**हजारीबाग(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के आईआरएस आकाश जैन को नेशनल टेस्टिंग एजेंसी में संयुक्त निदेशक बनाया गया है। अब देश की सबसे बड़ी मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट के आयोजन की अहम जिम्मेदारी उनके हाथों में होगी। आकाश जैन ने अपनी 10वीं की पढ़ाई संत जेवियर स्कूल हजारीबाग से पूरी की। पढ़ाई के दौरान से ही वे मेधावी छात्र रहे हैं। वर्ष 2013 में उन्होंने यूपीएससी परीक्षा पास कर प्रशासनिक सेवा में अपनी पहचान बनाई थी। उनका घर शहर के झंडा चौक के पास है।

### गोली लगने से पुलिस जवान की मौत

**सिमडेगा(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के महाबुआंग थाना परिसर से एक बेहद दुखद और झकझोर देने वाली खबर सामने आई है। यहां रविवार की सुबह ड्यूटी के दौरान एक दर्दनाक हादसे में पुलिस जवान (आरक्षी) राजू तिर्की की गोली लगने से असामयिक मौत हो गई। दिवंगत जवान रांची जिले के रातू थाना अंतर्गत टिंबरा गांव के रहने वाले थे। इस आकस्मिक घटना के बाद से पूरे पुलिस महकमे में शोक की लहर दौड़ गई है। यह दर्दनाक वाकया रविवार की सुबह करीब 10:00 बजे का है। आरक्षी राजू तिर्की महाबुआंग थाना परिसर में अपनी ड्यूटी पर तैनात थे।

### हाथी की चपेट में आने से छात्र की मौत

**गिरिडीह(नबिटा ब्यूरो)।** झुंड से भटके एक जंगली हाथी ने शनिवार रात बागोडीह गांव में कोहराम मचा दिया। ग्रामीणों के साथ हाथी को खदेड़ने गए सरिया कॉलेज के 19 वर्षीय छात्र अनुराग यादव की मौत हो गई। गुस्साए हाथी ने सूंड से धक्का मारा तो अनुराग पास के कुएं में जा गिरा। मौके पर लोगों ने छात्र को अस्पताल पहुंचाया लेकिन जब तक अस्पताल पहुंचते उससे पहले ही छात्र ने दम तोड़ दिया।

### नहाने के दौरान दो किशोर डूबे, एक की मौत

**रामगढ़(नबिटा ब्यूरो)।** शहर के गढ़बांध स्थित दामोदर नदी में रविवार सुबह नहाने के दौरान दो किशोरों के डूब जाने से इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। इस हादसे में एक किशोर की मौत हो गई, जबकि दूसरे की तलाश जारी है। मिली जानकारी के अनुसार 14 से 15 वर्ष की उम्र के तीन किशोर रविवार सुबह अपने घरों से फुटबॉल खेलने की बात कहकर निकले थे। इनमें दो किशोर किसान नगर और एक बंगाली टोला का रहने वाला था। किसान नगर निवासी प्रिंस सोनकर को पानी से बाहर निकालकर अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## ऑपरेशन प्रहार के तहत सौ से अधिक वारंटी गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** राजधानी में शनिवार रात फरार चल रहे वारंटियों और अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई की गई। एसएसपी रांची के निर्देश पर सिटी, ट्रैफिक और ग्रामीण एसपी ने अपनी टीम के साथ 100 से ज्यादा वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। रांची पुलिस द्वारा रविवार को जारी किए गए प्रेस रिलीज में यह बताया गया कि वरीय एसपी के निर्देशानुसार एसपी नगर, यातायात तथा ग्रामीण के नेतृत्व में ऑपरेशन प्रहार के तहत रांची पुलिस की ओर से 100 से ज्यादा अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। साथ ही 220 से अधिक लंबित वारंटों का निष्पादन भी किया गया। अपराधियों के खिलाफ रांची पुलिस की अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई में से एक है। अभियान में जिले के सभी पुलिस अधीक्षक, उपाधीक्षक, थाना प्रभारी और अन्य पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मी शामिल थे। रांची पुलिस द्वारा भविष्य में भी इसी तरह की कार्रवाई निरंतर जारी रखने के संकेत दिए हैं। सीनियर एसपी राकेश रंजन ने बताया कि ऑपरेशन प्रहार के तहत अपराध नियंत्रण, वारंट निष्पादन और संगठित अपराध पर शिकंजा कसने की विशेष रणनीति बनाई गई थी। शनिवार देर रात तक चली इस कार्रवाई में पुलिस टीमों ने अलग-अलग थाना क्षेत्रों में दबिश देकर फरार अपराधियों, वारंटियों और संदिग्धों को धर दबोचा है। कई आरोपी ऐसे भी पकड़े गए है जो लंबे समय से पुलिस को चकमा देकर फरार चल रहे थे।

## देवघर में रेल ओवरब्रिज का उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**देवघर।** भाजपा सांसद निशिकांत दुबे और विधायक सुरेश पासवान की मौजूदगी में रविवार को देवीपुर जाने वाले मार्ग पर बने रेलवे ओवरब्रिज का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन के मौके पर सांसद निशिकांत ने कहा कि देवघर के विकास की उन्होंने जो परिकल्पना की थी उस दिशा में काफी काम हुआ है। प्रधानमंत्री मोदी जी ने झोला भरकर यहां के विकास के लिए राशि दी है। उन्होंने कहा कि जसीडीह स्टेशन के विकास के लिए दूसरा इंट्री प्वाइंट जरूरी है। उन्होंने कहा कि 2017 में उन्होंने केन्द्र सरकार से आग्रह कर इसके लिए 70 करोड़ रुपया लिया था। जसीडीह भारत में बन रहे 50 अमृत भारत स्टेशन में शामिल है। इसके लिए यहां 400 से 500 करोड़ खर्च किया जाना है। लेकिन पहले दूसरा इंट्री के लिए जगह चाहिए। उन्होंने कहा कि इस कार्य के लिए राज्य सरकार से आठ एकड़ जमीन की जरूरत है लेकिन राज्य सरकार एक एकड़ जमीन के बदले 60 करोड़ रुपया मांग रही है। ऐसे में करीब 500 करोड़ तो सिर्फ जमीन में चला जाएगा। सांसद ने कहा कि जमीन के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पैर पकड़ने तक को तैयार हैं। जसीडीह स्टेशन के विकास का असर क्षेत्र के विकास पर पड़ेगा। इस स्टेशन पर देश विदेश से लोग आते हैं। इस मौके पर देवघर के राजद विधायक सुरेश पासवान ने कहा कि ये आरओबी काफी अहम है। ये झारखंड, बिहार व बंगाल को जोड़ने का काम करेगा। ये केन्द्र व राज्य सरकार के संयुक्त प्रयास से बना है। इससे स्थानीय लोगों में काफी खुशी है। उन्होंने शंकरपुर, रोहिणी, संताली, रायडीह में भी आरओबी बनाए जाने की मांग की। उन्होंने कहा कि आकार चाहे छोटा हो लेकिन इसे बनाया जाए। इससे यहां के आम लोगों को काफी सुविधा होगी। वहीं उन्होंने सांसद से अपने निधि में जमा करीब 60 करोड़ देवघर के विकास कार्य में खर्च करने की अपील की। आरओबी के उदघाटन के मौके पर आसनसोल रेल डिविजन के डीआरएफ संघर्ष मौर्य, भाजपा जिला अध्यक्ष सचिन रवानी, गंगा नारायण सिंह, अभय आनंद झा व अन्य लोग मौजूद थे।

## टीपीसी के नाम पर बीजीआर कोल कंपनी से मांगी 50 लाख की रंगदारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पाकुड़।** जिले की कोल कंपनी बीजीआर से माओवादी संगठन टीपीसी के नाम पर 50 लाख रुपये की रंगदारी मांगने का मामला सामने आया है। यह जानकारी बीजीआर कोल कंपनी के जनसंपर्क पदाधिकारी संजय बेसरा ने दी है। संजय बेसरा ने बताया कि मामले को लेकर थाने में लिखित शिकायत दी गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। वहीं अमड़ापाड़ा थाने से मिली जानकारी के मुताबिक इस मामले में कोल कंपनी के अधिकारी मृणमई मित्रा की लिखित शिकायत पर थाने में दो अज्ञात अपराधियों के खिलाफ कांड संख्या 34/26 अंकित कर मामले की तहकीकात शुरू कर दी गई है। मिली जानकारी के अनुसार बीजीआर कोल कंपनी द्वारा अमड़ापाड़ा प्रखंड के इकड़ी नाले पर पुल का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। पुलिस को दिए गए आवेदन में उल्लेख है कि बीते 14 मई की देर रात्रि को कुछ नकाबपोश अपराधी पहुंचे और साइड पर मौजूद कर्मियों को डराया-धमकाया और 50 लाख रुपये रंगदारी की मांग करते हुए उन्हें एक पोस्टर थमा दिया जिसमें टीपीसी माओवादी संगठन का नाम लिखा है। अपराधियों द्वारा यह धमकी दी गई है कि यदि रंगदारी नहीं दी गई तो अंजाम बुरा होगा। नकाबपोश अपराधियों ने कार्यस्थल पर तैनात नाईट गार्ड को धमकी दी है। नक्सली संगठन के नाम पर रंगदारी मांगे जाने और धमकी मिलने के बाद कर्मियों में दहशत का माहौल है। इधर शिकायत मिलने के बाद अमड़ापाड़ा थाने की पुलिस कार्यस्थल पहुंच कर नाइट गार्ड सहित अन्य कर्मियों से पूछताछ की। साथ ही पुलिस ने अपराधियों पर कार्रवाई करने का भरोसा दिया है। इस संबंध में अमड़ापाड़ा थाना के प्रभारी थाना प्रभारी पप्पू कुमार ने बताया कि शिकायत मिलने के बाद प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस तहकीकात कर रही है। उन्होंने बताया कि कार्यस्थल पर कर्मी भयभीत न हों इसके लिए पुलिस लगातार गश्ती कर रही है। उन्होंने बताया कि इसके पूर्व भी आपराधिक तत्वों ने कोल कंपनी से रंगदारी की मांग की थी और उस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। बीते दिनों मिली धमकी मामले की जांच की जा रही है और ये कौन सा गिरोह है इसकी भी जांच की जा रही है। जल्द ही खुलासा हो जाएगा।

## तीन महीने से ठप पड़ी है सरकारी एयर एम्बुलेंस सेवा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** झारखंड में गंभीर बीमारी से जूझ रहे मरीजों के लिए शुरू की गई सरकारी एयर एम्बुलेंस सेवा पिछले लगभग तीन महीने से ठप पड़ी है। 23 फरवरी को चतरा में हुई एयर एम्बुलेंस दुर्घटना के बाद से यह सेवा बंद है जिससे मरीजों और उनके परिजनों की परेशानियां लगातार बढ़ती जा रही हैं। सरकारी सेवा बंद होने का फायदा अब निजी एयर एम्बुलेंस कंपनियां उठा रही हैं और मरीजों से मनमाने पैसे वसूले जा रहे हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पहल पर शुरू की गई इस योजना का उद्देश्य गंभीर मरीजों को बेहतर इलाज के लिए दिल्ली, बेंगलुरु, मुंबई और हैदराबाद जैसे बड़े शहरों तक त्वरित पहुंच उपलब्ध कराना था। कैंसर, हार्ट, न्यूरो और ट्रॉमा के मरीजों के लिए यह सेवा जीवनदायिनी साबित हो रही थी। सरकारी व्यवस्था के तहत मरीजों को अपेक्षाकृत कम खर्च में एयर एम्बुलेंस सुविधा मिल जाती थी लेकिन सेवा बंद होने के बाद अब आम लोगों की पहुंच इससे लगभग खत्म हो गई है। जानकारी के अनुसार रांची से दिल्ली तक एक मरीज को एयर एम्बुलेंस से ले जाने में अब करीब 13 लाख रुपये तक खर्च करने पड़ रहे हैं। पहले यही सेवा सरकारी सहयोग के कारण लगभग आधी लागत में उपलब्ध हो जाती थी। कई परिवारों को मरीज के इलाज के साथ-साथ एयर एम्बुलेंस के भारी खर्च के लिए जमीन बेचने और कर्ज लेने तक की नौबत आ रही है। रांची एयरपोर्ट से हर महीने औसतन 15 एयर एम्बुलेंस उड़ानें संचालित होती थीं। इनमें अधिकतर उड़ानें दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, कोलकाता, हैदराबाद और बेंगलुरु के लिए होती थीं। सरकारी सेवा बंद होने के बाद अब यह सुविधा केवल आर्थिक रूप से सक्षम लोगों तक सीमित होकर रह गई है। वहीं एयर एम्बुलेंस सेवा दोबारा कब शुरू होगी इसे लेकर सरकार की ओर से भी कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी जा रही है। सेवा से जुड़े टोल फ्री नंबरों पर संपर्क करने पर भी सिर्फ इतना बताया जा रहा है कि फिलहाल सेवा बहाल करने को लेकर कोई आधिकारिक सूचना उपलब्ध नहीं है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि एयर एम्बुलेंस जैसी आपातकालीन सेवा का लंबे समय तक बंद रहना राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था और आपदा प्रबंधन प्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करता है। ऐसे में जरूरत इस बात की है कि सरकार जल्द से जल्द इस सेवा को पुनः शुरू करे ताकि गंभीर मरीजों को समय पर इलाज मिल सके।

## खूंटी में हो रही जापान के मियाजाकी आम की खेती

### इंटरनेशनल मार्केट में ढाई से तीन लाख रुपये किलो तक कीमत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**खूंटी।** फलों का राजा कहलाने वाला आम अब झारखंड के किसानों के लिए कमाई का बड़ा जरिया बनता जा रहा है। जापान की बेहद चर्चित और दुनिया के सबसे महंगे आमों में शामिल मियाजाकी आम की खेती अब झारखंड के खूंटी जिले के मर्चा और मुरहू क्षेत्र में हो रही है। अपनी खास रंगत, स्वाद और ऊंची कीमत के कारण यह आम देश-विदेश में चर्चा का विषय बना हुआ है। सामान्य आम जहां हरे या पीले रंग के होते हैं वहीं मियाजाकी आम का रंग बैंगनी और लाल होता है। यह देखने में बेहद आकर्षक और स्वाद में काफी मीठा माना जाता है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत ढाई लाख से तीन लाख रुपये प्रति किलो तक



पहुंच जाती है जबकि भारत में यह पांच हजार से 15 हजार रुपये प्रति किलो के भाव में बिकता है। खूंटी की किसान सोबती देवी ने बताया कि इस आम का पौधा ऑनलाइन कोलकाता से मंगवाया गया था। पौधा लगाने के करीब तीन साल बाद इसमें फल आने शुरू हो जाते हैं। उन्होंने बताया कि बगीचे में मियाजाकी के साथ अमेरिकन पाल्मर प्रजाति के आम भी लगाए गए हैं। जून महीने में दोनों किस्म के आम पकते हैं और फल आने से पहले ही व्यापारियों द्वारा इसका ऑक्शन कर लिया जाता है। कई बार बाहर के व्यापारी पूरे बगीचे की खरीदारी कर लेते हैं। वहीं व्यवसायी सह मुरहू प्रखंड के उप प्रमुख अरुण कुमार साबू ने बताया कि खूंटी के कई किसान महंगे दामों पर पौधे मंगवाकर इसकी खेती कर रहे हैं। हालांकि नक्सल प्रभावित क्षेत्र होने के कारण बाहरी व्यापारी यहां आने से बचते हैं जिससे किसानों को अपेक्षित लाभ नहीं मिल पाता। उन्होंने कहा कि सरकार यदि ऐसे किसानों को प्रोत्साहन दे तो झारखंड के किसानों की आय में बड़ा इजाफा हो सकता है।


Reg No. JHENG/25/A4874

Another Launching from NAVBIHAR TIMES GROUP

THE EASTERN VOICE

'English Daily Newspaper

Regional Newspaper in whole Bihar & Jharkhand

Email Id-theeasternv@gmail.com

Bihar Office:-Satyendra Nagar,Aurangabad (Bihar Jharkhand)
Office:-31-Co-operative Colony,Bokaro Steel City, Bokaro (Jharkhand)

Contact:- 6206165107, 7295863300

# स्थलीय निरीक्षण के लिए धनबाद से पहुंचे रेलवे अधिकारी, ठहराव की उठी मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह ।** सामाजिक कार्यकर्ता राजेश सिन्हा एवं सलैया संघर्ष समिति की अगुवाई में रविवार को सलैया स्टेशन परिसर में रेलवे विभाग के प्रतिनिधियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस दौरान धनबाद से पहुंचे रेलवे अधिकारियों ने सलैया रोड का स्थलीय निरीक्षण कर सड़क की बदहाल स्थिति का जायजा लिया बैठक में सलैया रोड की जर्जर स्थिति, उसकी शीघ्र मरम्मत, रेलवे विभाग की एनओसी प्रक्रिया तथा यात्रियों की सुविधाओं से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बताया गया कि रेलवे विभाग द्वारा सड़क निर्माण के लिए एनओसी संबंधी पत्र को आगे बढ़ाया गया है न्यू गिरिडीह स्टेशन रोड की बदहाली का मुद्दा भी उठा



बैठक के दौरान न्यू गिरिडीह स्टेशन रोड की खराब स्थिति को लेकर भी चिंता जताई गई।

सामाजिक कार्यकर्ता राजेश सिन्हा ने कहा कि गिरिडीह का दुर्भाग्य है कि तीन-चार वर्षों के बाद भी स्टेशन रोड का निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका है स्टेशन मास्टर को सौंपा ज्ञापन निरीक्षण के बाद स्टेशन मास्टर मुकेश कुमार को एक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में सलैया स्टेशन पर हटिया आसनसोल इंटरसिटी एक्सप्रेस एवं गोड्डा-दिल्ली एक्सप्रेस के ठहराव की मांग की गई स्थानीय लोगों ने कहा कि सड़क की खराब स्थिति और ट्रेनों के ठहराव नहीं होने से विद्यार्थियों, व्यापारियों एवं आम यात्रियों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। यात्रियों को मजबूरी में न्यू गिरिडीह स्टेशन जाना पड़ता है। लोगों का कहना था कि यदि इन ट्रेनों का ठहराव सलैया स्टेशन पर होता है तो रेलवे विभाग को टिकट के माध्यम से बेहतर राजस्व भी प्राप्त होगा अधिकारियों ने दिया आश्वासन रेलवे विभाग के प्रतिनिधियों ने स्थानीय लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और कहा कि सभी मांगों को संबंधित उच्च अधिकारियों तक पहुंचाकर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। जनप्रतिनिधियों ने रखी अपनी बात राजेश सिन्हा ने कहा कि धनबाद रेलवे विभाग से प्रतिनिधि दोपहर एक बजे सलैया स्टेशन पहुंचे और लोगों की समस्याओं को सुना गौतम सोनी ने कहा कि सलैया का आंदोलन लगातार जारी था, जारी है और आगे भी जारी रहेगा तुलसी राणा ने कहा कि सलैया स्टेशन रोड का निर्माण हर हाल में होना चाहिए करण कृपालु ने कहा कि अब पचंबा क्षेत्र के लोगों को भी आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभानी होगी कन्हैया खेतान ने सलैया स्टेशन पर एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव की मांग दोहराई। मिथिलेश पांडेय ने लोगों से एकजुट होकर सार्वजनिक कार्यों में आगे आने की अपील की दीपक पंडा ने कहा कि न्यू गिरिडीह रेलवे स्टेशन एवं सलैया स्टेशन रोड का निर्माण जल्द कराया जाना चाहिए बैठक में करण कृपालु, कन्हैया खेतान, गौतम सोनी, तुलसी राणा, दीपक पांडा, छोटू राणा, सुधांशु भदानी, मिथिलेश पांडे समेत कई ग्रामीण मौजूद थे।

## अवैध बालू परिवहन पर कार्रवाई ग्राम केवला के पास बालू जप्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चौपारण (हजारीबाग) ।** चौपारण थाना पुलिस ने थाना प्रभारी पंकज कुमार के नेतृत्व में अवैध खनन एवं परिवहन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए ग्राम केवला के पास से भारी मात्रा में बालू जप्त किया है। इस संबंध में चौपारण थाना कांड संख्या 132/26 दर्ज कर लिया गया है। मिली सूचना के आधार पर चलाए गए अभियान में अवैध रूप से परिवहन किए जा रहे बालू को पकड़ा गया। जप्त बालू को कब्जे में लेकर आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। मामले में संलिप्त लोगों की पहचान एवं गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। थाना प्रभारी पंकज कुमार ने कहा कि अवैध खनन एवं बालू परिवहन के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जाएगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# जिब्राल्टर हाउस दीपुगढ़ा के पास 20.5 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद, तीन गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवीन सिन्हा (हजारीबाग, ब्यूरो)।** हजारीबाग जिले के कोर्रा थाना क्षेत्र में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध ब्राउन शुगर के कारोबार का खुलासा किया है। पुलिस ने जिब्राल्टर हाउस दीपुगढ़ा के पास छापेमारी कर 20.5 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ तीन अपराधियों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया एवं वर्तमान में लोवागड्डा, चतरा स्थित अपने मामा कमल दांगी के घर में रह रहा था, के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल 20.5 ग्राम अवैध ब्राउन शुगर, तीन स्मार्टफोन, एक अपाची मोटरसाइकिल तथा एक क्रेटा कार बरामद की है। इस संबंध में कोर्रा थाना कांड संख्या 81/2026, दिनांक 17.05.2026 के तहत धारा



है। पुलिस अधीक्षक, हजारीबाग को गुप्त सूचना मिली थी कि कोर्रा थाना क्षेत्र के जिब्राल्टर हाउस दीपुगढ़ा में दो व्यक्ति अवैध ब्राउन शुगर की खरीद-बिक्री कर रहे हैं। सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर, हजारीबाग श्री अमित आनंद (भा.पु.से.) के नेतृत्व में एक विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया।

छापेमारी के दौरान पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान रौशन कुमार (21 वर्ष), पिता केदार दांगी, निवासी लोवागड्डा, थाना व जिला चतरा; संदीप कुमार दांगी (27 वर्ष), निवासी लोवागड्डा, थाना व जिला चतरा; तथा सौरभ कुमार दांगी (22 वर्ष), पिता योगेंद्र प्रसाद, मूल निवासी ग्राम चापी, थाना शेरघाटी, जिला गया (बिहार) 317(2)/315 बीएनएस एवं 4/21बी/22बी/29 एनडीपीएस एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। गिरफ्तार सभी आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी सौरभ कुमार दांगी का पूर्व में भी एनडीपीएस एक्ट के तहत आपराधिक इतिहास रहा है। उसके खिलाफ गिद्धौर थाना कांड संख्या 70/23 तथा कटकमसांडी (पेलावल) थाना कांड संख्या 215/25 दर्ज हैं। इस कार्रवाई में एसडीपीओ सदर अमित आनंद के अलावा पुलिस निरीक्षक शाहिद रजा, कोर्रा थाना प्रभारी नेमधारी रजक, लोहसिंगना थाना प्रभारी निशांत केरकेट्टा, पेलावल ओपी प्रभारी वेद प्रकाश पाण्डेय, कोर्रा थाना के बिट्टू रजक, तकनीकी शाखा हजारीबाग की टीम एवं सशस्त्र बल शामिल थे।

## संक्षिप्त समाचार

### विश्व उच्च रक्तचाप दिवस पर वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन ने लगाया रक्तदान शिविर

**हजारीबाग (नबिटाब)।** विश्व उच्च रक्तचाप दिवस के अवसर पर वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन द्वारा शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज में थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों एवं रक्त की कमी से जूझ रहे मरीजों के लिए 17 मई को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ एसोसिएशन के कार्यकारिणी सदस्य सूरज जैन एवं रौनक जैन ने रक्तदान कर किया। इसके बाद विनोद कुमार, अमन, विकास, निसार, शुभम कुमार, हंसराज, वीरेंद्र, मुकेश, अभिषेक, मनोज कुमार, राजकुमार एवं पुनीत सिंह सहित अनेक रक्तदाताओं ने रक्तदान कर मानवता का परिचय दिया। रक्तदान के पश्चात एसोसिएशन के अध्यक्ष ह्लब्लड मैनह्व निर्मल जैन ने सभी रक्तदाताओं को साधुवाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सभी रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित भी किया गया। निर्मल जैन ने कहा कि नियमित रक्तदान करने से रक्तचाप नियंत्रण में रहता है तथा कई प्रकार की बीमारियों से बचाव संभव है। उन्होंने सभी स्वस्थ व्यक्तियों से नियमित रक्तदान करने की अपील करते हुए कहा कि इससे न केवल शरीर स्वस्थ रहता है, बल्कि जरूरतमंदों की जान बचाने में भी मदद मिलती है। शिविर को सफल बनाने में एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्मल जैन, महासचिव विनीत छाबड़ा, कोषाध्यक्ष विनीत अग्रवाल, कार्यकारिणी सदस्य सूरज जैन, रौनक जैन एवं पुनीत सिंह के साथ मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों, टेक्नीशियन एवं कर्मचारियों का विशेष सहयोग रहा।

### देश के सबसे महान संगठनों में एक है लायंस क्लब : गवर्नर प्रदीप खेतान

**जमालपुर/मुंगेर (नबिटासं)।** लायंस क्लब जमालपुर लौहनगरी शाखा के कार्यों की समीक्षा पटना से पहुंचे डिस्ट्रिक्ट गवर्नर प्रदीप खेतान ने करते हुए क्लब के कार्यों की जमकर प्रशंसा किए। ऑफिशल विजिट एवं बैठक में उपस्थित क्लब के पदाधिकारी सदस्यों को बताते हुए श्री खेतान ने कहा कि लायंस क्लब दुनिया की सबसे चर्चित क्लब है। इसका सदस्य होना अपने आप में एक गौरव की बात है। 108 साल पुराना यह क्लब में लगभग 14 हजार मेंबर है। जिसे 15 हजार बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसलिए क्लब को मजबूत करने को ज्यादा से ज्यादा लोगों को सदस्यता दिलाना है। जिसमें महिला के साथ युवाओं की भागीदारी पर बल दिया गया। बैठक में उपस्थित नए सदस्यों को डिस्ट्रिक्ट गवर्नर में बैच लगाकर सम्मानित किया। वही क्लब के लायन रंजीत प्रसाद एवं मनीष कुमार को विशेष रूप से गवर्नर द्वारा सम्मानित किया गया। वही पूर्व जिला पर्सन संजय अवस्थी नए सदस्यों को लायंस क्लब के विशेषता एवं नियम कानून के बारे में जानकारी देते हुए समाज में उल्लेखनीय कार्य करने के लिए प्रेरित किया।मौके पर चेयरपर्सन रंजन खेतान, चेयरपर्सन अंजू अवस्थी, जमालपुर क्लब की अध्यक्ष रजनी कुमार, सचिव डॉक्टर कविता आर लाल, जोनल चेयर पर्सन रंजीत प्रसाद, मनीष कुमार, ओम आर्य,सुमन शर्मा, सरिता शर्मा, धीरज कुमार, प्रशांत कुमार,विनय कुमार सहित कई मौजूद थे।

### चित्रकला प्रतियोगिता में 800 स्कूली बच्चों ने लिया भाग

**जमालपुर/मुंगेर (नबिटासं)।** रीना कला केंद्र की ओर से आयोजित इंटर स्कूल चित्रकला प्रतियोगिता का शुभारंभ बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ किया गया। प्रतियोगिता में पूरे जमालपुर के पाठभवन, संत माइकल, नोट्रेडम अकैडमी, संत कोलंबस, सेंट मैरी,सरस्वती विद्या मंदिर सभी विद्यालयों ने प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रतियोगिता में लगभग 800 बच्चों ने भाग लेकर अपनी कला प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।चित्रकला प्रतियोगिता तीन अलग-अलग स्थानों पर आयोजित की गई। जिनमें दलहटा दुर्गा मंदिर,पाठ भवन स्कूल,आर्यन विभाग भवन नयागांव चित्रकला प्रतियोगिता का रिजल्ट 24 तारीख



को प्रकाशित किया जाए। दलहटा दुर्गा मंदिर में प्रतियोगिता में बच्चों ने रंगों और कल्पनाओं के माध्यम से अपनी अद्भुत कला का प्रदर्शन किया।जिसे उपस्थित अभिभावकों एवं अतिथियों ने खूब सराहा। कार्यक्रम में निर्णायक की भूमिका में मोहम्मद इशा, चंचल , रमेश प्रसाद. रूपेश रही. मंजू यदुवंशी. स्वाति कुमारी, लक्ष्मी कुमारी ने निष्पक्ष रूप से बच्चों की कलाकृतियों का मूल्यांकन किया।रीना कला केंद्र के संचालक निशांत सर ने बताया कि संस्था लगातार बच्चों की कला प्रतिभा को आगे बढ़ाने का कार्य कर रही है। इसी क्रम में 20 मई से समर कैंप का आयोजन भी किया जा रहा है। जिसमें ड्राइंग, डांस एवं योग के माध्यम से बच्चों को गर्मी की छुट्टियों में रचनात्मक एवं उपयोगी प्रशिक्षण दिया जाएगा।कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों की प्रतिभा को मंच प्रदान करना एवं कला के प्रति उनका आत्मविश्वास बढ़ाना है। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में शिक्षकों, अभिभावकों एवं सहयोगियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### 20 मई को खुले रहेंगे प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र

**मुंगेर (नबिटासं)।** पूरे देश में 20 मई को दवा दुकानदार एक दिवसीय हड़ताल के मद्देनजर आम लोगों को होनेवाली दिक्कतों को ध्यान रखते हुए प्रधानमंत्री जन औषधि परियोजना के अंतर्गत संचालित सभी जगह के जगह के जन औषधि केंद्र खुले रहेंगे और हड़ताल में शामिल न होते हुए नियमित सेवाएं इन केंद्रों के माध्यम से की जाएगी।यह जानकारी मुंगेर सदर अस्पताल स्थित प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र के संचालक राकेश कुमार ने दी। यह निर्देश फार्मास्यूटिकल्स एंड मेडिकल डिवाइसेज ब्यूरो ऑफ इंडिया की ओर से दिया गया है।यह प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि परियोजना की कार्यान्वयन एजेंसी है। प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना (पीएमबीजेपी) के उत्पाद समूह में 1800 दवाएं, 285 शल्य चिकित्सा उपकरण और उपभोग्य वस्तुएं हैं। ये उत्पाद बाजार की तुलना में 50 प्रतिशत से 90 प्रतिशत तक कम कीमत पर उपलब्ध हैं। सेवा ही इस योजना का संकल्प है और स्वस्थ समाज हमारा लक्ष्य है। गुणवत्तापूर्ण दवाईयों की पहुंच सबको करना है। सस्ती दवाई, अच्छी दवाई और सबके लिए दवाई उपलब्ध कराने का काम किया जा है। मुंगेर जिले में दस से ज्यादा केन्द्र काम कर रहे हैं। राकेश कुमार ने बताया कि हड़ताल के दौरान टकराव की स्थिति उत्पन्न न हो इसे लेकर सदर अस्पताल स्थित जन औषधि केन्द्र के साथ साथ अन्य जन औषधि केन्द्रों के पास विशेष सुरक्षा मुहैया कराने की मांग पुलिस अधीक्षक से की गई है। गौरतलब है किहड़ताल ऑल इंडिया केमिस्ट्स एसोसिएशन और बिहार केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के आह्वान पर आयोजित की जा रही है। ऑनलाइन दवा बिक्री पर रोक लगाने की मांग को लेकर राज्यभर के दवा व्यवसायी अपनी दुकानें बंद रखेंगे।

# अवैध मवेशी कारोबार पर पुलिस की कारवाई, 21 मवेशी जब्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बड़कागांव (हजारीबाग)।** बड़कागांव थाना पुलिस ने अवैध मवेशी कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए थाना क्षेत्र के ऊपर पहाड़ इलाके से 21 मवेशियों को जब्त किया है। मामले में चार कारोबारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार, अवैध रूप से मवेशियों को बाहर ले जाए जाने की गुप्त सूचना थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह को मिली थी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और छापेमारी अभियान चलाया। कार्रवाई के दौरान 20 गाय की बाछियों एवं एक बैल सहित कुल 21 मवेशियों को जब्त कर लिया गया। बताया जा रहा है कि मवेशियों को वध के लिए ले जाया जा रहा था, लेकिन पुलिस की तत्परता से उन्हें सुरक्षित बचा लिया गया।



हालांकि पुलिस कार्रवाई के दौरान अवैध कारोबारी रात के अंधेरे का फायदा उठाकर जंगल की ओर फरार हो गए। पुलिस ने इस मामले में बड़कागांव थाना कांड संख्या 84/26 दर्ज करते हुए सिरमा निवासी मोहम्मद सफी, महुंगाई कला के अलकडीहा निवासी मोहम्मद हफीजुल, मोहम्मद आसिफ तथा मोहम्मद दिलदार को आरोपी बनाया है।

# ऑल इंडिया स्मॉल एंड मीडियम जर्नलिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** ऑल इंडिया स्मॉल एंड मीडियम जर्नलिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन की एक महत्वपूर्ण बैठक गिरिडीह में आयोजित की गई। बैठक में संगठन के नव मनोनीत प्रदेश अध्यक्ष नरेश प्रसाद श्रीवास्तव का भव्य स्वागत एवं सम्मान किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष संजय लाल ने की। इस अवसर पर जिले सहित विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे पत्रकारों, पदाधिकारियों एवं सदस्यों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष नरेश प्रसाद श्रीवास्तव ने संगठन की मजबूती में सदस्यों की भूमिका को अहम बताते हुए कहा, ह्लआपके बदौलत हम हैं, न कि हमारे बदौलत आप हैं। मुझे जो जिम्मेदारी मिली है, उसकी सफलता आप सभी पर निर्भर करती है।ह्व उन्होंने पत्रकारों से निर्भीक होकर अपनी बात रखने और संगठन की कमियों को भी खुलकर सामने लाने की अपील की। उन्होंने कहा कि पत्रकार समाज का सजग प्रहरी है और उसे हर परिस्थिति में निष्पक्षता व साहस के साथ अपनी भूमिका निभानी चाहिए। बैठक में संगठन विस्तार, पत्रकारों की समस्याओं के समाधान, सुरक्षा, सम्मान और अधिकारों की रक्षा को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

# अनियंत्रित ट्रैक्टर की टक्कर से युवक की मौत, मां गंभीर रूप से घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बरही (हजारीबाग) ।** पडरिया-बरही मार्ग पर शनिवार को तेज रफ्तार और अनियंत्रित ट्रैक्टर ने एक बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार 23 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसकी मां गंभीर रूप से घायल हो गईं। मृतक के बड़े भाई को भी हल्की चोटें आई हैं। दुर्घटना के बाद ट्रैक्टर चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। मृतक की पहचान लगनवा शिलाडीह निवासी कपिलदेव पासवान (23), पिता सुखदेव पासवान के रूप में हुई है। घायल महिला की पहचान इंद्रा देवी के रूप में हुई है। घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों की मदद से घायलों और मृतक को अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल महिला को बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार कपिलदेव अपने बड़े भाई विकास पासवान और मां के साथ चंद्रपुर स्थित रिश्तेदार के घर जा रहे थे। इसी दौरान पडरिया-बरही मार्ग पर तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। घटना की सूचना मिलते ही बरही थाना प्रभारी विनोद कुमार पुलिस बल के साथ अस्पताल पहुंचे और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस ट्रैक्टर चालक की तलाश में जुटी है। स्थानीय लोगों ने घटना के लिए प्रशासनिक लापरवाही को जिम्मेदार ठहराया है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में बिना फिटनेस, बिना नंबर और बिना वैध कागजात वाले ट्रैक्टर खुलेआम सड़कों पर दौड़ रहे हैं।

# यूथ विंग ने शुरू किया नारी सेवा अभियान, गौशाला की महिला कर्मियों को बांटे सेनेटरी पैड

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हजारीबाग ब्यूरो ।** महिलाओं को स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से हजारीबाग यूथ विंग ने ह्लनारी सेवा अभियानह्व की शुरूआत की है। अभियान के प्रथम दिन रविवार को हजारीबाग गौशाला परिसर में कार्यरत महिला कर्मचारियों के बीच सेनेटरी पैड का वितरण किया गया। इस दौरान महिलाओं को मासिक धर्म स्वच्छता एवं स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक जानकारियां भी दी गईं।

कार्यक्रम में संस्था की महिला सदस्यों ने महिलाओं से संवाद कर उन्हें स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने और स्वास्थ्य संबंधी सावधानियां अपनाने का संदेश दिया। संस्था ने बताया कि यह अभियान केवल शहर तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि आने



वाले दिनों में विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में भी चलाया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक महिलाओं एवं किशोरियों तक जागरूकता पहुंचाई जा सके। संस्था के संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन एवं अध्यक्ष करण जायसवाल के निर्देश पर आयोजित इस अभियान के प्रथम चरण में 1500 सेनेटरी पैड मंगाए गए हैं, जिनका वितरण विभिन्न क्षेत्रों में किया जाएगा। कार्यक्रम के संचालन के लिए संस्था की ओर से सेजल सिंह, खुशी कुमारी एवं प्रज्ञा कुमारी को संयोजिका बनाया गया है। संस्था के संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने कहा कि महिलाओं का स्वास्थ्य और स्वच्छता समाज की सबसे बड़ी जरूरत है और संस्था इसी सोच के साथ लगातार जागरूकता अभियान चला रही है।

वहीं अध्यक्ष करण जायसवाल ने कहा कि महिलाओं का स्वास्थ्य, सम्मान और जागरूकता एक सशक्त समाज की पहचान है। उन्होंने कहा कि आज भी कई महिलाएं स्वास्थ्य एवं स्वच्छता से जुड़ी जरूरी जानकारियों से वंचित हैं, ऐसे में यह अभियान महिलाओं को जागरूक करने के साथ-साथ उनमें आत्मविश्वास बढ़ाने का भी प्रयास है। कार्यक्रम संयोजिका सेजल सिंह ने कहा कि अभियान का उद्देश्य केवल सेनेटरी पैड उपलब्ध कराना नहीं, बल्कि महिलाओं को स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक बनाना भी है। उन्होंने बताया कि आने वाले दिनों में इस अभियान को और व्यापक स्तर पर चलाया जाएगा।

# वट सावित्री पूजा में चेन छिनतई करने वाले दो अपराधी गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हजारीबाग ब्यूरो ।** वट सावित्री पूजा-2026 के दौरान पूजा व्रतियों की सुरक्षा को लेकर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत हजारीबाग पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। कोर्रा थाना क्षेत्र में विनोबा भावे विश्वविद्यालय के पास महिला से मंगलसूत्र छिनतई करने वाले दो अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार, 17 मई 2026 को स्कूटी संख्या खल्-02इळ-4669 पर सवार दो अपराधियों ने चलती स्कूटी से पति-पत्नी को निशाना बनाया। पीछे बैठी महिला के गले से झपट्टा मारकर मंगलसूत्र छीन लिया गया। घटना के बाद आरोपी भागने का प्रयास कर रहे थे, लेकिन होली क्रॉस स्कूल के पास पहले से चल रही वाहन जांच के कारण उनकी योजना विफल हो गई।



ट्रैफिक पुलिस एवं स्थानीय लोगों की मदद से एक आरोपी को मौके पर ही पकड़ लिया गया। सूचना मिलने पर कोर्रा थाना पुलिस वहां पहुंची और पकड़े गए युवक की पहचान अरबाज खान, पिता सहजाद खान, निवासी पगमिल, थाना लोहसिंगना के रूप में हुई। तलाशी के दौरान उसके पास से छीना गया मंगलसूत्र बरामद किया गया। पूछताछ में अरबाज खान ने बताया कि घटना में प्रयुक्त स्कूटी उसके दोस्त अहमद रजा उर्फ आर्यन की है और वह अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर चेन छिनतई की घटनाओं को अंजाम देता है। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने दूसरे अभियुक्त अब्दुल रहमान (23 वर्ष), निवासी फ्रेंड्स कॉलोनी, पगमिल को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया।

# जनसेवा ट्रेन से उतरकर भाग रहा ब्राउन शुगर तस्कर गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जमालपुर (मुंगेर)।** आरपीएफ एवं सीआईबी टीम को बड़ी सफलता मिली है। भागलपुर-मुजफ्फरपुर जनसेवा इंटरसिटी ट्रेन से उतरकर भागने की कोशिश कर रहे एक युवक को गिरफ्तार कर उसके पास से चार पुड़िया ब्राउन शुगर बरामद की गई है। सीआईबी के इंस्पेक्टर एसके सुधा ने बताया कि वे अपनी टीम के साथ जनसेवा ट्रेन में सर्च अभियान चला रहे थे, ट्रेन जब जमालपुर स्टेशन के प्लेटफार्म पहुंचने वाली थी तभी चलती ट्रेन में ही रेलवे बड़ी पुल के नीचे युवक उतरकर तेजी से निकलने लगा।

स्पेशल टीम को युवक की गतिविधि संदिग्ध लगी। संदेह होने पर टीम ने तत्काल उसका पीछा



किया और कुछ दूरी पर पकड़ लिया। उन्होंने बताया कि तलाशी लेने पर युवक के पास से चार पुड़िया ब्राउन शुगर बरामद हुई जो भागलपुर के नाथनगर से बराबर लाया करता था।गिरफ्तार तस्कर की पहचान जमालपुर थाना क्षेत्र के सदर बाजार निवासी स्वर्गीय गोपाल पटवा के पुत्र अमृत कुमार के रूप में हुई है। बरामद मादक पदार्थ को जब्त कर आरोपी को हिरासत में ले लिया गया। आरपीएफ के सहायक सुरक्षा आयुक्त हीरा प्रसाद सिंह ने बताया कि ट्रेनों और रेलवे स्टेशनों पर अवैध सामानों की बरामदगी को लेकर विशेष जांच अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत शराब, ब्राउन शुगर एवं अन्य नशीले पदार्थों की तस्करी पर विशेष नजर रखी जा रही है। उन्होंने कहा कि गिरफ्तार तस्कर से गहन पूछताछ की जा रही है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि ब्राउन शुगर कहां से खरीदी गई थी और जमालपुर में किसे सप्लाई की जानी थी।

# जनता ही असली सांसद और केंद्रीय मंत्री : ललन सिंह

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुंगेर।** जिले के सांसद सह केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने शनिवार को कहा कि मुंगेर का सांसद और केंद्रीय मंत्री वह नहीं, बल्कि यहां की जनता है। वह जनता के सेवक बनकर काम करते हैं और जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरना ही उनकी प्राथमिकता है। केंद्रीय मंत्री पोलो मैदान में खिलाड़ियों के लिए अत्याधुनिक फुटबाल टर्फ मैदान तथा जिला परिषद परिसर में सजावट और सुंदरीकरण का शुभारंभ करने पहुंचे थे।

कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा कि खेल के क्षेत्र में बेहतर आधारभूत संरचना तैयार होने से जिले के खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का बड़ा अवसर

**पोलो मैदान में फुटबाल टर्फ और जिला परिषद सौदर्यीकरण का शुभारंभ**



मिलेगा। अब मुंगेर के खिलाड़ी भी आधुनिक सुविधाओं के बीच अभ्यास कर सकेंगे। ललन सिंह ने कहा कि एनडीए सरकार में विकास कार्यों की गति तेज हुई है। सड़क, स्वास्थ्य, खेल, शिक्षा और शहरी विकास समेत हर क्षेत्र में लगातार काम हो रहा है। सरकार का लक्ष्य गांव से शहर तक मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि बिहार में कानून का राज कायम है और अपराध पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया गया है। कार्यक्रम के दौरान पोलो मैदान और जिला परिषद परिसर में मौजूद लोगों ने विकास योजनाओं को लेकर केंद्रीय मंत्री का स्वागत किया। इस दौरान मेयर कुमकुम देवी, जमालपुर विधायक नचिकेता मंडल, जिलाधिकारी निखिल धनराज निप्पाणीकर, नगर आयुक्त पार्थ गुप्ता, जदयू जिलाध्यक्ष सौरव निधि, डीडीसी अजीत कुमार सहित अन्य पदाधिकारी थे।

# देश में बढ़ती महंगाई की जिम्मेदार है मोदी सरकार : नरेंद्र

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जमालपुर (मुंगेर)।** केंद्र सरकार द्वारा पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी करने के के सवाल पर इंडियन एक्सक्लूसिव पार्टी के जिला कार्यालय दौलतपुर जमालपुर में एक आवश्यक बैठक नेता कार्यकताओं की हुई। जिलाध्यक्ष एवं पूर्व प्रत्याशी नरेंद्र ताती के अध्यक्षता में आयोजित बैठक के माध्यम से जिलाध्यक्ष ने कहा पेट्रोल-डीजल की कीमतों में उछाल यह केंद्र सरकार के सफलता का परिचायक है। चुनाव के बाद बार-बार केंद्र सरकार पेट्रोल डीजल सहित गैस के दामों में बढ़ोतरी कर आम जनता को महंगाई के बोझ तले दबाने का काम करती आई है। आम जनता पर आई महंगाई के इस बोझ



आम हो या खास सभी लोग परेशान है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री ने आभूषण सहित विदेश यात्रा एवं ईंधन का इस्तेमाल कम करने का जो सलाह दिया है यह तो पहले उन पर लागू होना चाहिए। महंगाई को बढ़ावा देने वाली केंद्र एवं बिहार की सरकार पूर्ण रूप से जिम्मेदार है। बैठक में प्रवक्ता तारिणी ताती, किरण देवी, मंजू देवी, बबलू सर, विनोद तांती बृजमोहन ताती, शंकर ताती, मनोज ताती सहित कई मौजूद थे।

# रांची के 64 केंद्रों पर शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई जेपीएससी बैकलॉग पीटी परीक्षा



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची**। झारखंड लोक सेवा आयोग की ओर से आयोजित बैकलॉग भर्ती परीक्षा 2025 की प्रारंभिक परीक्षा (पीटी) रविवार को रांची के 64 परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गई। कुल 45 पदों के लिए आयोजित इस परीक्षा में लगभग 30 हजार परीक्षार्थी शामिल हुए। परीक्षा दो पालियों में आयोजित की गई थी।

**व्यापक सुरक्षा व्यवस्था**

परीक्षा समाप्त होने के बाद केंद्रों के बाहर अभ्यर्थियों की भीड़ देखने को मिली। कई परीक्षार्थी प्रश्नपत्र के स्तर और संभावित कटऑफ को लेकर चर्चा करते नजर आए। प्रशासन और आयोग की ओर से परीक्षा को कदाचारमुक्त और व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने के लिए व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई थी।

**सभी केंद्रों पर पुलिस बल और दंडाधिकारियों की तैनाती**

परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर के दायरे में भारतीय न्याय संहिता की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू रही। परीक्षा के दौरान पांच या उससे अधिक लोगों के एकत्र होने पर रोक लगाई गई थी। सभी केंद्रों पर पुलिस बल और दंडाधिकारियों की तैनाती की गई थी।

**अभ्यर्थियों ने व्यवस्था को बताया संतोषजनक**

केंद्रों में प्रवेश से पहले अभ्यर्थियों की सघन जांच की गई। मोबाइल फोन, स्मार्ट वॉच और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों पर पूरी तरह प्रतिबंध रहा। आयोग की गाइडलाइन के अनुसार ही परीक्षार्थियों को केंद्र में प्रवेश दिया गया। परीक्षा देकर बाहर निकले अभ्यर्थियों ने परीक्षा व्यवस्था को संतोषजनक बताया।

परीक्षार्थी राजन ने कहा कि परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। प्रशासन की ओर से सुरक्षा और जांच की व्यवस्था काफी बेहतर थी। उन्होंने कहा कि प्रश्नपत्र का स्तर सामान्य से मध्यम रहा और प्रतियोगिता काफी कड़ी होने वाली है।

वहीं परीक्षार्थी निधि सिंह ने कहा कि केंद्रों पर अनुशासन बनाए रखा गया था। प्रवेश प्रक्रिया में थोड़ी सख्ती जरूर थी लेकिन इससे परीक्षा की पारदर्शिता सुनिश्चित हुई। उन्होंने कहा कि लंबे समय के बाद भर्ती परीक्षा होने से अभ्यर्थियों में उत्साह देखा गया है। परीक्षार्थी अरुणा पाल ने बताया कि बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों के बावजूद परीक्षा केंद्रों पर व्यवस्था अच्छी रही। उन्होंने उम्मीद जताई कि आयोग जल्द ही पारदर्शी तरीके से आगे की प्रक्रिया पूरी करेगा। प्रशासन की ओर से पूरे दिन परीक्षा केंद्रों की निगरानी की जाती रही, जिससे परीक्षा शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से संपन्न हो सकी।

# मलमास मेला भारत की संस्कृति और सामाजिक समरसता का विराट उत्सव : श्रवण कुमार



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। राजगीर में आयोजित मलमास मेला-2026 के उद्घाटन समारोह में बिहार सरकार के ग्रामीण विकास एवं सूचना एवं जन-संपर्क विभाग के मंत्री तथा जनता दल (यूनाइटेड) विधायक दल के नेता श्रवण कुमार ने भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने मलमास मेला को केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि भारत की प्राचीन संस्कृति, अध्यात्म, सामाजिक समरसता और लोक परंपराओं का भव्य उत्सव बताया। मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि राजगीर की पावन धरती सदियों से ज्ञान, तप, त्याग और शांति का संदेश देती रही है। उन्होंने कहा कि मलमास मेला बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को देश-दुनिया तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम है। साथ ही यह राज्य के पर्यटन क्षेत्र को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। मंत्री ने बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सराहना करते हुए कहा कि उनके प्रयासों से इस ऐतिहासिक मेले को राजकीय स्वरूप मिला, जिससे इसकी गरिमा और भव्यता में अभूतपूर्व वृद्धि हुई। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की पहल से मलमास मेला आज एक बड़े सांस्कृतिक और धार्मिक आयोजन के रूप में स्थापित हो चुका है। श्रवण कुमार ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार द्वारा मेले में आने वाले लाखों श्रद्धालुओं की सुरक्षा, यातायात, आवास और अन्य सुविधाओं के लिए लगातार बेहतर व्यवस्था की जा रही है। प्रशासन की ओर से सभी आवश्यक तैयारियों को प्राथमिकता दी गई है। मंत्री ने राजगीरवासियों से अपील की कि इस ऐतिहासिक मेले की गरिमा बनाए रखने के लिए प्रेम, भाईचारे और सामाजिक सद्भाव को कायम रखें।

# केसौरिया घटना को लेकर तेजस्वी यादव से मिला राजद प्रतिनिधिमंडल, न्याय की उठाई मांग



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। जिले के नारदीगंज प्रखंड अंतर्गत केसौरिया गांव में हुई घटना को लेकर राष्ट्रीय जनता दल का एक प्रतिनिधिमंडल नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने घटना की विस्तृत जानकारी देते हुए पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने तथा दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग उठाई। पटना में हुई इस मुलाकात में राजद नेता एवं पूर्व लोकसभा प्रत्याशी श्रवण कुशवाहा, जिला अध्यक्ष उदय यादव, महिला जिला अध्यक्ष रेणु सिंह, राजकुमार यादव, रजौली विधानसभा की पूर्व प्रत्याशी पिंकी भारती समेत कई नेता मौजूद रहे। नेताओं ने कहा कि केसौरिया गांव की घटना से इलाके के लोगों में काफी आक्रोश है और लोग निष्पक्ष जांच की मांग कर रहे हैं। प्रतिनिधिमंडल ने तेजस्वी यादव को बताया कि घटना के बाद पीड़ित परिवार खुद को असुरक्षित महसूस कर रहा है। उन्होंने प्रशासन से पीड़ित परिवार को सुरक्षा उपलब्ध कराने और दोषियों की जल्द गिरफ्तारी सुनिश्चित करने की मांग की। नेताओं ने यह भी कहा कि मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए ताकि सच्चाई सामने आ सके और किसी निर्दोष के साथ अन्याय न हो।

नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुना और भरोसा दिलाया कि पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए हरसंभव प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखना सरकार की जिम्मेदारी है और इस प्रकार की घटनाएं चिंताजनक हैं। मुलाकात के बाद राजद नेताओं ने कहा कि पार्टी पूरी मजबूती के साथ पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि दोषियों पर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो पार्टी आंदोलन करने को बाध्य होगी। इस मुलाकात के बाद जिले की राजनीतिक सरगर्मी भी तेज हो गई है।

# नालंदा विश्वविद्यालय में शास्त्रार्थ 2026' के माध्यम से प्राचीन बौद्धिक परंपरा का पुनर्जीवन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। नालंदा विश्वविद्यालय अपने तृतीय स्नातकोत्सव (दीक्षांत) समारोह के अवसर पर 17–18 मई को शास्त्रार्थ 2026 का आयोजन कर रहा है। यह आयोजन प्राचीन नालंदा महाविहार की समृद्ध बौद्धिक परंपरा को समकालीन अकादमिक जीवन में पुनर्स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। विश्वविद्यालय ने पहली बार शास्त्रार्थ की प्राचीन परंपरा को औपचारिक रूप से अपने शैक्षणिक कैलेंडर में स्थान दिया है। यह पहल गुरु-शिष्य परंपरा की उस जीवंत भावना को पुनर्स्थापित करने का प्रयास है, जिसमें सार्थक बौद्धिक संवाद, तार्किक चिंतन और शोधपरक विमर्श के माध्यम से ज्ञान की गहराई और अकादमिक उत्कृष्टता को विकसित किया जाता है। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा अपने शोध का सार्वजनिक प्रतिरक्षण तथा विद्वत् संवाद आयोजित किए गए, जिनमें गंभीर अकादमिक विमर्श और तार्किक संवाद की समृद्ध परंपरा देखने को मिली। वर्तमान में भी विभिन्न विषयगत शास्त्रार्थ सत्र जारी हैं। कार्यक्रम का मूल उद्देश्य भारतीय चिंतन परंपरा में निहित तर्क, प्रमाण, संवाद और सत्य की खोज की परंपरा को आधुनिक अकादमिक पद्धति के साथ पुनर्जीवित करना है। उद्घाटन समारोह की शुरुआत स्नातक मंगल गान के साथ हुई, जिसके पश्चात कुलपति प्रोफेसर सचिन चतुर्वेदी ने उद्घाटन संबोधन दिया। "शास्त्रार्थ की परंपराः इतिहास, व्यवहार और समकालीन प्रासंगिकता" विषय पर आयोजित विशेषज्ञ पैनल में भारतीय ज्ञान परंपरा के विविध आयामों से जुड़े प्रतिष्ठित विद्वानों और चिंतकों ने सहभागिता की। औपचारिक स्नातकोत्सव समारोह 19 मई को आयोजित होगा, जिसमें स्नातक विद्यार्थियों को प्राचीन नालंदा परंपरा की भावना के साथ उपाधियां प्रदान की जाएंगी।

# सदर अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर से मारपीट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। सदर अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में रविवार को ड्यूटी कर रहे डॉक्टर के साथ मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। घटना के बाद अस्पताल परिसर में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। पीड़ित डॉक्टर ने मामले की शिकायत नगर थाना में दर्ज कराई है, जिसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपित युवक को हिरासत में ले लिया। जानकारी के अनुसार सदर अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में डॉ. श्रीकांत प्रसाद ड्यूटी पर तैनात थे। इसी दौरान एक मरीज इलाज कराने के लिए अस्पताल पहुंचा। इलाज के क्रम में किसी बात को लेकर मरीज और डॉक्टर के बीच कहासुनी हो गई। आरोप है कि मरीज ने डॉक्टर के साथ गाली-गलौज करते हुए अभद्र व्यवहार किया। जब डॉक्टर ने इसका विरोध किया तो आरोपी ने उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। घटना के बाद अस्पताल कर्मियों और अन्य लोगों ने बीच-बचाव कर स्थिति को शांत कराया। मारपीट की सूचना तुरंत नगर थाना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और आरोपित युवक को हिरासत में लेकर थाना ले गई। फिलहाल पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। घटना को लेकर अस्पताल कर्मियों में आक्रोश देखा जा रहा है। स्वास्थ्यकर्मियों ने अस्पताल में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है ताकि ड्यूटी के दौरान डॉक्टरों और कर्मचारियों के साथ इस तरह की घटनाएं दोबारा न हों। वहीं पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और दोषी के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# बिहार अराजपत्रित प्रारंभिक शिक्षक संघ की नवादा जिला का चुनाव संपन्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। बिहार अराजपत्रित प्रारंभिक शिक्षक संघ के जिला स्तरीय चुनाव का आयोजन रविवार को प्रोजेक्ट इंटर विद्यालय परिसर में शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। चुनाव संघ द्वारा नामित चुनाव पदाधिकारी एवं पर्यवेक्षक की देखरेख में आयोजित किया गया। चुनाव के बाद विभिन्न पदों पर निर्वाचित पदाधिकारियों की सूची जारी की गई। जारी सूची के अनुसार अध्यक्ष पद पर अशोक नाथ राय को निर्वाचित घोषित किया गया, जबकि प्रधान सचिव पद की जिम्मेदारी रंजीत कुमार को मिली। वहीं कोषाध्यक्ष पद पर अविनाश कुमार का चयन किया गया। उपाध्यक्ष पद पर संजय कुमार विद्यार्थी, गुलाम दस्तगीर खां, डॉ. शशिकांत सिन्हा, संजय कुमार, राजेश कुमार तथा सत्येंद्र कुमार पाण्डेय निर्वाचित हुए। उप सचिव पद पर जमशेद मेहंदी काजमी एवं संजय कुमार सुमन को चुना गया। संयुक्त सचिव के रूप में पुष्कर कुमार अरुण और अवधेश कुमार पासवान को जिम्मेदारी सौंपी गई। कार्यालय सचिव पद पर विजय कुमार एवं सुरेंद्र कुमार का चयन हुआ। संगठन सचिव के रूप में ज्ञानचंद दास तथा धर्मेंद्र कुमार निर्वाचित हुए। इसके अलावा अंकेक्षक पद पर नवल किशोर प्रसाद को चुना गया। प्रवक्ता पद पर महेश प्रसाद यादव एवं डॉ. गोपाल प्रसाद को जिम्मेदारी मिली। मीडिया प्रभारी के रूप में दयानंद सिंह और राजू रंजन कुमार का चयन किया गया। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में सुरेश कुमार, अरविंद कुमार, विनोद कुमार, प्रिंस कुमार, अनिल कुमार, आनंदी कुमार तथा हिमांशु शेखर राय को निर्वाचित घोषित किया गया। चुनाव संपन्न होने के बाद शिक्षकों में उत्साह का माहौल देखा गया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने संघ की मजबूती, शिक्षकों की समस्याओं के समाधान तथा शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए मिलकर कार्य करने का भरोसा दिलाया।

# संदिग्ध स्थिति में महिला की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हिलसा (नालंदा)**। हिलसा थाना क्षेत्र के सैदनपुर गांव में शनिवार की रात एक विवाहिता की संदिग्ध स्थिति में मौत हो गई। मृतका की पहचान गांव निवासी विकास कुमार की 26 वर्षीया पत्नी स्वीटी कुमारी के रूप में हुई है। बताया जाता है कि करीब छह वर्ष पूर्व स्वीटी कुमारी की शादी विकास कुमार से प्रेम विवाह के रूप में हुई थी। शादी के बाद वह ससुराल में रह रही थी और उसके दो बच्चे हैं, जिनमें एक पुत्र व एक पुत्री शामिल हैं। मायके पक्ष का आरोप है कि कुछ दिनों से ससुराल पक्ष द्वारा महिला के साथ मारपीट व प्रताड़ना की जा रही थी। शनिवार रात महिला की संदिग्ध स्थिति में मौत होने के बाद सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल भेज दिया। रविवार सुबह मायके पक्ष के लोगों ने घर पर पहुंचकर तोड़फोड़ की जिससे लाखों रुपये की संपत्ति क्षतिग्रस्त कर दिया तथा हिलसा-योगीपुर मार्ग पर शव रखकर करीब आधे घंटे तक प्रदर्शन किया।

# मलमास मेला में 'दीदी की रसोई' का शुभारंभ



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। राजकीय मलमास मेला-2026 के उद्घाटन अवसर पर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी तथा ग्रामीण विकास सह सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री श्रवण कुमार ने संयुक्त रूप से 'जीविका दीदी की रसोई' का फीता काटकर शुभारंभ किया। जिलाधिकारी कुंदन कुमार ने बताया कि मलमास मेला के दौरान जीविका दीदियों के आर्थिक सशक्तिकरण को ध्यान में रखते हुए पूरे मेला क्षेत्र में 25 चिन्हित स्थानों पर 'दीदी की रसोई' स्थापित की गई है। इस पहल से बड़ी संख्या में जीविका समूह से जुड़ी महिलाओं को प्रत्यक्ष रोजगार का अवसर मिला है। 'दीदी की रसोई' में श्रद्धालुओं के लिए मात्र 35 रुपये प्रति प्लेट की दर से शुद्ध एवं स्वादिष्ट भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है, जिसमें पांच रोटी, सब्जी, अचार और मिर्च शामिल है। इससे मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को सुलभ और किफायती भोजन की सुविधा मिल रही है। साथ ही, श्रद्धालु भोजन के बाद आवासन स्थल पर निःशुल्क विश्राम भी कर सकते हैं। इस पहल की खास बात यह है कि इसमें संपूर्ण कार्य श्रृंखला में जीविका दीदियों की भागीदारी सुनिश्चित की गई है। भोजन पत्तों से बने पत्तल में परोसा जा रहा है, जिसे भी जीविका समूह की महिलाएं तैयार कर रही हैं। इसके अलावा मसाले की तैयारी से लेकर आटा चक्की मिल तक, हर स्तर पर दीदियों की सक्रिय भूमिका है। जिला प्रशासन का उद्देश्य है कि अधिक से अधिक जीविका दीदियों को रोजगार से जोड़ा जाए और उन्हें आत्मनिर्भर बनाया जाए। 'दीदी की रसोई' न केवल श्रद्धालुओं को सुविधा प्रदान कर रही है, बल्कि ग्रामीण महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में भी एक सशक्त पहल बनकर उभरी है।

# भाजपा की पूर्व प्रदेश मंत्री डॉ. पूनम शर्मा ने सम्राट चौधरी से की मुलाकात



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। भाजपा की पूर्व प्रदेश मंत्री डॉ. पूनम शर्मा ने शनिवार को बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से मुलाकात कर जिले के विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। करीब आधे घंटे तक चली इस मुलाकात के दौरान क्षेत्र की आधारभूत सुविधाओं, विकास योजनाओं और जनसमस्याओं को लेकर बातचीत हुई। जानकारी के अनुसार डॉ. पूनम शर्मा ने मुख्यमंत्री के समक्ष जिले में सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल तथा अन्य जनहित से जुड़े मुद्दों को उठाया। उन्होंने कहा कि जिले के कई क्षेत्रों में अब भी मूलभूत सुविधाओं की आवश्यकता है, जिस पर सरकार को प्राथमिकता के आधार पर काम करने की जरूरत है। मुलाकात के दौरान उन्होंने महिलाओं के विकास, युवाओं के रोजगार और ग्रामीण क्षेत्रों में विकास योजनाओं को तेजी से लागू करने पर भी जोर दिया। डॉ. शर्मा ने मुख्यमंत्री से जिले में चल रही योजनाओं की समीक्षा कर उन्हें और प्रभावी तरीके से लागू कराने का आग्रह किया। बताया जा रहा है कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने उनकी बातों को गंभीरता से सुना और विकास से जुड़े मुद्दों पर आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के सभी जिलों के संतुलित विकास के लिए लगातार काम कर रही है और जनहित से जुड़े मामलों को प्राथमिकता दी जा रही है। मुलाकात के बाद डॉ. पूनम शर्मा ने कहा कि जिले के विकास और आम लोगों की समस्याओं को सरकार तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने उम्मीद जताई कि आने वाले समय में जिले में विकास कार्यों को और गति मिलेगी। इस मुलाकात को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं में भी उत्साह देखा गया।

# राजगीर-हावड़ा एक्सप्रेस को सांसद ने दिखाई हरी झंडी




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ**। राजगीर राजकीय मलमास मेला को लेकर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए 03029 राजगीर-हावड़ा एक्सप्रेस को सांसद कौशलेंद्र कुमार ने राजगीर रेलवे स्टेशन से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उद्घाटन समारोह में पत्रकारों से बातचीत करते हुए सांसद कौशलेंद्र कुमार ने कहा कि तीन वर्षों में लगने वाला यह ऐतिहासिक मलमास मेला देशभर के श्रद्धालुओं के लिए आस्था का केंद्र है। उन्होंने कहा कि हावड़ा एवं पश्चिम बंगाल से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए यह ट्रेन मील का पत्थर साबित होगी और लोग सुगमता से राजगीर पहुंचकर मलमास मेला का आनंद ले सकेंगे। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में पावापुरी-नवादा, बख्तियारपुर-तिलैया रेलखंड के दोहरीकरण सहित रेलवे से जुड़े कई महत्वपूर्ण कार्य किए जाएंगे, जिससे यात्रियों को बेहतर सुविधा मिलेगी। सांसद ने राजगीर रेलवे स्टेशन परिसर में बनाए गए टेंट सिटी का भी निरीक्षण किया तथा दूसरे जिलों से आए श्रद्धालुओं से बातचीत कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली। श्रद्धालुओं ने राजगीर में की गई व्यवस्थाओं पर संतोष जताया। उन्होंने कहा कि मलमास मेला के दौरान यदि किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न होती है तो जिला प्रशासन उसके समाधान के लिए पूरी तरह तत्पर है।

# दो युवक साइबर ठगी करते गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। वारिसलीगंज पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के दरियापुर सकरी नदी पुल से उतर पश्चिम बगीचा में छापेमारी की गई। इस दौरान ठगी करते दो युवकों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार ठग आरोपितों की पहचान थाना क्षेत्र के सौर पंचायत की सबैया ग्रामीण महेश सिंह का पुत्र अभिषेक कुमार तथा रविन्द्र सिंह का पुत्र सुमन कुमार के रूप में हुई। दोनों ठगों के पास से दो डी. एंड्रॉयड मोबाइल फोन तथा एक पेज का कस्टमर डेटा शीट बरामद किया गया है। प्रेसवार्ता के दौरान थानाध्यक्ष पंकज कुमार सैनी ने कहा कि गिरफ्तार आरोपित कुरियर कंपनी एवं विभिन्न प्रकार का सस्ते ऋण उपलब्ध करवाने का प्रलोभन देकर देश के विभिन्न हिस्से के भोले भाले लोगो को अपने जाल में फसाते है। जिससे विभिन्न किस्तों में बैंक खाता में राशि मंगवाकर एटीएम से निकासी कर लेते है। बताया गया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में साइबर अपराध के खिलाफ सघन अभियान चलाया जा रहा है। गिरफ्तारी अभियान पुलिस टीम में थानाध्यक्ष के अलावे पुसअनि धर्मनाथ प्रसाद, पुसअनि कन्हैया जी सिंह तथा पुसअनि पप्पु कुमार शामिल रहे।

# अज्ञात वृद्ध का शव बरामद, पहचान में जुटी पुलिस




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। रफीगंज पुलिस ने रविवार को थाना क्षेत्र के पोगर बड़की नहर के समीप से एक अज्ञात वृद्ध व्यक्ति का शव बरामद किया है। शव मिलने की सूचना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई।

स्थानीय लोगों द्वारा घटना की जानकारी पुलिस को दी गई, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया शुरू कर दी। रविवार संध्या 7 बजे तक समाचार लिखे जाने तक मृतक की पहचान नहीं हो सकी थी। रफीगंज थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि मृतक वृद्ध व्यक्ति ब्लू रंग की लूंगी एवं सफेद रंग की गंजी पहने हुए था। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर शव की पहचान कराने में जुटी हुई है। पुलिस ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट खुलासा हो सकेगा। वहीं शव मिलने की घटना के बाद स्थानीय लोगों में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं।

# श्रद्धालुओं की सुरक्षा व सुविधाएं सर्वोपरि : सम्राट







**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। नालंदा जिले के राजगीर में आयोजित मलमास मेला-2026 का रविवार को मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने विधिवत उद्घाटन किया। ब्रह्मकुंड परिसर में मंत्रोच्चार के बीच पूजा-अर्चना करने के बाद उन्होंने महाआरती में भाग लिया तथा यज्ञशाला के समीप संतों के साथ ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर जगतगुरु रामानुजाचार्य स्वामी बासुदेवाचार्य श्री भास्कर समेत कई संत-महात्मा उपस्थित रहे। उद्घाटन के बाद मुख्यमंत्री ने मेले में श्रद्धालुओं के लिए की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को भीड़ प्रबंधन, सुरक्षा, पेयजल, आवासन, खान-पान और स्वास्थ्य सेवाओं को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। ब्रह्मकुंड के पास नव नालंदा सेवा भारतीय नालंदा द्वारा आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन करते हुए उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की सेवा भाव से मदद करना और उनके स्वास्थ्य का ध्यान रखना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री का स्वागत राजगीर तपोवन तीर्थ रक्षार्थ पंडा समिति एवं जिलाधिकारी कुंदन कुमार ने प्रतीक चिन्ह और अंगवस्त्र भेंटकर किया। उन्होंने स्टेट गेस्ट हाउस में तैयार आवासन स्थल और 'दीदी की रसोई' का भी उद्घाटन किया, जहां श्रद्धालुओं को सस्ती दर पर शुद्ध भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मलमास मेले में देशभर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं। ऐसी मान्यता है कि इस दौरान 33 करोड़ देवी-देवताओं का निवास यहां होता है। इसलिए यह सुनिश्चित किया जाए कि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो और वे सुखद अनुभव के साथ लौटें। उन्होंने असामाजिक तत्वों पर नजर रखने और आवागमन को सुगम बनाने के निर्देश भी दिए। इसके बाद मुख्यमंत्री ने राजगीर जू-सफारी और नेचर सफारी का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने जू-सफारी की गतिविधियों, नियंत्रण कक्ष, व्याख्या केंद्र और 180 डिग्री थिएटर में प्रदर्शित एनिमेशन फिल्म 'द वाइल्ड कॉल' को देखा, जिसे 16वें दादा साहेब फाल्के फिल्म फेस्टिवल में 'सर्टिफिकेट ऑफ एक्सीलेंस' प्राप्त हुआ है। भ्रमण के दौरान मुख्यमंत्री ने ग्लास ब्रिज से प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लिया और वन्य जीव अस्पताल में सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने सिंह शावक का नामकरण 'लक्ष्मी' किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जू-सफारी और नेचर सफारी पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र हैं, इसलिए इनके रख-रखाव और सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जाए। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी, ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार, पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता, सांसद कौशलेंद्र कुमार, विधायक कौशल किशोर समेत कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

# शादी का भोज खाने से सैकड़ों लोग बीमार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सीतामढ़ी।** जिले के बाजपट्टी प्रखंड क्षेत्र के हरपुरवा गांव में एक शादी समारोह का खुशियों भरा माहौल उस समय हड़कंप में बदल गया, जब भोज खाने से सैकड़ों लोग एक साथ बीमार पड़ गए। मामला हरपुरवा वार्ड संख्या 9 का है, जहां सत्यनारायण भगत के पुत्र विक्रम कुमार की शादी थी। बारात प्रस्थान करने से पहले स्थानीय ग्रामीणों और रिश्तेदारों के लिए दरवाजे पर प्रीतिभोज का आयोजन किया गया था। इस भोज में शामिल होकर खाना खाने वाले लगभग सभी लोगों की तबीयत एक-एक कर बिगड़ने लगी। बीमार लोगों ने बताया कि भोजन करने के कुछ घंटों बाद ही उनके पेट में तेज दर्द शुरू हुआ, जिसके बाद लगातार उल्टी, दस्त और फिर तेज बुखार ने सबको अपनी चपेट में ले लिया।

घटना की भयावहता को देखते हुए जब मीडिया और स्थानीय प्रशासनिक टीम मौके पर पहुंची, तो स्थिति काफी चिंताजनक मिली। स्थानीय सरपंच राजेश कुमार चौधरी सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि भोज खाने वाले हर व्यक्ति की हालत खराब है। स्थिति यह है कि गंभीर रूप से पीड़ित कई मरीजों का इलाज विभिन्न अस्पतालों में चल रहा है, जबकि दर्जनों लोग अपने घरों पर ही डॉक्टरों को बुलाकर सुई, दवा और स्लाइन (पानी) चढ़वाने को मजबूर हैं। पीड़ितों में पूर्व पंचायत समिति सदस्य रामेश्वर मंडल, दीपक कुमार सिंह, संजय भगत, विजय कुमार, प्रिंस कुमार, सोनू कुमार, खेदु भगत, ओमप्रकाश और रवि किशन शामिल हैं। इस फूड प्वाइजनिंग का असर सिर्फ एक गांव तक सीमित नहीं है, बल्कि हरपुरवा के साथ-साथ पड़ोसी गांव भगवानपुर और रिखौली के भी सैकड़ों लोग इसके शिकार हुए हैं।

इस बेहद गंभीर मामले में गृहस्वामी सत्यनारायण भगत का रवैया संदेहास्पद और बेहद गैर-जिम्मेदाराना बना हुआ है। आश्चर्य की बात यह है कि खुद उनके अपने परिवार के लोग भी इस बीमारी से ग्रसित हैं, लेकिन इसके बावजूद वह पूरे मामले पर पर्दा डालने और खुद को बचाने का प्रयास कर रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि पूछने पर भी वह पुपरी के उस किराना दुकानदार का नाम नहीं बता रहे हैं, जहां से भोज की राशन सामग्री आई थी। इतना ही नहीं, भिट्ठा जलालपुर से खाना बनाने आए मुख्य कारीगर (हलवाई) का नाम और पता बताने से भी वह साफ कतरा रहे हैं, जिससे मिलावटी सामान या लापरवाही की जांच में बाधा आ रही है। ग्रामीणों ने यह भी गंभीर आरोप लगाया कि कारीगरों ने आम लोगों को चावल-दाल खिलाया, जबकि खुद के लिए अलग से पूरी-सब्जी बनाकर खाई, जिससे दाल-चावल में खराबी होने का अंदेशा और बढ़ गया है।

मामले की गंभीरता को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग तुरंत हरकत में आया है। बाजपट्टी के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. एपी झा ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि पिछले तीन दिनों से अस्पताल में इस गांव के मरीजों का आना लगातार जारी है, जिनका आपातकालीन स्तर पर इलाज किया जा रहा है। मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रभावित गांव में डॉक्टरों की एक विशेष टीम भेजी गई है, जो वहां कैंप करके लोगों की जांच कर रही है और दवाइयां बांट रही है। डॉ. झा ने स्पष्ट किया कि यह पूरी तरह से 'फूड प्वाइजनिंग' (खाद्य विषाक्तता) का मामला है, जिसका असर दूषित भोजन ग्रहण करने के लगभग 8 घंटे बाद शरीर पर दिखना शुरू हुआ। फिलहाल सभी मरीजों की निगरानी की जा रही है और प्रशासन मामले की तहकीकात में जुट गया है।

## बेटा-बहू ने घोंटा सास का गला

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सीवान।** जिले के आंदर थाना क्षेत्र के हसनपुरवा गांव में रविवार को रिश्तों को शर्मसार कर देने वाली घटना सामने आई। पारिवारिक विवाद में बेटे ने अपनी पत्नी के साथ मिलकर कथित रूप से अपनी ही मां की साड़ी से गला दबाकर हत्या कर दी। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई।

मृतका की पहचान हसनपुरवा गांव निवासी पनपती देवी के रूप में हुई है, जो कन्हैया यादव की पत्नी थीं। बताया जा रहा है कि रविवार सुबह घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना मिलते ही एसडीपीओ गौरी कुमारी सदर अस्पताल पहुंचीं और मृतका के पति कन्हैया यादव से मामले की जानकारी ली।

कन्हैया यादव ने आरोप लगाया कि करीब एक माह पूर्व उनकी पत्नी और बहू रिंकू देवी के बीच विवाद हुआ था। इसी विवाद के बाद विदेश में काम कर रहे उनके पुत्र बबलू यादव ने फोन पर अपनी मां को जान से मारने की धमकी दी थी।

## नक्सली भी हुए हाईटेक, एप के जरिये मांग रहे लेवी

### पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों के सामने नई चुनौती

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** देश के गृह मंत्री अमित शाह ने वर्ष 2026 तक देश को नक्सलवाद मुक्त बनाने का लक्ष्य तय किया है, लेकिन झारखंड में नक्सली संगठन लगातार अपने तौर-तरीकों में बदलाव कर रहे हैं। अब नक्सली पारंपरिक तरीकों को छोड़ तकनीक का सहारा लेते हुए हाईटेक माध्यमों से लेवी वसूली कर रहे हैं, जिससे पुलिस के सामने नई चुनौती खड़ी हो गई है।

ताजा मामला खूंटी जिले का है, जहां नक्सली संगठन कथित तौर पर 'जंगल एप' नामक मोबाइल एप्लीकेशन के जरिए लेवी मांग रहे हैं। पुलिस के अनुसार, इस एप से किए जाने वाले कॉल की लोकेशन और पहचान का पता लगाना बेहद मुश्किल होता है। यही कारण है कि लेवी मांगने वाले नंबरों की ट्रैकिंग में पुलिस को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सूत्रों के मुताबिक, नक्सली संगठन अब संचार और नेटवर्किंग के लिए आधुनिक तकनीकों का तेजी से इस्तेमाल कर रहे हैं, ताकि सुरक्षा एजेंसियों की निगरानी से बचा जा सके। तकनीक के इस बढ़ते इस्तेमाल ने पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों की चिंता बढ़ा दी है। हालांकि, खूंटी पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए कई आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को आशंका है कि अब भी कई लोग इस तरह के एप्लीकेशन का इस्तेमाल कर लेवी वसूली और संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय हैं। ऋषभ गर्ग ने बताया कि गिरफ्तार नक्सली मोबाइल एप्स के जरिए लेवी मांगने के साथ-साथ आपसी संपर्क बनाए रखने का काम कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नक्सलियों की बदलती रणनीति पुलिस के लिए चुनौती जरूर है, लेकिन सुरक्षा एजेंसियां लगातार ऐसे तकनीकी माध्यमों पर नजर रख रही हैं और जल्द ही इसका प्रभावी समाधान निकाल लिया जाएगा।

## मेडिकल एजेंसी में डकैती

### हाथापाई में एजेंसी संचालक जख्मी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** जिले के बिहटा थाना क्षेत्र के चीनी मिल रोड स्थित केसरी मेडिकल एजेंसी में देर रात डकैती की घटना सामने आई है। इस दौरान चोरों और मेडिकल एजेंसी के संचालक संजीव भारती समेत उनके परिवार के सदस्यों के बीच हाथापाई हुई, जिसमें संजीव भारती घायल हो गए।

जानकारी के अनुसार, देर रात कुछ संदिग्ध चोर केसरी मेडिकल एजेंसी में घुस गए। आहट सुनकर घर के लोग जाग गए। जब संजीव भारती ने चोरों का विरोध किया तो दोनों पक्षों के बीच हाथापाई शुरू हो गई। हाथापाई में संजीव भारती को चोटें आई हैं। हालांकि, अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि एजेंसी से कितनी नकदी या कितना सामान चोरी हुआ है।

घटना की सूचना मिलते ही बिहटा थाना प्रभारी अमित कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। फॉरेंसिक साइंस लैब (एफएसएल) की टीम ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है, ताकि चोरों की पहचान की जा सके।

### सीसीटीवी खंगाल रही पुलिस

मेडिकल एजेंसी के संचालक संजीव भारती ने बताया कि परिवार के सदस्यों के जागने के बाद चोरों के साथ उनकी हाथापाई हुई थी। बिहटा थाना प्रभारी अमित कुमार ने रविवार सुबह इस घटना की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि देर रात चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया है और चोरों के साथ परिवार के सदस्यों की हाथापाई भी हुई है। पुलिस मामले की गहन जांच में जुटी हुई है।

## महिला की गला रेतकर हत्या

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भागलपुर।** मधुसूदनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत नवटोलिया भतुआचक में एक महिला की धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी गई। मृतका की पहचान रुक्मिणी देवी (50), पति स्वर्गीय बैद्यनाथ मंडल, निवासी भतुआचक के रूप में हुई है। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। जानकारी के अनुसार, रुक्मिणी देवी घर से करीब 500 मीटर दूर खेत में घास काटने गई थीं। देर तक वापस नहीं लौटने पर उनका बेटा अमित कुमार उन्हें खोजने निकला। मोबाइल की रोशनी में तलाश के दौरान खेत में खून से लथपथ उनकी लाश पड़ी मिली। शव के पास घास का बोझा भी पड़ा था।

सूचना मिलने पर मधुसूदनपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। एफएसएल टीम को भी बुलाया गया। बाद में सिटी एसपी शैलेन्द्र सिंह और सिटी डीएसपी-2 राकेश कुमार घटनास्थल पर पहुंचे और परिजनों से पूछताछ की।

मृतका के बेटे अमित कुमार ने पड़ोस के 4-5 लोगों पर हत्या का आरोप लगाया है।

## गया कॉलेज परिसर में लगेगी राष्ट्रकवि दिनकर की प्रतिमा : प्रो. सतीश सिंह चंद्र




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

गया। गया कॉलेज, गया स्थित प्रेमचंद सभागार में आयोजित राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर स्मृति सह सम्मान समारोह के अंतर्गत दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का समापन रविवार को हुआ। कार्यक्रम के अंतिम दिन विभिन्न सरकारी एवं निजी विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा राष्ट्रकवि दिनकर की रचनाओं का सस्वर पाठ प्रस्तुत किया गया। बच्चों की ओजस्वी प्रस्तुतियों ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं दिनकर रचित पुस्तक हुंकार भेंट स्वरूप प्रदान की गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी संतोषानंद जी महाराज के उद्बोधन से हुआ। उन्होंने ह्लआर्ट ऑफ गिविंगह्व तथा राष्ट्रकवि दिनकर के साहित्यिक योगदान पर विस्तारपूर्वक अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर चिकित्सा क्षेत्र में उल्लेखनीय सेवा के लिए डॉ चौधरी लक्ष्मी नारायण, डॉ अपराजिता कुमारी एवं डॉ बीडी शर्मा को दिनकर सम्मान से सम्मानित किया गया।

संगोष्ठी को संबोधित करते हुए जगजीवन महाविद्यालय, गया के प्राचार्य डॉ सत्येंद्र प्रजापति ने कहा कि इस प्रकार के साहित्यिक आयोजनों से समाज में साहित्य के प्रति रुचि एवं जागरूकता बढ़ती है। पूर्व जिला पार्षद सत्येंद्र नारायण ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज को सकारात्मक दिशा प्रदान करते हैं। वरिष्ठ साहित्यकार डॉ सचिदानंद प्रेमी ने कहा कि साहित्य समाज का आईना होता है तथा राष्ट्रकवि दिनकर की रचनाओं को विश्वविद्यालयों के पाठ्यक्रम में शामिल किया जाना चाहिए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे गया कॉलेज के प्राचार्य प्रो. सतीश सिंह चंद्र ने घोषणा की कि युवाओं को प्रेरित करने हेतु गया कॉलेज परिसर में राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। उनकी इस घोषणा का उपस्थित लोगों ने तालियों की गड़गड़ाहट से स्वागत किया।

आयोजक हिमांशु शेखर ने सरकार से राष्ट्रकवि दिनकर के नाम पर एक विश्वविद्यालय की स्थापना की मांग की। उन्होंने सभी अतिथियों को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

कार्यक्रम का संचालन अबरार आलम एवं ट्विंकल लक्षिता ने संयुक्त रूप से किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन हिमांशु शेखर ने किया। कार्यक्रम में डॉ राम उदय कुमार, सुरेश सिंह, डॉ रुद्र चरण मांझी, शोधार्थी विशाल कुमार, नचिकेता वत्स, बृजमोहन शर्मा, संजय अथर्व, सुनील शर्मा, विजय कुमार मिट्ठू, राकेश कुमार सिन्हा रवि, रिंकू देवी, डॉ राजीव रंजन, प्रो. राजन, डॉ डॉ श्रीधर करुणानिधि, डॉ. सत्येंद्र सिंह चंद्र सहित सैकड़ों लोग उपस्थित हुए।

## दुनिया का सबसे महंगा आम मियाजाकी अब खूंटी में भी

### भारत में 15 हजार तो विदेश में तीन लाख रुपये बिकता है यह आम



**नवबिहार टाइम्स संवाददाा**

रांची। फलों का राजा कहलाने वाला आम अब झारखंड के किसानों के लिए कमाई का बड़ा जरिया बनता जा रहा है। जापान की बेहद चर्चित और दुनिया के सबसे महंगे आमों में शामिल मियाजाकी आम की खेती अब झारखंड के खूंटी जिले के मर्चा और मुरहू क्षेत्र में हो रही है। अपनी खास रंगत, स्वाद और ऊंची कीमत के कारण यह आम देश-विदेश में चर्चा का विषय बना हुआ है।

सामान्य आम जहां हरे या पीले रंग के होते हैं, वहीं मियाजाकी आम का रंग बैंगनी और लाल होता है। यह देखने में बेहद आकर्षक और स्वाद में काफी मीठा माना जाता है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत ढाई लाख से तीन लाख रुपये प्रति किलो तक पहुंच जाती है, जबकि भारत में यह पांच हजार से 15 हजार रुपये प्रति किलो के भाव में बिकता है।

खूंटी की किसान सोबती देवी ने बताया कि इस आम का पौधा ऑनलाइन कोलकाता से मंगवाया गया था। पौधा लगाने के करीब तीन साल बाद इसमें फल आने शुरू हो जाते हैं। उन्होंने बताया कि बगीचे में मियाजाकी के साथ अमेरिकन पाल्मर प्रजाति के आम भी लगाए गए हैं। जून महीने में दोनों किस्म के आम पकते हैं और फल आने से पहले ही व्यापारियों द्वारा इसका ऑक्शन कर लिया जाता है। कई बार बाहर के व्यापारी पूरे बगीचे की खरीदारी कर लेते हैं।

वहीं व्यवसायी सह मुरहू प्रखंड के उप प्रमुख अरुण कुमार साबू ने बताया कि खूंटी के कई किसान महंगे दामों पर पौधे मंगवाकर इसकी खेती कर रहे हैं। हालांकि नक्सल प्रभावित क्षेत्र होने के कारण बाहरी व्यापारी यहां आने से बचते हैं, जिससे किसानों को अपेक्षित लाभ नहीं मिल पाता। उन्होंने कहा कि सरकार यदि ऐसे किसानों को प्रोत्साहन दे तो झारखंड के किसानों की आय में बड़ा इजाफा हो सकता है।

## जेपी लोकतंत्र सेनानी संगठन की राज्य स्तरीय बैठक



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** रविवार को बिहार कोआपरेटिव फेडरेशन, बुद्ध मार्ग, पटना में जेपी लोकतंत्र सेनानी संगठन, बिहार के अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह कुशवाहा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में विभिन्न जिलों से सक्रिय सेनानी साथियों ने भाग लेकर संगठन, जेपी आंदोलनकारियों की आम समस्याओं और समाधान तथा भावी कार्यक्रमों पर चर्चा की।

बैठक में जेपी आंदोलन के अग्रणी नेता सह बिहार सरकार के पूर्व मंत्री श्री बिक्रम कुंवर ने भी शिरकत किया। निर्णय हुआ कि प्रत्येक जिले में संगठन के बैनर तले आगामी 5 जून सम्पूर्ण दिवस तथा 26 जून को आपातकाल विरोधी ₹काला दिवस ₹ के रूप में संगोष्ठी अथवा घरना आयोजित कर जिला जेपी लोकतंत्र सेनानी संगठन के लेटर पैड पर प्रधानमंत्री मंत्री और गृहमंत्री को मांग पत्र का ज्ञापन भेजने का निर्णय लिया गया। जिसमें लोकतंत्र की हिफाजत के लिए संघर्षरत भारत की दूसरी आजादी के लड़ाकों को स्वतंत्रता सेनानियों के अनुरूप सम्मान एवं सुविधाएं उपलब्ध कराई जाए।

## जर्जर पुल से सहमे हैं लोग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**लखीसराय।** प्रखंड के नदी कांही मानिकपुर को कजरा पीरी बाजार से जोड़ने वाला कोनीपर के गोरखे नदी में बनाए जाने वाला पुल का बजट स्वीकृति के एक साल बाद भी निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ।

यहां दशकों से ग्रामीणों के मांग के बाद पूर्व पूर्व सांसद स्व ब्रह्मानंदन मंडल के द्वारा लोहा पुल का निर्माण करवाया गया था। जो पुल जर्जर हो चुका है। पुल की स्थिति ऐसी हो गई कि वाहन का आवागमन तो दूर पैदल व बाइक से गुजरने लोगों का रूह कांप उठता है।

उसके बाद ग्रामीणों ने मुंगेर संसदीय क्षेत्र के सांसद व वर्तमान केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह को लिखित आवेदन देकर पुल निर्माण कराने की मांग की गई थी।

सांसद ने जनसमस्या को देखते हुए लोक सभा चुनाव नम्बर 2025 से पूर्व ही उक्त पुल की जगह पक्का पुल निर्माण कराने के लिए ग्रामीण कार्य विभाग को डीपीआर बनने का निर्देश दिया था। उसके बाद सात करोड़ का बजट बना।

## छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा स्थापना पर सहमति



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शिवाजीनगर।** प्रखंड के राधा कृष्ण मंडल गोविंद गोस्वामी महाविद्यालय के सभागार भवन में छत्रपति शिवाजी महाराज विकास संघ की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में शिवाजीनगर की विकास तथा प्रशासनिक व्यवस्था को लेकर कई अहम मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई।

बैठक का मुख्य विषय शिवाजीनगर में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा स्थापित करने को लेकर रहा। उपस्थित लोगों ने कहा कि शिवाजीनगर का नामकरण और यहां शिक्षा के विकास में राम लखन बाबू की भूमिका रही है। मौके पर मुखिया सह मुखिया संघ अध्यक्ष रामचंद्र सिंह, पूर्व जिला पार्षद डॉ. शिव शंकर मंडल, बीस सूत्री अध्यक्ष संतोष कुमार बबली, समाजसेवी राजेश कुमार सिंह, वीरेंद्र प्रसाद बिरजू, पूर्व बीआरपी बालमुकुंद सिंह, सुनील कुमार सुमन, सुशील कुमार सिंह, नवीन कुमार सिंह, श्याम बाबू सिंह, डॉ. विनोद कुमार सिंह, गोपाल किशन सिंह, सुरेश कुमार सिंह, ललित कुमार सिंह, रमन कुमार, संजीत कुमार सिंह, विजय कुमार सिंह, बैजू राय, घनश्याम राय, पवन कुमार सिंह, गंगा प्रसाद मंडल, नंदकुमार सिंह, रामप्रसाद सिंह, मणिशंकर सिन्हा, अजय कुमार मंडल, रामसागर सिंह, चंदन कुमार राय, प्रो. कुंदेश्वर प्रसाद सिंह, नागेंद्र कुमार सिंह, अमरेंद्र कुमार, प्रमोद कुमार, मनीष कुमार, सुभाष प्रसाद सिंह, रामशंकर प्रसाद सिंह सहित अन्य सैक्रो लोग मौजूद थे।

## घर में घुसे चोरों ने की वृद्धा की पीट-पीटकर हत्या

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जहानाबाद।** जिले के कल्पा थाना क्षेत्र अंतर्गत कामदेव बीघा गांव में शनिवार रात चोरी की नीयत से घर में घुसे बदमाशों ने एक वृद्ध महिला की पीट-पीटकर हत्या कर दी। मृतका चर्चित संवेदक एवं भाजपा नेता सत्येंद्र सिंह की चाची बताई जा रही हैं। घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है और पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

मृतका की पहचान 75 वर्षीय राम कुमारी देवी के रूप में हुई है। बताया जाता है कि वह घर में अकेली रहती थीं। उनके पति सिद्धेश्वर सिंह का दो वर्ष पूर्व निधन हो चुका था और उनकी कोई संतान नहीं थी।

प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि चोर छत के रास्ते घर में घुसे थे। इसी दौरान महिला की नींद खुल गई और उन्होंने विरोध किया। विरोध करने पर बदमाशों ने उनके सिर पर किसी भारी वस्तु से हमला कर दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

घटना की सूचना मिलते ही एसडीपीओ मनीष चंद्र चौधरी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। घर के अंदर सामान बिखरा हुआ मिला, जिससे चोरी की आशंका और मजबूत हुई है। एफएसएल टीम ने भी मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए।

परिजनों के अनुसार, राम कुमारी देवी रोज सुबह जल्दी उठ जाती थीं, लेकिन रविवार सुबह काफी देर तक दरवाजा नहीं खुला। आवाज लगाने और गेट खटखटाने पर भी कोई जवाब नहीं मिला। बाद में घर में प्रवेश करने पर उनका शव बरामद हुआ और सामान अस्त-व्यस्त मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। एसडीपीओ ने बताया कि मामले की हर एंगल से जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद स्थिति और स्पष्ट होगी।

## युवक का क्षत-विक्षत शव मिलने में सनसनी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** छौड़ाही थाना क्षेत्र के कावर झील क्षेत्र में रविवार की सुबह एक युवक का क्षत-विक्षत शव मिलने में सनसनी फैल गई।

मृतक की पहचान नारायणपीपड़ पंचायत निवासी वासुदेव यादव के रूप में स्वजन द्वारा की गई। उन्होंने शराब तस्करों पर हत्या का आरोप लगाया है।

घटना की सूचना मिलते ही छौड़ाही थाना की पुलिस, मंझौल डीएसपी एवं पुलिस इंस्पेक्टर मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बेगूसराय भेज दिया।

### तरह-तरह के लग रहे कयास

बताया जाता है कि कावर झील में छौड़ाही थाना क्षेत्र के चानन कुआं से पूरब मधुचित्त के समीप रविवार की सुबह वासुदेव यादव का शव बरामद किया गया। मृतक के भाई रंजीत यादव ने बताया कि वह सुबह घास काटने के लिए कावर क्षेत्र गए थे। इसी दौरान उनकी नजर शव पर पड़ी। शव देखते ही उन्होंने शोर मचाया, इसके बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जुट गए।

शव पर गंभीर चोट के निशान थे। मृतक की एक आंख फूटी हुई थी, गाल को कुचला गया था तथा एक हाथ का कुछ हिस्सा जला हुआ था। शरीर के अन्य हिस्सों पर भी गंभीर चोट के निशान थे।

स्वजन ने आशंका जताई है कि पहले हाथ जलाकर फिर आंख फोड़ प्रताड़ित किया गया है। गाल भी कुचला गया है। घटनास्थल के पास वासुदेव यादव का हसुआ भी पड़ा हुआ था। मृतक का घर घटनास्थल से लगभग पांच किलोमीटर दूर है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि जिस स्थान पर शव मिला है, वहां चंद्रशेखर सहनी द्वारा शराब बनाने का काम किया जाता था। ग्रामीणों ने बताया कि चंद्रशेखर सहनी पर छौड़ाही थाना में अवैध शराब निर्माण के कई मामले दर्ज हैं। मृतक वासुदेव यादव की पत्नी लाल परी देवी ने बताया कि उनके पति शनिवार की सुबह घास काटने गए थे। जहां वह घास काटने गए थे वहीं, अवैध रूप से शराब बनाने का काम होता है। उनके पति इसका विरोध करते थे। पति की हत्या चंद्रशेखर सहनी एवं योगेश्वर सहनी ने की है, जो नारायणपीपड़ पंचायत के सोनापुर एवं छर्रापट्टी का निवासी है। उसने हत्या कर देने की धमकी दी थी। हमारा परिवार आर्थिक रूप से काफी कमजोर है। मृतक अपने पीछे पत्नी, दो पुत्र रबिन यादव एवं प्रवीण कुमार तथा एक विवाहित पुत्री अनिला कुमारी को छोड़ गए। घटना के बाद स्वजन का रो-रोकर बुरा हाल है।

घटनास्थल पर पहुंचे छौड़ाही थाना अध्यक्ष जितेंद्र कुमार, मंझौल डीएसपी नवीन कुमार एवं इंस्पेक्टर सुबोध कुमार ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## ऑनलाइन दवा बिक्री के विरोध में 20 को बंद रहेंगी दवा दुकानें

### एसोसिएशन के सदस्यों ने लगाया काला बिल्ला, जताया विरोध



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरपुर।** जिले में 20 मई को शहर से लेकर गांव तक दवा दुकानें बंद रहेंगी। ऑनलाइन दवा बिक्री और प्रीडेटरी प्राइसिंग के विरोध में केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन ने बंद का आह्वान किया है। बंदी को सफल बनाने के लिए एसोसिएशन की टीम काला बिल्ला लगाकर प्रखंड स्तर तक जनसंपर्क अभियान चला रही है।

संगठन के अनुसार ऑल इंडिया ऑर्गेनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स के आह्वान पर 19 मई की मध्य रात्रि से 20 मई की मध्य रात्रि तक देशभर में मेडिकल स्टोर बंद रहेंगे। बिहार केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स एसोसिएशन ने भी इस बंद का समर्थन किया है।

एसोसिएशन ने स्पष्ट किया है कि बंदी के दौरान मरीजों को परेशानी न हो, इसके लिए नर्सिंग होम और एसोसिएशन के इमरजेंसी नंबर पर संपर्क करने पर दवा उपलब्ध कराई जाएगी।

मुजफ्फरपुर केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष राकेश कुमार पंकज और सचिव संजीव कुमार चौधरी ने आरोप लगाया कि ऑनलाइन दवा बिक्री, अवैध ई-फामेर्सी संचालन और बड़ी कंपनियों की प्रीडेटरी प्राइसिंग से छोटे दवा दुकानदारों का अस्तित्व संकट में है।

उनका कहना है कि कई ई-फामेर्सी प्लेटफॉर्म नियमों की अनदेखी करते हुए दवाओं की बिक्री कर रहे हैं, जिससे नकली और प्रतिबंधित दवाओं की आपूर्ति का खतरा बढ़ गया है।

एसोसिएशन ने सरकार से ऑनलाइन दवा बिक्री पर सख्त नियम लागू करने और छोटे दवा कारोबारियों के हितों की रक्षा करने की मांग की है। संगठन का कहना है कि यदि समय रहते उचित कदम नहीं उठाए गए तो छोटे मेडिकल दुकानदारों का व्यवसाय प्रभावित होगा।

# शिक्षा, पर्यावरण और सामाजिक समरसता से होगा बिहार का सर्वांगीण विकास : डॉ. प्रेम कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने राज्य के समग्र विकास, शिक्षा व्यवस्था, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक समरसता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि बिहार ऐतिहासिक रूप से ज्ञान, संस्कृति और लोकतांत्रिक मूल्यों की भूमि रहा है तथा राज्य सरकार के नेतृत्व में विभिन्न क्षेत्रों में लगातार प्रगति हो रही है। मीडिया से बातचीत के दौरान डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, कृषि और डिजिटल व्यवस्था के क्षेत्र में सुधार के सकारात्मक परिणाम दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ संस्कारयुक्त वातावरण उपलब्ध कराना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने राज्य के विद्यालयों और उच्च शिक्षण संस्थानों में हो रहे विकास कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि आधुनिक शिक्षा के साथ नैतिक मूल्यों का समावेश अत्यंत आवश्यक है। इस दिशा में शिक्षकों, अभिभावकों और समाज के सभी वर्गों से सक्रिय सहयोग की अपेक्षा की गई है। पर्यावरण संरक्षण के मुद्दे पर विधान सभा अध्यक्ष ने कहा कि जलवायु परिवर्तन वैश्विक स्तर पर गंभीर चुनौती बन चुका है। उन्होंने अधिक से अधिक वृक्षारोपण, जल संरक्षण, प्लास्टिक के न्यूनतम उपयोग और स्वच्छता को जनआंदोलन का रूप देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रकृति संरक्षण के बिना आने वाली पीढ़ियों का सुरक्षित भविष्य संभव नहीं है। सामाजिक विषयों पर अपने विचार रखते हुए डॉ. प्रेम कुमार ने आपसी सद्भाव, भाईचारा और सर्वधर्म समभाव की भावना को मजबूत करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि भारत की सांस्कृतिक शक्ति उसकी विविधता में निहित है और सभी समुदायों को मिलकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देना चाहिए। युवाओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि राष्ट्रहित सर्वोपरि रखते हुए शिक्षा, नवाचार, खेल और सामाजिक गतिविधियों में उनकी सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति ही विकसित बिहार और विकसित भारत की आधारशिला है। मीडिया की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि लोकतंत्र में मीडिया एक सशक्त स्तंभ है। निष्पक्ष और सकारात्मक पत्रकारिता समाज को जागरूक करने के साथ लोकतांत्रिक मूल्यों को भी मजबूत करती है। अंत में उन्होंने बिहारवासियों के सुख, समृद्धि और उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि सामूहिक प्रयासों से बिहार विकास के नए आयाम स्थापित करेगा।

## बेंगलुरु-मुंबई नई एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी, जल्द शुरू होगी वंदे भारत स्लीपर सेवा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**नयी दिल्ली।** केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बेंगलुरु-मुंबई एक्सप्रेस ट्रेन को वर्चुअल माध्यम से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि दक्षिण और उत्तर कर्नाटक की लंबे समय से लंबित मांगें अब पूरी हो रही हैं। साथ ही बेंगलुरु-मुंबई वंदे भारत स्लीपर सेवा जल्द शुरू होने की घोषणा की। रेल मंत्री ने बताया कि अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत कर्नाटक के 61 स्टेशनों का 2,160 करोड़ रुपये की लागत से पुनर्विकास किया जा रहा है जिनमें 9 स्टेशन पूरे हो चुके हैं। बेंगलुरु कैंटोनमेंट स्टेशन का 485 करोड़ और यशवंतपुर स्टेशन का 367 करोड़ रुपये से पुनर्विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि 2014 से कर्नाटक में करीब 1,750 किलोमीटर नई रेल लाइन बनाई गई है। बेंगलुरु उपनगरीय रेल परियोजना के चारों कॉरिडोर पर काम जारी है। बुलेट ट्रेन कॉरिडोर के तहत बेंगलुरु को हैदराबाद और चेन्नई से जोड़ने की मंजूरी भी दी गई है। रेल राज्य मंत्री वी. सोमन्ना ने कहा कि कर्नाटक में 12 जोड़ी वंदे भारत ट्रेनें संचालित हो रही है। थानिसंद्रा में 270 करोड़ रुपये की लागत से वंदे भारत स्लीपर मेंटेनेंस डिपो और एसएमवीटी बेंगलुरु में 52.73 करोड़ रुपये की लागत से चेयर कार मेंटेनेंस सुविधा बनाई जाएगी। कार्यक्रम में पी. सी. मोहन, लेहर सिंह सिरोया और तेजस्वी सूर्या सहित वरिष्ठ रेलवे अधिकारी मौजूद रहे।

## मुंबई बुलेट ट्रेन परियोजना में बड़ी उपलब्धि, 350 टन का कटरहेड शाफ्ट में उतारा गया

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना के तहत विक्रोली शाफ्ट में टनल बोरिंग मशीन (टीबीएम) के पहले कटरहेड को सफलतापूर्वक उतारा गया। 13.6 मीटर व्यास और करीब 350 टन वजनी यह कटरहेड टीबीएम के मुख्य शील्ड की प्राथमिक असेंबली के अंतिम चरण का प्रतीक है। 21 किलोमीटर लंबे मुंबई सुरंग मार्ग में 16 किलोमीटर हिस्से के निर्माण के लिए दो टीबीएम मशीनें लगाई जा रही हैं। इसमें ठाणे क्रीक के नीचे बनने वाली 7 किलोमीटर लंबी भारत की पहली समुद्र के नीचे रेल सुरंग भी शामिल है। प्रत्येक टीबीएम का वजन 3,000 टन से अधिक है और यह देश में रेल सुरंग निर्माण के लिए अब तक उपयोग की जाने वाली सबसे बड़ी मशीन है। 350 टन वजनी यह कटरहेड लगभग 250 मिड-साइज एसयूवी कारों के बराबर है। इसे पांच अलग-अलग शिपमेंट में साइट तक पहुंचाया गया और 1,600 किलोग्राम उच्च-परिशुद्धता वेल्डिंग के जरिए जोड़ा गया। मशीन में 84 कटर डिस्क, 124 स्क्रेपर और 16 बकेट लिप लगाए गए है जो चट्टानों की कटाई, मलबा हटाने और निकासी का कार्य करेंगी। टीबीएम विक्रोली से लगभग 6 किलोमीटर की यात्रा कर मीठी नदी और घने शहरी क्षेत्र के नीचे से गुजरते हुए बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स स्थित निर्माणाधीन बुलेट ट्रेन स्टेशन तक पहुंचेगी। परियोजना की सुरक्षा और निगरानी के लिए सरफेस सेटलमेंट पॉइंट, ऑप्टिकल डिस्प्लेसमेंट सेंसर, स्ट्रेन गेज और सीस्मोग्राफ जैसे आधुनिक उपकरणों का उपयोग किया जा रहा है।

## संग्रहालय अतीत और आने वाली पीढ़ियों के बीच मजबूत पुल : डॉ. प्रेम कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने अंतरराष्ट्रीय संग्रहालय दिवस के अवसर पर कहा कि संग्रहालय लोगों, आने वाली पीढ़ियों और अतीत की स्मृतियों के बीच एक मजबूत पुल का कार्य करते हैं। संग्रहालय हमें दुनिया भर की संस्कृति, परंपरा और इतिहास से जोड़ते हैं तथा हमारी अमूल्य धरोहरों को संरक्षित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि संग्रहालय केवल पुरानी वस्तुओं का संग्रह नहीं हैं, बल्कि वे समाज की सांस्कृतिक चेतना और ऐतिहासिक विरासत के जीवंत केंद्र हैं। संग्रहालय नई पीढ़ी को अपनी जड़ों, सभ्यता और परंपराओं से परिचित कराते हुए उन्हें प्रेरणा भी देते हैं। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि इंटरनेशनल काउंसिल ऑफ म्यूजियम द्वारा पहली बार वर्ष 1977 में अंतरराष्ट्रीय संग्रहालय दिवस मनाने की शुरुआत की गई थी। इस वर्ष 2026 की थीम 'संग्रहालय एक विभाजित दुनिया को एकजुट करते हैं' निर्धारित की गई है। यह विषय सांस्कृतिक, सामाजिक और भू-राजनीतिक विभाजनों को पाटने, संवाद को बढ़ावा देने तथा समावेशिता को मजबूत करने में संग्रहालयों की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करता है। उन्होंने कहा कि आज के समय में संग्रहालय केवल इतिहास को संजोने तक सीमित नहीं हैं, बल्कि वे समाज में आपसी समझ, सद्भाव और सांस्कृतिक एकता को बढ़ाने का भी प्रभावी माध्यम बन चुके हैं।

## भीषण गर्मी को देखते हुए स्कूल समय में बदलाव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** बिहार में भीषण गर्मी और बढ़ते तापमान के कारण लोगों का भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। खासकर भीषण गर्मी में स्कूली बच्चों के स्कूल जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इसको ध्यान में रखते हुए पटना जिला प्रशासन ने निजी और सरकारी स्कूलों की टाइमिंग में बदलाव कर दिया है। डीएम त्यागराजन एस एम के आदेश के मुताबिक पटना में प्री-स्कूल एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों सहित 8वीं तक के सभी स्कूलों में कक्षाएं 11 बजे तक ही संचालित की जाएंगी। 11 बजे के बाद कक्षा के संचालन पर पूरी तरह से प्रतिबंध रहेगा। पटना जिला प्रशासन का यह आदेश आगामी 21 मई 2026 तक लागू रहेगा। जिला दंडाधिकारी पटना कोर्ट की तरफ से जारी आदेश में कहा गया कि जिले में रह रहे अधिक तापमान, विशेष रूप से दोपहर के समय पड़ रही भीषण गर्मी के कारण बच्चों के स्वास्थ्य और जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना है। अतः मैं डॉ. त्यागराजन एस.एम., जिला दंडाधिकारी, पटना भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा-163 के तहत जिले के सभी निजी / सरकारी विद्यालयों में वर्ग-08 तक (प्री-स्कूल एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों सहित) की गतिविधियों पर पूर्वा0 11.00 बजे के बाद प्रतिबंध लगाता हूं। विद्यालय प्रबंधन को एतद् द्वारा निदेश दिया जाता है कि वे उल्लिखित आदेश के अनुरूप शैक्षणिक गतिविधियों को पुनर्निर्धारित करेंगे। उपर्युक्त आदेश 18 मई से 21 मई 2026 तक लागू रहेगा।

## सारण में अखंड ज्योति आई हॉस्पिटल की नई परियोजना गरीबों के लिए वरदान : मंगल पांडेय

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता मंगल पांडेय ने सारण में अखंड ज्योति आई हॉस्पिटल की नई परियोजना के भूमि पूजन का हार्दिक स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि बिहार के सारण जिले के मस्तीचक गांव में जिस तरह उद्योगपति गौतम अदाणी एवं प्रीति अदाणी ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विश्वस्तरीय नेत्र चिकित्सा परियोजना का भूमि पूजन किया, वह बिहार के स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक दिन है। मैं बिहार के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री के नाते इस पुनीत कार्य का हृदय से स्वागत करता हूं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'स्वस्थ भारत, सशक्त भारत' के संकल्प को जमीन पर उतारने की दिशा में यह कदम मील का पत्थर साबित होगा। केंद्र सरकार की नीतियों और 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' के कारण ही आज अदाणी समूह जैसे बड़े उद्योग घराने बिहार में स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सेवा में निवेश के लिए आगे आ रहे हैं। इसके लिए मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय को बहुत-बहुत बधाई देता हूं। श्री पांडेय ने कहा कि बिहार में एनडीए सरकार के कार्यकाल में स्वास्थ्य व्यवस्थाओं में अभूतपूर्व सुधार हुआ है। एम्स पटना, एम्स दरभंगा का निर्माण, दरभंगा मेडिकल कॉलेज का उन्नयन, हर जिले में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए अधारभूत संरचना का विस्तार और आयुष्मान भारत योजना ने गरीबों को संबल दिया है।

# मंत्री लखेंद्र कुमार रौशन ने कुशल युवा कार्यक्रम केंद्र पहुंचकर छात्रों का किया उत्साहवर्धन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**महुआ/वैशाली।** युवा रोजगार एवं कौशल विकास विभाग के अधीन संचालित बिहार कौशल विकास मिशन के अंतर्गत संचालित कुशल युवा कार्यक्रम (केवाईपी) केंद्र, जिरवारा चौक, महुआ, वैशाली में एक प्रेरणादायी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बिहार सरकार के मंत्री लखेंद्र कुमार रौशन ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कर छात्रों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का आयोजन केवाईपी सेंटर संचालक धर्मदेव पासवान के नेतृत्व में किया गया जिसमें सरपंच सुपौल तरियां राजेश्वर साह, अभिषेक कुमार, रोशनी कुमारी, पंकज पासवान, राज किरण, राहुल पासवान, छोटू पासवान, अधिवक्ता सूरज पासवान, रंजन पासवान, शशि पासवान एवं संजीव पासवान सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। मंत्री ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार सरकार युवाओं को कौशल विकास के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाने के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने विद्यार्थियों को तकनीकी एवं व्यवहारिक ज्ञान के महत्व को समझाते हुए मेहनत और अनुशासन के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर मंत्री ने सफल छात्र-छात्राओं के बीच अपने कर-कमलों से प्रमाण पत्र भी वितरित किए। छात्रों ने मंत्री के हाथों प्रमाण पत्र प्राप्त कर खुशी व्यक्त की तथा कार्यक्रम को अपने जीवन का प्रेरणादायक क्षण बताया।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने बिहार कौशल विकास मिशन द्वारा संचालित योजनाओं की सराहना करते हुए कहा कि ऐसा प्रशिक्षण कार्यक्रम ग्रामीण युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इस अवसर पर केवाईपी वेल्फेयर सोसाइटी वैशाली के अध्यक्ष डॉ. आनंद रंजन झा ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए मंत्री लखेंद्र कुमार रौशन एवं केवाईपी केंद्र संचालक धर्मदेव पासवान का आभार व्यक्त किया।

## पार्टियों में आंतरिक लोकतंत्र कायम करना जरूरी : अरुण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** समाजवादी चिंतक अरुण श्रीवास्तव ने कहा कि पार्टियों में जब तक आंतरिक लोकतंत्र कायम नहीं होगा, तब तक देश में लोकतंत्र को मजबूतबू करना मुश्किल काम है। वे रविवार को सोशलिस्ट पार्टी के 92वें स्थापना समारोह पर आयोजित सोशलिस्ट संवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इसका आयोजन जगजीवन राम संसदीय अध्ययन एवं राजनीतिक शोध संस्थान में किया गया। अरुण श्रीवास्तव ने कहा कि राजनीति में बढ़ते धनबल का चलन घातक है। उन्होंने चुनाव सुधार की आवश्यकताओं पर बल दिया।

## प्रेम यूथ फाउंडेशन के स्वयंसेवक स्वच्छता अभियान चलायेंगे : प्रेम कुमार




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** स्वच्छता ही सेवा के संदेश के साथ प्रेम यूथ फाउंडेशन के स्वयंसेवक अपने-अपने गांव में स्वच्छता अभियान चलायेंगे। मुख्य रूप से गांव के स्कूल एवं मंदिर में सफाई करेंगे साथ ही लोगों को स्वच्छता के लिए प्रेरित करेंगे। प्रेम यूथ फाउंडेशन के संस्थापक गांधीवादी प्रेम जी ने कहा कि विभिन्न महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं फाउंडेशन के साथ जुड़कर वॉलेंट्रीयरशिप कर रहे हैं। हेल्थ एंड वेलनेश, स्पोर्ट्स, सोशल सर्विस कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि वॉलेंटीयर विशेष स्वच्छता अभियान के अन्तर्गत अमर शहीदों के प्रतिमा का भी साफ-सफाई करेंगे साथ ही गंगा की सफाई करेंगे। उन्होंने बताया कि भारत दुनिया का सबसे युवा देश है।

## प्रदूषण नियंत्रण पर्षद ने किया चित्रकारी एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद् द्वारा राज्य के विद्यालयों में अध्ययन कर रहे छात्र-छात्राओं में पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण के प्रति जागरूकता अभिवर्धित करने के उद्देश्य से एक राज्य स्तरीय स्थल चित्रकारी एवं क्विज प्रतियोगिता, मल्टीपरपस हॉल, ज्ञान भवन, उत्तरी गांधी मैदान, पटना में 1 जून, 2026 (सोमवार) को आयोजित की गयी है। स्थल चित्रकारी प्रतियोगिता (प्रातः 9:30 बजे से पूर्वाह्न 11:30 बजे) पांच वर्ग समूहों में आयोजित किया जायेगा। वर्ग समूह 1 (कक्षा 1 एवं 2), वर्ग समूह 2 (कक्षा 3 एवं 4), वर्ग समूह 3 (कक्षा 5 एवं 6), वर्ग समूह 4 (कक्षा 7 एवं 8) तथा वर्ग समूह 5 (कक्षा 9 एवं 10)। इस चित्रकारी प्रतियोगिता में राज्य के सभी सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राएं भाग ले सकते हैं। प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु नीचे दिये गये क्यू आर कोड को स्कैन कर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन किया जा सकता है। क्विज प्रतियोगिता (मध्याह्न 12:00 बजे से) कक्षा 09 से 12 तक के छात्र-छात्राएं इस प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं। क्विज प्रतियोगिता का संचालन ख्यातिलब्ध क्विज मास्टर वेंक्टेश श्रीनिवासन, बेंगलुरू द्वारा किया जायेगा। इस क्विज प्रतियोगिता में राज्य के सभी सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालयों के छात्र-छात्राएं भाग ले सकते हैं। प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु इन्हें ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन नीचे दिये गये क्यू आर कोड को स्कैन कर किया जा सकता है। स्थल चित्रकारी प्रतियोगिता के प्रत्येक वर्ग समूह से सर्वोत्तम चित्रकारी करने वाले तीन-तीन प्रतिभागियों को क्रमशः प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय पुरस्कार से पुरस्कृत किया जायेगा। इसके

## दियारावासियों के लिए अप्रोच पुल दे बिहार सरकार : पप्पू

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** दियारा क्षेत्र के समग्र विकास के उद्देश्य से जे पी सेतु के समानांतर एन एच 139 डब्लू के पिलर संख्या 16 से ग्राम पंचायत नकटा दियारा (नायटोला) तक सिक्स लेन पथ के लिए एप्रोच रोड निर्माण के लिए जे पी सेतु पिलर संख्या एक के पास आम सभा का आयोजन किया गया जिसमें दियारा क्षेत्र के हजारों लोग उपस्थित थे। दियारा विकास संघ समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में पूर्णिया सांसद मौजूद थे। पप्पू यादव ने जन सभा को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार सरकार दियारा वासियों को जल्द से जल्द अप्रोच पूल दे। बिहार के नेता ही दियारा का विकास




नहीं होना देना चाहते हैं। देश में विगत 12 सालों में 123 बार प्रश्न पत्र लीक हुआ है। पप्पू यादव ने कहा कि हम सब एकजुट होकर इस लड़ाई को जीतेंगे। टाल और दियारा के लोग सबसे संघर्षपूर्ण जीवन जीते हैं। इस पुल के लिए हम सब आर पार की लड़ाई लड़ेंगे। मैं इस मसले को लेकर नितिन गडकरी साहब से मिलेंगे। हम अप्रोच पुल लेकर रहेंगे ये हमारा वादा है।

## छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह में मेधावी छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** विद्यापति भवन में अन-एडेड प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन द्वारा एपीएसएसए छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें बिहार के विभिन्न जिलों से आए मेधावी छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं शिक्षण संस्थानों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले लोगों की उपस्थिति ने समारोह को गरिमामयी बना दिया। कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व डीजीपी करुणा सागर ने किया जबकि मुख्य अतिथि के रूप में प्रो. के. सी. सिन्हा उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में नागमणि कुशवाहा, दीपक प्रकाश एवं आदित्य राज सिंह शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. अजय कुमार झा ने की तथा मंच संचालन डॉ. मुकेश कुमार ने किया। समारोह में गोलुलेश उपाध्याय, सचिव राकेश कुमार रंजन, महासचिव अजय कुमार वर्मा, उप सचिव सुषमा पांडेय, उप सचिव अभिनाश कुमार झा, संयुक्त सचिव उमेश सिंह, संयुक्त सचिव अमरेन्द्र कुमार एवं कार्यकारिणी सदस्य प्रभात रंजन सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर बिहार के लगभग 100 स्कूलों एवं 250 मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। बिहार बोर्ड जहानाबाद की नौवीं टॉपर छात्र मांशी कुमार को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। समारोह में छात्रों के उत्साह और अभिभावकों की मौजूदगी ने पूरे वातावरण को प्रेरणादायी बना दिया।

## स्वच्छता सर्वेक्षण में फीडबैक देने के मामले में पटना देशभर में दूसरे स्थान पर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** देश भर में स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के अंतर्गत नागरिकों से शहर की साफ-सफाई व्यवस्था पर फीडबैक लिया जा रहा है जिसमें नागरिकों को फीडबैक देने में पटनावासियों को देशभर में दूसरे स्थान प्राप्त हुआ है। देश भर में पहले स्थान पर 6,81,187 फीडबैक के आधार पर इंदौर को पहला स्थान हासिल हुआ है। वहीं दूसरे स्थान पर 4,49,689 सिटीजन फीडबैक के साथ पटना को दर्ज किया जा रहा है। इस फीडबैक को मुख्यालय स्तर पर गठित 14 टीमें आम जन को जागरुक करते हुए सिटीजन फीडबैक अभियान को सफल बनाने और आम नागरिकों को जागरूक करने के उद्देश्य से पटना नगर निगम ने वरीय पदाधिकारियों, कर्मचारियों और कंसल्टेंट्स की दो सदस्यीय कुल 13 टीमें गठित की हैं। अभियान के दौरान सबसे अधिक उत्साह छात्रों में देखने को मिला। शहर के प्रमुख कोचिंग हब–बोरिंग रोड, मुसल्लाहपुर हाट, बाजार समिति और अशोक राजपथ स्थित कोचिंग संस्थानों एवं हॉस्टलों में बड़ी संख्या में छात्रों ने ऑन-द-स्पॉट फीडबैक दिया। इसके अलावा टीम द्वारा भीड़ भाड़ वाले इलाकों जैसे रेलवे स्टेशन, पार्क, चिड़ियाघर, मॉल, स्लम बस्तियों एवं प्रमुख चौक-चौराहों पर जा-जाकर लोगों को फीडबैक करने संबंधी आवश्यक डेमो भी दिया जा रहा है।

# सहयोग शिविर में 30 दिन में शिकायत समाधान नहीं तो अधिकारियों पर गिरेगी गाज

### मुख्यमंत्री सचिवालय स्तर पर प्राप्त जन शिकायतों की होगी निगरानी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** ग्रामीण रहवासियों की समस्या समाधान करने के लिए 19 मई से शुरू होने वाले सहयोग शिविर को लेकर सरकार लगातार गंभीर रूख अपनाए हुए है। मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत की ओर से वरीय पदाधाकारियों को जारी निर्देशों में कहा गया है कि शिविर में प्राप्त होने वाली जन शिकायतों का सतत अनुश्रवण किया जाएगा। इसके लिए वास्तविक समय निगरानी प्रणाली (रियल टाइम मॉनीटरिंग सिस्टम) लागू होगी और इसका सहयोग पोर्टल से जुड़ाव होगा। यह सहयोग पोर्टल सीधे मुख्यमंत्री सचिवालय स्तर पर कार्य करेगा। सहयोग पोर्टल पर प्राप्त होने वाली जन शिकायतों का प्रभावी समाधान के उद्देश्य से उसका वर्गीकरण, निवारण, निवारण में विलंब आदि के कारणों का विश्लेषण किया जाएगा। इस विश्लेषण में जन शिकायतों के निस्तारण में किसी भी स्तर पर लापरवाही मिलने पर संबंधित पदाधिकारी और कर्मचारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई तय है। मुख्य सचिव ने पत्र में कहा है कि सहयोग शिविर की अध्यक्षता जिला पदाधिकारी से अलग हटकर कोई दूसरे पदाधिकारी कर रहे हैं तो शिविर की समाप्ति के बाद जिला पदाधिकारी को एक संक्षिप्त प्रतिवेदन भेजेंगे जिसमें आवेदकों/वादों के निष्पादन में संतोषजनक काम नहीं करने वाले पदाधिकारियों एवं कर्मियों की भी जानकारी दी जाएगी। इसी जानकारी के आधार पर संबंधित के खिलाफ आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

**ग्रामीण जनता की समस्या समाधान के लिए महत्वपूर्ण पहल**

बता दें कि नए मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के पदभार ग्रहण करने के बाद ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाली जनता की समस्या और शिकायतों के समाधान के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। जन शिकायतों के निस्तारण की दिशा में सप्ताह के दो कार्य दिवस सोमवार एवं शुक्रवार को पहले से चल रहे कार्यक्रम के अलावा अब महीने के प्रथम और तृतीय मंगलवार को ग्राम पंचायतों में सहयोग शिविर लगाने का निर्णय लिया गया है। प्रखंड और पंचायतवार लगने वाले इस शिविर के लिए संबंधित इलाके के लोगों को 30 दिन पहले से आवेदन करने की सुविधा दी गई है। सरकार ने निर्देश जारी किया है कि लोगों की समस्या संबंधी शिकायतों का निपटारा 30 दिन के भीतर करना होगा। किन्हीं कारणवश समस्या का निराकण नहीं हो पा रहा है तो इसकी अगली तिथि की लिखित जानकारी देते हुए पूरी सूचना पदाधिकारी आवेदक को देंगे।

## इस्ट प्वाइंट ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस ने की छात्रवृत्ति योजना की घोषणा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** इस्ट प्वाइंट ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, बेंगलुरु ने शैक्षणिक वर्ष 2026 - 27 में प्रवेश लेने वाले योग्य और प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के लिए 3 करोड़ तक की छात्रवृत्ति योजना की घोषणा की है। यह पहल संस्थान के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. एस एम वेंकटपथी की स्मृति में शुरू की गई है जिनका उद्देश्य गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और समान अवसरों के माध्यम से विद्यार्थियों को सशक्त बनाना है। इस पहल के बारे में बोलते हुए संस्थान के मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजीव गौड़ा ने कहा कि शिक्षा जीवन बदलने की शक्ति रखती है और हमारा मानना है कि हर योग्य विद्यार्थी को बिना आर्थिक बाधाओं के अपने सपनों को पूरा करने का अवसर मिलना चाहिए। इस छात्रवृत्ति पहल के माध्यम से हम शैक्षणिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देना, प्रतिभाओं को सम्मानित करना और विभिन्न पृष्ठभूमि से आने वाले परिवारों का सहयोग करना चाहते हैं। साथ ही अपने संस्थापक अध्यक्ष डॉ. एस एम वेंकटपाठी के दृष्टिकोण और मूल्यों को आगे बढ़ाना चाहते हैं। इस्ट प्वाइंट ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस विद्यार्थियों के शैक्षणिक, व्यावसायिक और व्यक्तिगत विकास के लिए सार्थक शैक्षणिक अवसरों और छात्र-केंद्रित पहलों के माध्यम से अनुकूल वातावरण प्रदान करने के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि छात्रवृत्ति की पात्रता और प्रतिशत चुने गए पाठ्यक्रम, शैक्षणिक प्रदर्शन, प्रवेश परीक्षा के अंकों (जहां लागू हो), सीट श्रेणी तथा छात्रवृत्ति कोटा में उपलब्धता के आधार पर अलग-अलग हो सकते हैं।

# संपादकीय

## आंधी-तूफान से आखिर हर साल क्यों बेबस दिखते हैं लोग?

पिछले कुछ वर्षों से हर बार यह देखा जाता है कि एक ओर तूफान में पेड़ या घर गिरने जैसी घटनाओं की वजह से कई लोग मारे जाते हैं, तो दूसरी ओर घर से लेकर फसलों तक को व्यापक पैमाने पर नुकसान पहुंचता है। उत्तर प्रदेश में आंधी-तूफान, बारिश और ओलावृष्टि की वजह से जैसे हालात पैदा हुए, उसने एक बार फिर यही दर्शाया कि मौसम की मार से बचाव के लिए एहतियात बरतने से लेकर सटीक पूर्वानुमान को लेकर तकनीकी स्तर पर अभी बहुत कुछ किए जाने की जरूरत है। राज्य के कई इलाकों में बुधवार की शाम को तेज आंधी-तूफान, बारिश, बिजली गिरने और ओलावृष्टि एक तरह से कहर बरपा रही थी और आम लोग उसके सामने लाचार थे।कई जगहों पर तेज हवाओं ने भारी तबाही मचाई। कितनी ही जगहों पर भारी पेड़ उखड़कर वाहनों पर गिर गए और सड़कों के किनारे लगे बोर्ड उड़कर तेज रफ्तार से जमीन पर गिरे। करीब चौबीस घंटों के दौरान करीब सौ लोगों की जान चली गई, जबकि सैकड़ों लोग घायल हो गए। कई जिलों में दो हजार से ज्यादा गांवों में बिजली गुल हो गई। कुदरत के इस कहर के बाद मौसम विभाग ने राज्य के अड़तीस जिलों में आंधी, बारिश और बिजली गिरने की आशंका के मद्देनजर पीली चेतावनी जारी की, लेकिन अफसोस की बात यह है कि पूर्वानुमानों के बावजूद कई बार ऐसे हालात पैदा हो जाते हैं, जिनमें तूफान या बिजली गिरने की घटनाएं आम लोगों पर कहर बनकर टूटती हैं।जाहिर है, मौसम की अपनी गति होती है और प्रकृति में उथल-पुथल के नतीजे में ऐसे हालात पैदा हो सकते हैं, लेकिन विडंबना यह है कि अमूमन हर वर्ष अचानक मौसम का रुख बिगड़ने की आशंका के बावजूद आम लोग इससे बचाव के लिए एहतियात नहीं बरत पाते। इसका खमियाजा यह सामने आता है कि जिन हालात में कुछ लोगों की जान बच सकती थी, उसमें नाहक ही कई लोगों की जान चली जाती है।राज्य में मौसम विभाग के मुताबिक पश्चिमी उत्तर प्रदेश के ऊपर बने चक्रवाती ढांचे और दक्षिण राजस्थान से आ रही हवाओं के प्रभाव से वहां कई जगहों पर अस्सी से सौ किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से तेज हवाएं चलीं। नतीजतन, बड़े पैमाने पर जानमाल का नुकसान हुआ। कई जगहों पर न केवल घरों की छत उड़ गई, बल्कि लोगों के लिए पांव टिकाना भी मुश्किल था। अंदाजा लगाया जा सकता है कि ऐसे मौसम में बचाव को लेकर जरूरी प्रशिक्षण के अभाव का नुकसान आम लोगों को किस स्तर पर उठाना पड़ता है।संभव है कि पश्चिमी विक्षोभ के कमजोर पड़ने के साथ-साथ मौसम साफ होने लगे और उसके बाद तापमान में धीरे-धीरे बढ़ोतरी हो, लेकिन इसके साथ यह भी सच्चाई है कि साल के इन महीनों में कई बार तेज रफ्तार से चलने वाला तूफान और ओलावृष्टि कई स्तर पर आम लोगों के लिए व्यापक क्षति और खतरे का वाहक बनते हैं।पिछले कुछ वर्षों से हर बार यह देखा जाता है कि एक ओर तूफान में पेड़ या घर गिरने जैसी घटनाओं की वजह से कई लोग मारे जाते हैं, तो दूसरी ओर घर से लेकर फसलों तक को व्यापक पैमाने पर नुकसान पहुंचता है।

# सत्ता संभालते ही हिंदुत्व मॉडल के जरिये बंगाल में बड़े बदलाव कर रहें सुवेंदु अधिकारी

(नीरज कुमार दुबे)

नई सरकार के शुरुआती फैसलों में सार्वजनिक स्थानों पर नमाज और ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग को लेकर सख्ती प्रमुख रही। सरकार ने स्पष्ट किया कि सड़कों और सार्वजनिक मार्गों पर नमाज की अनुमति नहीं होगी तथा धार्मिक गतिविधियां निर्धारित परिसरों तक सीमित रहेंगी।

पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी ने सत्ता की कमान संभालते ही चुनावी वादों पर अमल की दिशा में कदम बढ़ाने तो शुरू कर ही दिये हैं साथ ही राज्य की राजनीति और प्रशासन में तेज बदलावों का दौर भी शुरू कर दिया है। भारतीय जनता पार्टी के नेता सुवेंदु अधिकारी ने मुख्यमंत्री पद संभालते ही कई ऐसे फैसले लिए हैं, जिन्हें राज्य की दिशा बदलने वाला माना जा रहा है। तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी को उनके गढ़ में पराजित कर सत्ता तक पहुंचे सुवेंदु अधिकारी ने शपथ लेने के केवल 48 घंटे के भीतर लगभग डेढ़ दर्जन बड़े निर्णयों की घोषणा कर यह संकेत दे दिया कि नई सरकार प्रशासनिक, राजनीतिक और कानून व्यवस्था के मोर्चे पर व्यापक बदलाव चाहती है।

नई सरकार के शुरुआती फैसलों में सार्वजनिक स्थानों पर नमाज और ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग को लेकर सख्ती प्रमुख रही। सरकार ने स्पष्ट किया कि सड़कों और सार्वजनिक मार्गों पर नमाज की अनुमति नहीं होगी तथा धार्मिक गतिविधियां निर्धारित परिसरों तक सीमित रहेंगी। कोलकाता के रेड रोड क्षेत्र में सार्वजनिक नमाज पर भी रोक लगाने का निर्णय लिया गया है। इसके साथ ही ध्वनि प्रदूषण नियमों का पालन सुनिश्चित करने के लिए लाउडस्पीकर के उपयोग पर भी नियंत्रण लगाया गया है। सरकार ने पत्थरबाजी की घटनाओं पर भी कठोर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

साथ ही सुवेंदु अधिकारी सरकार ने वर्ष 2021 के विधानसभा चुनाव और वर्ष 2023 के पंचायत चुनावों के बाद हुई हिंसा से जुड़े मामलों को फिर से खोलने का आदेश दिया है। इन मामलों को पिछली सरकार के दौरान बंद कर दिया गया था। मुख्यमंत्री ने वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक कर लंबित और बंद मामलों की दोबारा जांच कराने का निर्देश दिया। सरकार का कहना है कि चुनाव बाद हिंसा के पीड़ितों को न्याय दिलाना उसकी प्राथमिकता है।

इसी क्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं की हत्या के मामलों को भी दोबारा जांच के दायरे में लाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले पंद्रह वर्षों में मारे गए तीन सौ इक्कीस भाजपा कार्यकर्ताओं के परिवार यदि चाहें तो सरकार निष्पक्ष जांच कराएगी। यह फैसला राजनीतिक हिंसा के मुद्दे पर भाजपा के लंबे अभियान का हिस्सा माना जा रहा है।

इसके अलावा, नई सरकार ने सांप्रदायिक हिंसा फैलाने वालों के खिलाफ गैर जमानती धाराओं में कार्रवाई करने और पुलिस को बिना राजनीतिक दबाव के काम करने की खुली छूट देने की घोषणा की है। प्रशासन को निर्देश दिया गया है कि अवैध गतिविधियों में शामिल लोगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए और किसी की राजनीतिक पहचान को महत्व न दिया जाए। सरकार ने दावा किया है कि कानून व्यवस्था को राजनीतिक प्रभाव से मुक्त किया जाएगा।

साथ ही सीमा पार से होने वाली अवैध घुसपैठ और पशु तस्करी के मुद्दे पर भी सरकार ने कड़ा रुख अपनाया है। राज्य में अवैध पशु बाजारों को बंद करने और अवैध परिवहन पर रोक लगाने के निर्देश जारी किए गए हैं। दिनाजपुर, मालदा, मुर्शिदाबाद और उत्तर चौबीस परगना जिलों में चल रहे अवैध पशु बाजारों के खिलाफ कार्रवाई शुरू की गई है। इसके साथ ही भारत बांग्लादेश सीमा पर बाड़ लगाने के लिए सीमा सुरक्षा बल को पैंतालीस दिनों के भीतर भूमि हस्तांतरित करने का निर्णय लिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे अवैध घुसपैठ और जनसंख्या संतुलन में हो रहे बदलावों पर रोक लगेगी।

इसके अलावा, पश्चिम बंगाल की नई सरकार ने राज्य में पशु वध को लेकर भी सख्त नियम लागू करने का निर्णय लिया है। राज्य सरकार ने पश्चिम बंगाल पशु वध नियंत्रण अधिनियम 1950 के प्रावधानों को कड़ाई से लागू करने के निर्देश जारी किए हैं। नए आदेश के अनुसार अब किसी भी पशु के वध से पहले उसकी उपयुक्तता का प्रमाण पत्र लेना अनिवार्य होगा। यह प्रमाण पत्र नगर निकाय प्रमुख और सरकारी पशु चिकित्सक की संयुक्त सहमति से जारी किया जाएगा। सरकार ने स्पष्ट किया है कि सार्वजनिक स्थानों पर पशु वध पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा और केवल निर्धारित बूचड़खानों में ही इसकी अनुमति होगी। नियमों के उल्लंघन पर छह महीने तक की सजा और जुर्माने का प्रावधान भी किया गया है। नई सरकार के इस कदम को कानून व्यवस्था, सार्वजनिक स्वच्छता और अवैध गतिविधियों पर नियंत्रण की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

साथ ही राज्य में लंबे समय से चर्चा में रहे सिंडिकेट राज और अवैध खनन पर भी सरकार ने कार्रवाई का संकेत दिया है। जिला और प्रखंड स्तर पर सक्रिय कथित सिंडिकेट नेटवर्क को समाप्त करने के निर्देश दिए गए हैं। सरकार का मानना है कि पिछली व्यवस्था में निर्माण सामग्री और कई क्षेत्रों में प्रभावशाली समूहों का नियंत्रण था, जिसे खत्म करना आवश्यक है।

सुरक्षा व्यवस्था में भी बदलाव करते हुए आपराधिक पृष्ठभूमि वाले लोगों की सुरक्षा हटाने का निर्णय लिया गया है। इसके अलावा तृणमूल कांग्रेस शासनकाल में विभिन्न बोर्डों, सार्वजनिक उपक्रमों और गैर वैधानिक संस्थाओं में नियुक्त अध्यक्षों और सदस्यों की सेवाएं समाप्त करने के आदेश दिए गए हैं। साठ वर्ष से अधिक आयु वाले अधिकारियों को सेवा विस्तार देने पर भी रोक लगाने का निर्णय लिया गया है। नई सरकार ने केंद्र की कई योजनाओं को पश्चिम बंगाल में लागू करने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। आयुष्मान भारत, बेटी बचाओ बेटी पढाओ, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, प्रधानमंत्री कृषक बीमा योजना, प्रधानमंत्री श्री योजना, विश्वकर्मा योजना और उज्ज्वला योजना को शीघ्र लागू करने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य विभाग को केंद्र सरकार के साथ आवश्यक समझौते तेजी से पूरा करने को कहा है। साथ ही राज्य की नई भाजपा सरकार ने शिक्षा और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद से जुड़े मोर्चे पर भी बड़ा फैसला लिया है। मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी ने राज्य के सभी सरकारी स्कूलों में प्रार्थना सभा के दौरान वंदे मातरम् गाना अनिवार्य कर दिया है। आदेश के अनुसार कक्षाएं शुरू होने से पहले विद्यार्थियों को वंदे मातरम् के छहों पद गाने होंगे। सरकार का कहना है कि स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान यह गीत देशभक्ति और राष्ट्रीय चेतना का प्रतीक रहा है। हाल ही में केंद्र सरकार द्वारा वंदे मातरम् को जन गण मन के समान दर्जा दिए जाने के बाद इस निर्णय को और अधिक महत्व दिया जा रहा है। राज्य सरकार ने इसे राष्ट्रीय भावना और सांस्कृतिक विरासत को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया है।

इसके अलावा, कानूनी ढांचे में बदलाव करते हुए भारतीय न्याय संहिता को राज्य में लागू करने की घोषणा भी की गई है। यह नया आपराधिक कानून पुराने भारतीय दंड संहिता का स्थान ले चुका है, लेकिन पश्चिम बंगाल में इसका कार्यान्वयन लंबित था। नई सरकार ने इसे तुरंत प्रभाव से लागू करने का निर्णय लिया है।

सरकारी नौकरियों के इच्छुक युवाओं को राहत देते हुए आयु सीमा चालीस से बढ़ाकर पैंतालीस वर्ष कर दी गई है। सरकार का कहना है कि इससे लंबे समय से अवसरों से वंचित युवाओं को लाभ मिलेगा और भर्ती प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी बनाया जाएगा।

जनगणना प्रक्रिया को भी नई सरकार ने फिर से शुरू करने का निर्णय लिया है। केंद्र सरकार के निर्देशों के बावजूद यह प्रक्रिया लंबे समय से लंबित थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार अब बिना किसी राजनीतिक अहंकार के केंद्र के निर्देशों के अनुरूप कार्य करेगी।



इसके अलावा, प्रशासनिक ढांचे में सुधार की दिशा में भी बड़े कदम उठाए गए हैं। भारतीय प्रशासनिक सेवा, भारतीय पुलिस सेवा और राज्य पुलिस अधिकारियों को केंद्र सरकार के प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भेजने का फैसला किया गया है। इसका उद्देश्य राज्य की प्रशासनिक कार्यप्रणाली को राष्ट्रीय स्तर के मानकों से जोड़ना है। इसी क्रम में स्वास्थ्य विभाग के आठ अधिकारियों ने नई दिल्ली में आयुष्मान भारत योजना से संबंधित तकनीकी प्रशिक्षण प्राप्त किया। शहरी विकास विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारियों के लिए भी प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किए जा रहे हैं। इसे पश्चिम बंगाल की नौकरशाही में बड़े प्रशासनिक पुनर्गठन की शुरुआत माना जा रहा है। बहरहाल, राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि सुवेंदु अधिकारी ने सत्ता संभालते ही हिंदुत्व आधारित राजनीति को जमीन पर उतारने की दिशा में तेज कदम बढ़ाने शुरू कर दिए हैं। सार्वजनिक स्थानों पर नमाज पर सख्ती, वंदे मातरम् को अनिवार्य करना, सीमा सुरक्षा, अवैध घुसपैठ और पशु तस्करी के खिलाफ कार्रवाई जैसे फैसलों को इसी व्यापक रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है।

# वैश्विक संकटों के दौर में परिवार ही रिश्तों की अंतिम शरणस्थली

(ललित गर्ग)

आज दुनिया का सबसे बड़ा संकट आर्थिक नहीं, बल्कि भावनात्मक और नैतिक संकट है। बाजार की चकाचौंध ने आदमी को उपभोक्ता तो बना दिया, लेकिन संवेदनशील इंसान नहीं बना सकी। संबंधों में स्वार्थ का प्रवेश हुआ है। विश्वास की जगह संदेह ने ले ली है। आदमी मशीनों से जुड़ रहा है, लेकिन अपनों से कटता जा रहा है।

हर वर्ष 15 मई को मनाया जाने वाला अंतर्राष्ट्रीय परिवार दिवस एक मानवीय रिश्तों का उत्सव ही नहीं, बल्कि मानव सभ्यता को उसकी जड़ों की याद दिलाने का अवसर है। यह दिन हमें बताता है कि दुनिया चाहे कितनी भी आधुनिक, तकनीकी और आर्थिक रूप से विकसित क्यों न हो जाए, मनुष्य की सबसे पहली जरूरत आज भी परिवार ही है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा स्थापित यह दिवस इस वर्ष विशेष रूप से इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि पूरी दुनिया बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, युद्ध, हिंसा, मानसिक तनाव, अकेलेपन और टूटते मानवीय विश्वासों के संकट से गुजर रही है। ऐसे कठिन समय में परिवार केवल रहने की जगह नहीं, बल्कि मनुष्य के अस्तित्व, सुरक्षा, संस्कार और संवेदनाओं की सबसे मजबूत छत बनकर सामने आता है।

आज दुनिया का सबसे बड़ा संकट आर्थिक नहीं, बल्कि भावनात्मक और नैतिक संकट है। बाजार की चकाचौंध ने आदमी को उपभोक्ता तो बना दिया, लेकिन संवेदनशील इंसान नहीं बना सकी। संबंधों में स्वार्थ का प्रवेश हुआ है। विश्वास की जगह संदेह ने ले ली है। आदमी मशीनों से जुड़ रहा है, लेकिन अपनों से कटता जा रहा है। युद्ध केवल सीमाओं पर नहीं लड़े जा रहे, वे परिवारों के भीतर भी दिखाई देने लगे हैंकृपति-पत्नी के बीच, पीढ़ियों के बीच, भाई-भाई के बीच। संवाद टूट रहे हैं, सहनशीलता घट रही है और 'मैं' का अहंकार 'हम' की भावना को निगलता जा रहा है। ऐसी परिस्थितियों में परिवार की भूमिका पहले से कहीं अधिक बढ़ जाती है। परिवार केवल रक्त संबंधों का समूह नहीं है, वह जीवन-मूल्यों का विद्यालय है। वहीं मनुष्य पहली बार प्रेम सीखता है, त्याग सीखता है, सहयोग, अनुशासन, धैर्य और सह-अस्तित्व की भावना सीखता है। यदि परिवार स्वस्थ है तो समाज स्वस्थ होगा, समाज स्वस्थ होगा तो राष्ट्र और विश्व भी संतुलित रहेंगे। इसलिए आज आवश्यकता केवल परिवार बचाने की नहीं, बल्कि परिवारों को मूल्यनिष्ठ बनाने की है। आज जब महंगाई लगातार बढ़ रही है, जीवन की आवश्यकताएं महंगी होती जा रही हैं और बेरोजगारी युवाओं के सपनों को तोड़ रही है, तब संयुक्त परिवार की अवधारणा फिर प्रासंगिक बनती दिखाई दे रही है। संयुक्त परिवार केवल आर्थिक साझेदारी नहीं, बल्कि भावनात्मक सुरक्षा का भी आधार है। वहां संसाधनों का साझा उपयोग होता है, जिम्मेदारियां बांटी जाती हैं और संकट अकेले व्यक्ति पर नहीं टूटता। अकेलेपन से उपजी अवसाद की समस्याएं संयुक्त परिवारों में अपेक्षाकृत कम दिखाई देती हैं क्योंकि वहां संवाद और अपनापन जीवित रहता है। वास्तव में आधुनिक सभ्यता ने स्वतंत्रता तो दी, लेकिन उस स्वतंत्रता ने कई बार व्यक्ति को संबंध-विहीन भी बना दिया। महानगरों के छोटे-छोटे फ्लैटों में रहने वाले हजारों लोग आर्थिक रूप से संपन्न होकर भी भीतर से बेहद अकेले हैं। वृद्ध माता-पिता उपेक्षा के शिकार हैं, बच्चे संस्कारों से दूर हो रहे हैं और पति-पत्नी के बीच संबंधों की ऊष्मा कम होती जा रही है। यही कारण है कि मानसिक रोग, तनाव, असुरक्षा और आत्महत्याओं की घटनाएं बढ़ रही हैं। यह केवल व्यक्तिगत विफलता नहीं, परिवार संस्था के कमजोर पड़ने का संकेत है।

आज आवश्यकता इस बात की है कि परिवार को केवल उपभोग और सुविधा का केंद्र न बनाकर उसे अहिंसा की प्रयोगशाला बनाया जाए। अहिंसा का अर्थ केवल किसी को शारीरिक चोट न पहुंचाना नहीं है। कठोर शब्दों से बचना, अपमान न करना, एक-दूसरे की भावनाओं का सम्मान करना, क्रोध पर संयम रखना, संवाद बनाए रखना और क्षमा का अभ्यास करना भी अहिंसा है। यदि परिवार के भीतर हिंसक भाषा, कटुता, अपमान और असहिष्णुता होगी तो समाज में शांति की कल्पना कैसे की जा सकती है? परिवार वह पहला स्थान होना चाहिए जहां बच्चा सहिष्णुता और करुणा का पाठ सीखे। जहां उसे यह सिखाया जाए कि जीवन प्रतियोगिता नहीं, सह-अस्तित्व है। जहां बुजुर्ग बोझ नहीं, अनुभवों की धरोहर माने जाएं। जहां स्त्री को सम्मान मिले, बच्चों को संस्कार मिले और युवाओं को विश्वास मिले। आज दुनिया में बढ़ती हिंसा का एक बड़ा कारण यह भी है कि परिवारों में संवाद और संवेदना कमजोर हो रही है। बच्चे मोबाइल से बातें कर रहे हैं, लेकिन माता-पिता से नहीं। परिवार साथ रहते हुए भी भीतर से बिखर रहा है। जलवायु परिवर्तन, युद्ध और आर्थिक अस्थिरता ने पूरी दुनिया को असुरक्षित बना दिया है।

# ब्रिक्स के विदेश मंत्रियों के 'दिल्ली-विमर्श' के निहितार्थ

(कमलेश पांडे)

देखा जाए तो नई दिल्ली में ब्रिक्स के विदेश मंत्रियों का जमावड़ा लगा हुआ है। दो दिनों का यह 18वां शिखर सम्मेलन ऐसे समय हो रहा है, जब दुनिया कई मोर्चे पर अस्थिरता से गुजर रही है। ब्रिक्स के सदस्य देश - ईरान और यूएई सीधे तौर पर इस हलचल में शामिल है। ऐसे में यह जुटान पूरी दुनिया के लिए अहम हो जाती है।

ब्रिक्स के विदेश मंत्रियों की दो दिवसीय दिल्ली बैठक ने दुनिया को कई महत्वपूर्ण राजनीतिक, आर्थिक और सामरिक संदेश दिए हैं, जिनके कूटनीतिक निहितार्थ को समझने की जरूरत है। अन्यथा शेष दुनिया को अमेरिकी-यूरोपीय दादागिरी (नाटो सैन्य गठबंधन) के दुनियावी दांवपेंचों से निजात मिलनी मुश्किल है। लिहाजा, इस बैठक में मुख्य रूप से वैश्विक शक्ति-संतुलन, अमेरिकी प्रतिबंध नीति, पश्चिम एशिया संकट, वैश्विक व्यापार व्यवस्था और 'ग्लोबल साउथ' की भूमिका पर जोर दिखाई दिया।

देखा जाए तो नई दिल्ली में ब्रिक्स के विदेश मंत्रियों का जमावड़ा लगा हुआ है। दो दिनों का यह 18वां शिखर सम्मेलन ऐसे समय हो रहा है, जब दुनिया कई मोर्चे पर अस्थिरता से गुजर रही है। ब्रिक्स के सदस्य देश - ईरान और यूएई सीधे तौर पर इस हलचल में शामिल है। ऐसे में यह जुटान पूरी दुनिया के लिए अहम हो जाती है। इस अहम बैठक में भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर, रूस के विदेश मंत्री सर्जेइ लावरोव और ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची जैसे नेताओं के दूरदर्शिता भरे बयान विशेष चर्चा में रहे। जिसके दुनियावी मायने बेहद अहम हैं।

जिस तरह से कूटनीतिक सम्मेलन के पहले ही दिन जयशंकर ने अंतरराष्ट्रीय कानून और संयुक्त राष्ट्र चार्टर के खिलाफ लगाए जाने वाले एकतरफा प्रतिबंधों का जिक्र किया, जो सबसे ज्यादा विकासशील देशों को नुकसान पहुंचाते हैं। स्वाभाविक तौर पर उनका इशारा अमेरिका है, क्योंकि डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ नीतियों की वजह से दुनिया को बहुत ज्यादा नुकसान उठाना पड़ा है। वहीं, ईरान मामले में भी गतिरोध की वजह बहुत हद तक वॉशिंगटन की अव्यवहारिक मांगें है। ब्रिक्स के बड़े मंच से उठी आवाज का असर ज्यादा होगा।

विदेश मंत्री एस जयशंकर का उद्घाटन भाषण मौजूदा चुनौतियों का सही खाका खींचता है। पश्चिम एशिया पर मंडराता युद्ध का खतरा, ऊर्जा संकट, सप्लाई चेन में रुकावट और जलवायु परिवर्तन ने अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था को एक नए मोड़ पर ला खड़ा किया है। तमाम देशों की अर्थव्यवस्था को मंदी में फंसने का डर सता रहा है। ऐसे में जैसा कि विदेश मंत्री ने कहा, विकासशील देशों ने ब्रिक्स से यह उम्मीद लगाई है कि यह मंच स्थिरता कायम करने में सकारात्मक भूमिका अदा करेगा। इसके कतिपय निहितार्थ इस प्रकार हैं-

पहला, एकध्रुवीय विश्व व्यवस्था को चुनौतीः बैठक का सबसे बड़ा संदेश यह था कि दुनिया अब केवल अमेरिका-केन्द्रित व्यवस्था पर निर्भर नहीं रहना चाहती। ब्रिक्स देशों ने मल्टीपोलर वर्ल्ड के दृष्टिगत बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था की आवश्यकता पर जोर दिया। इसका अर्थ है कि वैश्विक निर्णयों में पश्चिमी देशों के साथ एशिया, अफ्रीका और लैटिन अमेरिका की शक्तियों की भी बराबर भूमिका हो।

दूसरा, अमेरिकी प्रतिबंधों और आर्थिक दबाव का विरोधः भारत, रूस, चीन और ईरान सहित कई देशों ने एकतरफा प्रतिबंधों को अंतरराष्ट्रीय व्यापार और संप्रभुता के खिलाफ बताया। विशेष रूप से एस जयशंकर ने कहा कि प्रतिबंध और दबाव कूटनीति का विकल्प नहीं हो सकते। यह संदेश सीधे तौर पर अमेरिका की प्रतिबंध नीति की आलोचना माना गया।

तीसरा, डॉलर प्रभुत्व कम करने का संकेतः बैठक में स्थानीय मुद्राओं में व्यापार बढ़ाने और वैकल्पिक भुगतान प्रणालियों पर भी चर्चा हुई। यह संदेश था कि ब्रिक्स देश डॉलर पर निर्भरता कम करना चाहते हैं ताकि अमेरिकी आर्थिक दबाव का असर घटाया जा सके।



चतुर्थ, पश्चिम एशिया संकट पर चिंताः ईरान-इज़राइल तनाव और समुद्री मार्गों की सुरक्षा बड़ा मुद्दा रहा। ब्रिक्स देशों ने रेड सी और होर्मुज़ जलडमरूमध्य जैसे मार्गों की सुरक्षा पर जोर दिया। दुनिया को यह संदेश दिया गया कि क्षेत्रीय युद्ध अब वैश्विक अर्थव्यवस्था और ऊर्जा सुरक्षा को सीधे प्रभावित कर सकते हैं। हालांकि इस मंच के सामने भी चुनौती है। ईरान और यूएई के आपसी रिश्ते ठीक नहीं चल रहे। जबकि चीन ने अपने विदेश मंत्री को नहीं भेजा है।

एक बात और, जब सम्मेलन की शुरुआत हुई, चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग तब ट्रंप की मेजबानी में व्यस्त थे। ब्रिक्स के सबसे बड़े विरोधी ट्रंप है। उन्हें लगता है कि यह मंच अमेरिकी हितों के खिलाफ खड़ा किया गया है। मेजबान होने के नाते यह भारत की जिम्मेदारी है कि यहां से निकला संदेश किसी के विरोध में नहीं, साझा हित में हो। भारत के पास सभी सदस्यों को करीब लाने और मौजूदा संकट का समाधान पेश करने का मौका है।

पांचवां, ग्लोबल साउथ की राजनीतिक आवाजः बैठक में यह स्पष्ट हुआ किब्रिक्स स्वयं को केवल आर्थिक समूह नहीं, बल्कि विकासशील देशों की सामूहिक राजनीतिक आवाज के रूप में स्थापित करना चाहता है। अफ्रीका, एशिया और लैटिन अमेरिका के देशों की समस्याओं–जैसे खाद्य सुरक्षा, ऊर्जा संकट और कर्ज–को वैश्विक एजेंडा में प्रमुखता देने की बात कही गई। छठा, संयुक्त राष्ट्र सुधार की मांगः भारत और ब्राजील ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार और विकासशील देशों के अधिक प्रतिनिधित्व की आवश्यकता दोहराई। यह संदेश था कि द्वितीय विश्व युद्ध के बाद बनी संस्थाओं में अब नई वैश्विक वास्तविकताओं के अनुसार बदलाव होना चाहिए। सातवां, ब्रिक्स के भीतर मतभेद भी सामने आएः हालांकि बैठक में एकजुटता दिखाई गई, लेकिन यह भी स्पष्ट हुआ कि सभी सदस्य अमेरिका-विरोधी नीति पर पूरी तरह एकमत नहीं हैं। भारत और ब्राजील जैसे देश पश्चिम के साथ संतुलित संबंध बनाए रखना चाहते हैं, जबकि रूस और ईरान अधिक आक्रामक रुख चाहते हैं। इससे यह संकेत मिला कि ब्रिक्स अभी पूर्ण राजनीतिक गठबंधन नहीं, बल्कि साझा हितों वाला मंच है। समग्र रूप से कहा जाए तो, इस बैठक का वैश्विक संदेश यह था कि उभरती शक्तियाँ अब विश्व राजनीति और अर्थव्यवस्था में अधिक स्वतंत्र, संतुलित और पश्चिम से अलग भूमिका चाहती हैं। ब्रिक्स ने यह दिखाने की कोशिश की कि ग्लोबल साउथ अब केवल दर्शक नहीं, बल्कि वैश्विक शक्ति-संतुलन का सक्रिय खिलाड़ी बनना चाहता है। चूंकि ब्रिक्स अब केवल उभरती हुई अर्थव्यवस्थाओं का समूह नहीं रहा, इसकी भूमिका आज कहीं ज्यादा व्यापक हो चुकी है। वास्तव में यह वैश्विक संतुलन स्थापित करने में महत्वपूर्ण हो सकता है। भारत का रोल इसमें सबसे अहम हो जाता है। उसने पश्चिमी देशों के साथ रिश्ते बनाए हुए हैं, जबकि रूस, ईरान और चीन के साथ भी बैलेंस रखा है। उसने हमेशा संवाद से समाधान की बात की है। यह रवैया उसे भरोसेमंद साथी बनाता है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार व राजनीतिक विश्लेषक है)। (इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

## संक्षिप्त समाचार

### चार एनबी वारंटी गिरफ्तार




**आदापुर (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** स्थानीय थाना प्रभारी पूजा कुमारी ने छापेमारी कर एनबीडब्ल्यू चार वारंटी को गिरफ्तार किया, पकड़े गए आरोपी टिकुलिया गांव निवासी स्व राजेन्द्र राय के पुत्र कृष्णा राय, पलटू राय के पुत्र शम्भू राय,बुनी राय के पुत्र अनूठा राय, शम्भू राय के पुत्र लाल बिहारी राय को गिरफतार कर माननीय न्यायालय में उपसथापन हेतु भेजा गया।

### नहर किनारे झाड़ियों में छिपाकर रखी शराब बरामद

**कोटवा (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के जसौली पट्टी में छापेमारी कर भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद किया है। शराब को नहर किनारे झाड़ियों में छिपाकर रखी गई थी। बरामद शराब कुल 129.600 लीटर बताई गई है। हालांकि पुलिस की भनक लगते ही धंधेबाज मौके से फरार हो गया।सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, गुप्त सूचना मिली थी कि जसौली पट्टी के नहर किनारे झाड़ियों में शराब की खेप छिपाकर रखी गई है, जिसे रात के समय दूसरे स्थानों तक पहुंचाने की तैयारी थी। सूचना मिलते ही कोटवा थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए इलाके की घेराबंदी कर छापेमारी शुरू की। तलाशी के दौरान झाड़ियों में छिपाकर रखे गए कार्टनों से अंग्रेजी शराब बरामद की गई।थानाध्यक्ष ने बताया है की मामले में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस का दावा है कि शराब तस्करों की पहचान कर ली गई है और उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि शराब जब्त के पुलिस अग्रेत्तर कार्रवाई कर रही है।

### 20 को बन्द रहेंगी अनुमंडल की दवा दुकानें



**रक्सौल (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अनुमंडल क्षेत्र के दवा दुकानदारों ने बन्द करने का आह्वान किया है। ऑल इंडिया केमिस्ट एंड ड्रगिस एसोसिएशन की एक बैठक रक्सौल मे आयोजित की गई जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आनलाइन दवा बिक्री पर रोक लगाया जाय, कारपोरेट द्वारा दवा पर कमीशन बन्द हो,नकली दवा पर प्रतिबंध हो, इत्यादि बातों को रखा गया, बैठक में उपस्थित रक्सौल ईकाई के अध्यक्ष सिकन्दर प्रसाद, सचिव अरविंद कुमार सिंह, संगठन सचिव अजय कुमार, कोषाध्यक्ष सोनू सिंह, कार्यकारिणी के सदस्य बिजय जी , अशोक जी, संतोष जी, सहित अन्य गणमान्य दवा विक्रेता मौजूद थे,जिसमें आगामी 20/5/2026 को बन्दी रखने का ऐलान किया गया,पुरे जोर शोर से अनुमंडल की दवा दुकानें बंद रहेंगी।

### डीसीएलआर ने की समीक्षा बैठक, दिए निर्देश



**कोटवा (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सरकार के सात निश्चय 3 के तहत सबका सम्मान जीवन आसान कार्यक्रम की सफलता को लेकर आगामी 19 मई को होने वाले सहयोग शिविर को लेकर डीसीएलआर सदर सह कोटवा नोडल पदाधिकारी प्रीति सिंह ने शनिवार को समीक्षा बैठक किया। बैठक में सभी विभागीय पदाधिकारी और कर्मचारियों से सहयोग शिविर में आमलोगों के आवेदनों के निष्पादन की जानकारी ली।उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि सरकार की मंशा आमलोगों की समस्याओं का त्वरित वो न्यायसंगत समाधान करना है।नोडल पदाधिकारी ने सभी विभागों खास कर राजस्व विभाग से संबंधित आवेदनों के निष्पादन के लिए सीओ मोनिका आनंद को विशेष निर्देश दिया।मिली जानकारी के अनुसार मच्छरगांवा और करिया पंचायतों में 19 मई को सहयोग शिविर का आयोजन होना है।बीडीओ चिरंजीवी पाण्डेय ने बताया कि सहयोग शिविर में दोनों पंचायतों में अबतक 230 आवेदन प्राप्त हुए हैं जिसमें 168 आवेदनों का निष्पादन हो चुका है 62 आवेदन लंबित है।शिविर तक शत प्रतिशत आवेदनों का निष्पादन का लक्ष्य है।

### 18 मई से प्रारम्भ होगा जनभागीदारी अभियान



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जनजातीय कार्य मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण विभाग के माध्यम से जनजातीय बहुल गाँवों में 18.05.2026 से 25.05.2026 तक जनभागीदारी अभियान चलाया जाएगा। जिला पदाधिकारी मोतिहारी के द्वारा 18.05.2026 को अभियान का शुभारम्भ जिला समाहरणालय में किया जाएगा। इस अभियान के तहत कल्याणपुर एवं केसरिया के 04 अनुसूचित जनजाति बहुल गाँवों में 19.05.2026 से 25.05. 2026 तक शिविर का आयोजन किया जाएगा ' जिसमें विभिन्न सेवाओं के लिए आवेदन प्राप्त कर उनका निष्पादन करते हुए सेवाओं सम्बन्धी प्रमाणपत्रों का वितरण किया जाएगा तथा मेडिकल कैम्प के माध्यम से स्वास्थ्य सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। अभियान के सफल संचालन हेतु जिला कल्याण पदाधिकारी पूर्वी चंपारण को नोडल पदाधिकारी नामित किया गया है। कैम्प के दौरान पूर्व से चिन्हित स्थलों पर जनसुनवाई के माध्यम से अनुसूचित जनजाति समुदाय के लोगों से समस्याएँ प्राप्त की जाएंगी तथा उनका त्वरित निष्पादन कराया जाएगा। उक्त अभियान का उद्देश्य समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों को सरकारी सुविधाओं का सहज लाभ प्रदान करना है । अभियान के सम्बन्ध में अन्य कोई जानकारी के लिए संबंधित पंचायत के विकास मित्र अथवा संबंधित प्रखंड के प्रखंड कल्याण पदाधिकारी से संपर्क किया जा सकता है।

# विहिप विधि प्रकोष्ठ की दो दिवसीय प्रांत बैठक

## राधा सिकरिया बीएड फामेर्सी कॉलेज में दीप प्रज्वलन के साथ हुआ शुभारम्भ




**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** विश्व हिन्दू परिषद विधि प्रकोष्ठ की दो दिवसीय प्रांत बैठक सह पटना उच्च न्यायालय बैठक दिप प्रज्वलन के साथ राधा सिकरिया बी एड फामेर्सी कालेज मे शुरू हुआ। उद्घाटन जगत गुरू वामाचार्य सेवक संजय नाथ विहिप के केन्द्रीय संयोजक सह वरीय अधिवक्ता अभिषेक आत्रेय क्षेत्र संगठन मंत्री आनन्द कुमार बिहार झारखंड प्रमुख अशोक श्रीवास्तव अधिवक्ता प्रसिद्ध शिक्षाविद डॉ. शंभूनाथ सिकरिया ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करके किया। सेवक संजय नाथ ने बताया कि विधि प्रकोष्ठ हिन्दुओ को संरक्षित करने और मठ मंदिरो को बचाने मे पत्थर का मिल साबित होगा। केन्द्रीय संयोजक अभिषेक आत्रेय ने बताया कि लिगल सेल लवजेहाद धर्मान्तरण वक्फ बोर्ड द्वारा एकवायर जमीन के खिलाफ देश भर मे लड रहा है। मठ मंदिरो के सरकारी अधिग्रहण से मुक्त करने की लड़ाई लड रहा है। देश और हिन्दुओ की संस्कृति सुरक्षित रहे इसके लिए विहिप देश भर मे बजरंगदल विहिप दुरगावाहिनि गौ रक्षा का प्रशिक्षण लगाकर उन्हे कानून और संविधान का शिक्षा देकर मजबूत कर रहा है। विहिप के बिहार झारखंड के विधि प्रकोष्ठ प्रमुख अशोक श्रीवास्तव अधिवक्ता और क्षेत्र संगठन मंत्री आनन्द कुमार ने संयुक्त रूप से बताया कि पुरे बिहार सहित पुरे भारत मे इस्लामिक आतंकवाद इसाईत आतंकवाद चल रहा है लव जेहाद के तहत हजारो हिन्दू बेटियो को उठाया जा रहा है हजारो की मात्रा मे प्रति दिन गो हत्या हो रही है। हिन्दू मठ मंदिर तोडे जा रहे है गजवा ए हिन्द का क्रांति इस्लाम के लोग चला रहे है। इन सभी के विरूद्ध लडने के लिए विश्व हिन्दू परिषद का विधि प्रकोष्ठ बडी मजबूती के साथ खडा है। कार्यक्रम को उच्च न्यायालय के वरीय अधिवक्ता श्रवण कुमार राकेश ठाकूर ने भी सम्बोधित किया। उमेन्द्र वर्मा अधिवक्ता ने धन्यवाद ज्ञापन किया संचालन प्रांत संयोजक रंजन कुमार ने किया। मौके पर देवेन्द्र कुमार सिंह, मनीष कुमार अधिवक्ता डॉ. राजेश श्रीवास्तव, राजीव शंकर वर्मा अधिवक्ता अंकित कुमार, अवनीश सिंह, अर्जुन मिश्र, गणेश ठाकूर,विवेकानंद मिश्र,मनोज ठाकूर अधिवक्ता, धर्मेन्द्र ठाकूर, अंकित श्रीवास्तव, राहुल सिंह, ध्रुव मिश्रा, प्रेम श्रीवास्तव, विजय शंकर, श्रीनजीत प्रसाद, गोलू श्रीवास्तव आदित्य कुमार, हेमन्त कुमार, अमित श्रीवास्तव, रवि वर्मा, अनिल वर्मा इत्यादि सैकडो कार्यकर्ता उपस्थित थे। समारोप सत्र में अभिषेक आत्रेय अधिवक्ता ने बताया कि विश्व हिन्दू परिषद केवल भारत के हिन्दुओ की सुरक्षा ही नही वलकि विश्व के हिन्दुओ की सुरक्षा के लिए खड़ा है ' आज हम कानून का सहारा लेकर देश मे लव जेहाद धर्मान्तरण, गौ हत्या रोकेगे और समान नागरिक संहिता कानून लाने के सरकार पर दबाव बनाएगे। पुरा उतर बिहार बारुद के ढेर पर खडा है आज लैंड जेहाद और जनसंख्या जेहाद के कारण बिहार के आठ जिले अल्पसंख्यक हो गया जिसकी लड़ाई भी लिगल सेल लड रहा है ' डॉ.शंभूनाथ सिकरिया ने कहा विहिप एक धार्मिक सांस्कृतिक सामाजिक और गैर राजनीतिक संगठन है इसलिए इसकी मजबूती के लिए हम सभी को आगे आना होगा। अंत मे संगठन विस्तार हेतू कई जिले की घोषणा और उच्च न्यायालय का भी संगठन बनाया गया। धन्यवाद ज्ञापन निर्देशक बी एड फामेर्सी कालेज के यमुना सिकरिया ने किया।

# नाना को रुपए देने जा रहे बाइक सवार युवक की सड़क दुर्घटना में हुई मौत, दूसरा घायल

## चिरैया - घोड़ासहन निमार्णाधीन सड़क की है घटना, सड़क के कटाव से टकराई बाइक



**चिरैया (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** चिरैया-घोड़ासहन मुख्य पथ पर दीपही गांव के समीप शनिवार की रात निमार्णाधीन सड़क के कटाव से टकराकर एक अपाची बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में बाइक सवार एक युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल का इलाज मोतिहारी के एक निजी नर्सिंग होम में चल रहा है। मृतक की पहचान चिरैया थाना क्षेत्र के मोहद्दीपुर गांव निवासी महेश राय के 28 वर्षीय पुत्र अशोक कुमार के रूप में हुई है। वहीं घायल युवक नीतीश कुमार (30) जयकरण राय का पुत्र बताया गया है। जानकारी के अनुसार मृतक अपने दोस्त के साथ बाइक से शनिवार रात करीब साढ़े दस बजे रुपयों से भरा थैला लेकर जितना थाना क्षेत्र के बड़हरवा गांव अपने नाना को रुपए देने जा रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार बाइक सड़क के कट से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक करीब 20 फीट दूर जा गिरी और नोटों की गड्डियां सड़क पर बिखर गईं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ग्रामीणों की मदद से घायल युवक ने सभी रुपये समेटकर थैले में रखे। इसके बाद ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। इधर सूचना मिलने पर चिरैया पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। बताया जाता है कि मृतक परिवार का एकमात्र कमाऊ सदस्य था तथा आगामी 21 जून को उसकी शादी होने वाली थी। थानाध्यक्ष महेश कुमार ने बताया कि परिजनों की ओर से अभी आवेदन नहीं मिला है। आवेदन मिलने के बाद प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# एकमा में पावर ट्रांसफार्मर खराब होने से 24 घंटे से बिजली गुल

## गर्मी के मौसम में पूरी रात उपभोक्ता रहे बेहाल, 10 एमवीए के ट्रांसफार्मर बदलने का कार्य जारी





**एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिजली विभाग के पीएसएस एकमा में तीन दिन पहले पावर ट्रांसफार्मर में आई तकनीकी खराबी के कारण सारण जिले के नगर पंचायत एकमा बाजार समेत आसपास के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बुरी तरह प्रभावित है। भीषण गर्मी के बीच लगातार बाधित बिजली आपूर्ति से उपभोक्ताओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बताया जाता है कि पीएसएस एकमा से पांच फीडरों क्रमशः एकमा, रसूलपुर, ताजपुर, परसागढ़ और मुकुंदपुर के माध्यम से आसपास के क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति की जाती है। ट्रांसफार्मर में खराबी आने के बाद बीते दिनों से सभी फीडरों को बारी-बारी से करीब एक-एक घंटे के लिए बिजली आपूर्ति की जा रही थी। स्थिति तब और गंभीर हो गई जब शनिवार शाम से खराब ट्रांसफार्मर को हटाकर नया ट्रांसफार्मर लगाने का कार्य युद्ध स्तर पर शुरू किया गया। इस दौरान पूरी रात क्षेत्र अंधेरे में डूबा रहा। भीषण गर्मी और उमस के कारण लोगों ने पूरी रात जागकर किसी तरह समय बिताया। लगभग 24 घंटे से लगातार बिजली आपूर्ति ठप रहने से लोगों की परेशानी और बढ़ गई। रविवार सुबह करीब 10 बजे के बाद महज 10 मिनट के लिए बिजली आपूर्ति बहाल हुई, लेकिन इसके बाद फिर आपूर्ति बंद कर दी गई। बिजली नहीं रहने से लोगों को गर्मी, पेयजल संकट और दैनिक कार्यों में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मोबाइल चार्जिंग से लेकर अन्य जरूरी कार्य भी प्रभावित हैं। वहीं रेलवे लाइन किनारे के स्थित एकमा, नवादा, चैनवा, रसूलपुर आदि गांवों के छात्र-युवा वैध टिकट लेकर छपरा-सिवान रेलखंड पर परिचालित पैसेंजर ट्रेनों में यात्रा कर मोबाइल चार्जिंग की समस्या दूर करते नजर आ रहे हैं। बिजली विभाग के कनीय अभियंता संतोष सावंत ने बताया कि 10 एमवीए क्षमता का नया ट्रांसफार्मर लगाया जा रहा है। ट्रांसफार्मर के चार्ज होने के बाद क्षेत्र में बिजली आपूर्ति सामान्य कर दी जाएगी।

# अस्पताल में आयुष डॉक्टर तो तैनात हैं, पर आयुर्वेद दवाओं की नहीं है उपलब्धता




**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** केंद्र और राज्य सरकार आयुष पद्धति को बढ़ावा देने के बड़े-बड़े दावे करती है। लेकिन मसौढ़ी में हकीकत इन दावों की पोल खोल रही है। यहां आयुष डॉक्टर तो बैठते हैं, पर मरीजों को देने के लिए आयुर्वेद की दवाएं ही नहीं हैं।अनुमंडल अस्पताल मसौढी मे करीब दो साल पहले यहाँ एक चिकित्सक की तैनाती की गई थी,जो हमेशा प्रभार मे थे लेकिन उस उसके बाद 24 अक्टूबर 2024 को आयुर्वेदिक चिकित्सा पदाधिकारी की पदस्थापना हुई तब इलाके के लोग उम्मीद लगाए बैठे थे कि अब उन्हें सस्ता और साइड इफेक्ट रहित आयुर्वेदिक इलाज मिलेगा। लेकिन डॉक्टर सिर्फ पर्चा लिखकर मरीजों को बाहर मेडिकल स्टोर भेज देते हैं। वही इलाज कराने आए मरीजों में संजय कुमार सिंह चरमा, आनंद कुमार तुलसीचक, शशि देवी सरवां मसौढी आदि ने बताया की डॉक्टर साहब देख लिए, पर्ची पर दवाई लिख दी। बोले अस्पताल में दवा नहीं है, बाहर से खरीद लो। बाहर 500-600 की दवाई है। गरीब आदमी कहां से लाए,अस्पताल सूत्रों की मानें तो पिछले 4 महीने से आयुर्वेदिक दवाओं की सप्लाई नहीं आई है। अश्वगंधा, त्रिफला, च्यवनप्राश, गिलोय जैसी बुनियादी दवाएं भी उपलब्ध नहीं हैं। अस्पताल मे तैनात आयुष चिकित्सक पदाधिकारी डॉ अफ्शा ने बताया की हम मरीज देखने को तैयार हैं। रोज 50-60 मरीज आ भी रहे हैं। पर दवा नहीं होगी तो इलाज कैसे होगा? हमने कई बार सिविल सर्जन कार्यालय को डिमांड भेजी है। जब तक दवा नहीं आएगी, सिर्फ परामर्श ही दे सकते हैं।सामाजिक कार्यकर्ताओ की माने तो सरकार कहती है आयुर्वेद को बढ़ावा दो, योग अपनाओ। पर अस्पताल में दवा ही नहीं दोगे तो लोग भरोसा कैसे करेंगे? ये तो डॉक्टर की तैनाती का भी मजाक है। सिविल सर्जन, से बात की गई तो उन्होंने बताया की मामला संज्ञान में आया है। राज्य स्वास्थ्य समिति से दवा की आपूर्ति में देरी हुई है। 15 दिनों के अंदर सभी पीएचसी पर आयुर्वेदिक दवाएं उपलब्ध करा दी जाएंगी। गौरतलब है की सिर्फ डॉक्टर बैठा देने से आयुर्वेद का प्रचार नहीं होगा। जब तक दवाएं, पंचकर्म की सुविधा और जागरूकता नहीं बढ़ेगी, तब तक "हर घर आयुर्वेद" का सपना अधूरा रहेगा।

# बिना वीजा भारत में घुसने की कोशिश में चीनी नागरिक गिरफ्तार, खिलौना विमान व संदिग्ध सामान बरामद



**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारत-नेपाल सीमा पर सुरक्षा एजेंसियों ने एक चीनी नागरिक को अवैध रूप से भारत में प्रवेश करते हुए हिरासत में लिया है। यह कार्रवाई रक्सौल-वीरगंज मैत्री पुल पर नियमित जांच अभियान के दौरान की गई। पकड़े गए विदेशी नागरिक के पास से खिलौना विमान, स्पाइडरमैन मुखौटा सहित कई अन्य सामान बरामद किए गए हैं, जिसके बाद सुरक्षा एजेंसियां मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच में जुट गई हैं। जानकारी के अनुसार, हिरासत में लिया गया व्यक्ति बिना वैध भारतीय वीजा के नेपाल के रास्ते भारत में प्रवेश करने की कोशिश कर रहा था। प्रारंभिक पूछताछ में उसने खुद को खिलौना कारोबारी बताया है। बताया जा रहा है कि वह नेपाल के चितवन क्षेत्र से वीरगंज पहुंचा था और वहां से रक्सौल सीमा के रास्ते भारत में प्रवेश कर रहा था। एसएसबी जवानों ने मैत्री पुल के समीप संदेह के आधार पर उसे रोककर पूछताछ की। जांच के दौरान उसके पास से चीनी पासपोर्ट बरामद हुआ, लेकिन भारत में प्रवेश से संबंधित वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जा सके। पूछताछ में भाषा की भी समस्या सामने आई, क्योंकि वह केवल चीनी भाषा ही बोल पा रहा था। सुरक्षा एजेंसियों के मुताबिक पकड़े गए व्यक्ति की पहचान चीन निवासी 57 वर्षीय याओ शुझांग के रूप में हुई है। उसके पास से मिले खिलौना विमान और अन्य सामग्री की भी जांच की जा रही है। एजेंसियां यह पता लगाने में जुटी हैं कि वह भारत आने के पीछे किस उद्देश्य से सीमा पार कर रहा था और उसका किसी संदिग्ध गतिविधि से कोई संबंध तो नहीं है। रक्सौल एडीपीओ मनीष आनंद ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि एक चीनी नागरिक को अवैध तरीके से सीमा पार करते हुए पकड़ा गया है। उसके खिलाफ नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जा रही है। भारत-नेपाल सीमा की संवेदनशीलता को देखते हुए सुरक्षा एजेंसियों ने सीमा क्षेत्र में निगरानी और सख्त कर दी है। इस घटना के बाद सीमा पर विदेशी नागरिकों की गतिविधियों पर विशेष नजर रखी जा रही है।

## लॉ प्रेप ट्यूटोरियल के डायरेक्टर अभिषेक गुंजन की दादी मां महालक्ष्मी देवी का निधन



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शिक्षा जगत में क्लैट से जुड़ी संस्था लॉ प्रेप ट्यूटोरियल के डायरेक्टर अभिषेक गुंजन की दादी माँ महालक्ष्मी देवी का निधन हो गया। उन्होंने मुजफ्फरपुर में अंतिम सांस ली। उनके निधन की खबर मिलते ही परिजनों एवं शुभचिंतकों में शोक की लहर दौड़ गई। पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ सुब्रमण्यम स्वामी ने भी शोक संवेदना व्यक्त किया ।। महालक्ष्मी देवी अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गई हैं जिनमें उनके तीन पुत्र सुधीर सिंह, सुशील सिंह एवं बरुण सिंह हैं। उनकी अंतिम यात्रा मुजफ्फरपुर से पैतृक गांव सिंगाही के लिए निकली। द्वादशा कार्यक्रम 26 मई, मंगलवार को आयोजित किया जाएगा, जिसमें रिश्तेदार, शुभचिंतक एवं समाज के लोग शामिल होकर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।

## नौ दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा सत्संग प्रवचन समारोह आज से

**मोतिहारी (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शहर के छतौनी बस स्टैंड के समीप भटहां हंस नगर में 18 मई से 26 मई तक नौ दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा सत्संग प्रवचन समारोह का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम मानव उत्थान सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। आयोजकों ने बताया कि सद्गुरु श्री सतपाल जी महाराज की प्रेरणा से आयोजित इस धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में हरिद्वार एवं अन्य स्थानों से आए संत-महात्मा श्रद्धालुओं को प्रवचन देंगे। प्रतिदिन अपराह्न 3 बजे से शाम 7 बजे तक कथा एवं सत्संग का आयोजन होगा। कार्यक्रम में महात्मा श्री ज्ञान युक्ता नंद जी (हरिद्वार), साध्वी महात्मा श्री हीरा बहन जी(बद्रीनाथ), साध्वी महात्मा श्री संगीता बहन जी (प्रयागराज), साध्वी महात्मा श्री मुक्तिका बहन जी(नासिक) तथा महात्मा श्री कांता नंद जी (नेपाल) शामिल होंगे। आयोजन समिति ने मोतिहारी नगर की महिलाओं एवं श्रद्धालुओं से 18 मई की सुबह 8 बजे आयोजित कलश यात्रा में शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है। इस अवसर पर मानव सेवा दल के प्रांत प्रभारी सच्चिदानंद यादव ने कहा कि मनुष्य केवल शरीर की बाहरी सुंदरता पर ध्यान केंद्रित करता है, जबकि वास्तविक सुंदरता आंतरिक शांति और आध्यात्मिक जागरण में है।

# 43वीं जिला एथलेटिक्स मीट 6-7 जून को परसा में, तैयारियों का लिया गया जायजा



**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सारण जिला एथलेटिक्स संघ की 43वीं जिला एथलेटिक्स प्रतियोगिता आगामी 6 और 7 जून को परसा हाई स्कूल स्थित स्टेडियम में आयोजित की जाएगी। इसको लेकर रविवार को परसा प्रखंड परिसर स्थित स्टेडियम में जिला एथलेटिक्स संघ की बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता श्यामदेव सिंह ने की। संघ के सचिव गजेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि पूर्व में आयोजित 42वीं जिला एथलेटिक्स मीट के दौरान अगली प्रतियोगिता एकमा में कराने का प्रस्ताव पारित किया गया था, लेकिन तैयारियों और आवश्यक व्यवस्थाओं को देखते हुए सर्वसम्मति से इस बार परसा प्रखंड को मेजबानी सौंपी गई। आयोजन की तैयारियों का जायजा लेने के लिए जिला संघ की टीम रविवार को परसा पहुंची। बैठक में आयोजन सचिव रोहित यादव को प्रतियोगिता से जुड़ी विभिन्न मानक संचालन प्रक्रियाओं की जानकारी दी गई। एथलेटिक्स के राष्ट्रीय ऑफिशियल सह कोच अमित सौरभ ने आयोजन से संबंधित तकनीकी पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की। स्थल निरीक्षण और विचार-विमर्श के बाद तिथि एवं स्थान को अंतिम स्वीकृति प्रदान की गई। सचिव गजेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि जिला एथलेटिक्स संघ के पत्रांक-5, दिनांक 27 अप्रैल के तहत परसा को मेजबानी सौंपते हुए रोहित यादव को आयोजन सचिव बनाया गया है। जल्द ही आयोजन समिति का गठन किया जाएगा। बैठक में खिलाड़ियों के आवासन, भोजन, पेयजल एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को लेकर भी चर्चा हुई। प्रतियोगिता में जिला भर के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे।

# नालसा का मानसिक रूप से बीमार व्यक्तियों के लिये विधिक सेवाएं योजना विषय पर जागरूकता कार्यक्रम

## विधिक सेवा संस्थाओं का उद्देश्य केवल न्यायलयों तक सिमित नहीं है, बल्कि समाज के अंतिम पायदान पर खडे व्यक्ति तक न्याय एवं अधिकारों की पहुंच सुनिश्चित करना है : सचिव



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार मोतिहारी द्वारा केंद्रीय कारा मोतिहारी में 'नालसा मानसिक रूप से बीमार एवं बौद्धिक दिव्यांग व्यक्तियों के लिए विधिक सेवाएं योजना' विषय पर एक विस्तृत विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जेल में निरुद्ध मानसिक रूप से बीमार, बौद्धिक दिव्यांग एवं अन्य वंचित बंदियों को उनके संवैधानिक एवं विधिक अधिकारों के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें न्याय तक प्रभावी पहुंच सुनिश्चित कराना था। कार्यक्रम में जेल अधीक्षक विजय अरोड़ा, लॉ फाउंडेशन से आये संसाधन व्यक्ति, जेल प्रशासन के अधिकारीगण, पारा विधिक स्वयं सेवक एवं बड़ी संख्या में पुरुष एवं महिला बंदी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव नितिन त्रिपाठी ने सक्रिय एवं संवेदनशील भूमिका निभाते हुए बंदियों के अधिकार, पुनर्वास, मानसिक स्वास्थ्य सहायता एवं निःशुल्क विधिक सेवाओं के महत्व पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला।अपने संबोधन में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने कहा कि विधिक सेवा संस्थाओं का उद्देश्य केवल न्यायालयों तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक न्याय एवं अधिकारों की पहुंच सुनिश्चित करना है। उन्होंने विशेष रूप से मानसिक रूप से बीमार एवं बौद्धिक दिव्यांग बंदियों के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि ऐसे व्यक्तियों को केवल कानूनी सहायता ही नहीं बल्कि मानवीय सहयोग, परामर्श एवं पुनर्वास की भी आवश्यकता होती है। उन्होंने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार लगातार समाज के वंचित एवं हाशिए पर रह रहे वर्गों- जैसे बंदी, महिला, बच्चे, दिव्यांग, वृद्ध एवं आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्तियों तक विधिक जागरूकता पहुंचाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम संचालित कर रहा है। जेलों में विधिक जागरूकता शिविर, सहायता शिविर एवं सुधारात्मक गतिविधियों के आयोजन का उद्देश्य बंदियों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाना तथा उन्हें समाज की मुख्यधारा से पुनः जोड़ना है। कार्यक्रम के दौरान लॉ फाउंडेशन के संसाधन व्यक्तियों द्वारा नालसा योजना, मानसिक स्वास्थ्य देखभाल अधिनियम, निःशुल्क विधिक सहायता, बंदियों के अधिकार, पुनर्वास एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। बंदियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए उन्हें आवश्यक विधिक परामर्श भी उपलब्ध कराया गया। इस अवसर पर सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार नितीन त्रिपाठी द्वारा जेल परिसर में 'ई-मुलाकाती विधिक सहायता हेल्प डेस्कह्व का उद्घाटन किया गया। यह हेल्प डेस्क बंदियों एवं उनके परिजनों को विधिक सहायता, आवेदन, केस की जानकारी एवं आवश्यक कानूनी परामर्श उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

CMYK





## चांदी के आयात पर सरकार ने बढ़ाई सख्ती, नए नियम तत्काल प्रभाव से लागू

### हर पखवाड़े जमा करनी होगी परफॉर्मेंस रिपोर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सरकार ने चांदी के आयात पर बंदिशें बढ़ा दी हैं। शनिवार को एक सरकारी आदेश जारी हुआ। इसके अनुसार, अधिकारी सोने-चांदी के प्रवाह को कंट्रोल करने और देश के बाहरी क्षेत्र पर दबाव कम करने के अपने प्रयासों को जारी रखे हुए हैं। यह ताजा कदम सरकार की ओर से हाल के दिनों में घोषित उपायों की एक सीरीज के बीच आया है। इनका मकसद कीमती धातुओं के आयात पर निगरानी और कंट्रोल को और सख्त करना है। न्यूज एजेंसी एएनआई के मुताबिक, भारत सरकार ने चांदी




की सिल्लियों के आयात से जुड़ी नीति को सख्त कर दिया है। तत्काल प्रभाव से उनकी स्थिति को 'मुक्त' से बदलकर 'प्रतिबंधित' कर दिया है। निगरानी को और मजबूत करने के लिए 'एडवांस ऑथराइजेशन' स्कीम के तहत आयातकों को अब हर पखवाड़े (दो सप्ताह में एक बार) परफॉर्मेंस रिपोर्ट जमा करनी होगी। इस रिपोर्ट को एक स्वतंत्र चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) की ओर से प्रमाणित किया जाना अनिवार्य होगा। इसमें आयात और निर्यात गतिविधियों का विस्तृत विवरण शामिल होगा। केंद्र सरकार ने हाल ही में सोने और चांदी पर आयात शुल्क को 6 फीसदी से बढ़ाकर 15 फीसदी कर दिया था। इसके अलावा, सोने-चांदी के आयात पर 3 फीसदी 'इंटीग्रेटेड गुड्स एंड सर्विस टैक्स' भी लगाया गया था। इन उपायों का उद्देश्य गैर-आवश्यक आयातों पर अंकुश लगाना और विदेशी मुद्रा भंडार पर पड़ने वाले दबाव को कम करना है। यह ऐसे समय में किया गया है, जब कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें और वैश्विक भू-राजनीतिक अनिश्चितताएं देश के बाहरी आर्थिक संतुलन को प्रभावित कर रही हैं। साल 2025-26 में भारत का सोने का आयात 24 फीसदी से अधिक बढ़कर रिकॉर्ड 71.98 अरब डॉलर तक पहुंच गया। हालांकि, इस दौरान सोने की खेप की मात्रा (वॉल्यूम) में 4.76 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। यह घटकर 721.03 टन रह गई। सरकार ने पहले कहा था कि इस सख्त ढांचे का उद्देश्य आयात की बेहतर निगरानी सुनिश्चित करना है।

### सोने की आयात सीमा 100 किलो तय

सरकार ने शुक्रवार को 'एडवांस ऑथराइजेशन' स्कीम के तहत सोने के आयात की सीमा 100 किलो तय कर दी। साथ ही, विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) की एक अधिसूचना के जरिये रत्न और आभूषण क्षेत्र के आयातकों के लिए सख्त अनुपालन आवश्यकताओं को भी लागू किया। अधिसूचना में कहा गया है, 'सोने के आयात के लिए 'एडवांस ऑथराइजेशन' केवल 100 किलो की अधिकतम अनुमेय मात्रा सीमा के अधीन ही जारी किया जाएगा।' आवेदन करने वालों के लिए भी नियमों को सख्त कर दिया है।

### अब आसमान छुएंगे पेट्रोल-डीजल के दाम

# भारत के लिए बढ़ा महासंकट, रूसी तेल पर मिलने वाली अमेरिकी छूट खत्म

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वैश्विक ऊर्जा बाजार में जारी उथल-पुथल के बीच दुनिया पर एक और ऑयल शॉक (तेल का झटका) का खतरा मंडराने लगा है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार, डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने समुद्र में मौजूद रूसी कच्चे तेल की खरीद पर दी गई प्रतिबंधों की अस्थायी छूट को आगे बढ़ाने से इनकार कर दिया है। इससे 16 मई की समयसीमा समाप्त होने के बाद यह छूट अब खत्म हो गई है। अमेरिकी सरकार के इस कड़े फैसले से भारत और इंडोनेशिया जैसे उन देशों को बड़ा झटका लगा है, जो पश्चिम एशिया (मिडिल ईस्ट) में जारी युद्ध के बीच अपनी ऊर्जा सुरक्षा के लिए सस्ते रूसी तेल पर निर्भर थे।

**क्या थी यह अमेरिकी छूट:** पश्चिम एशिया में जारी ईरान युद्ध और होर्मुज जलडमरूमध्य की नाकेबंदी के कारण दुनिया भर में कच्चे तेल की सप्लाई प्रभावित हुई है। इसी संकट से निपटने और अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतों को काबू में रखने के लिए वाशिंगटन ने मार्च में पहली बार एक विशेष छूट जारी की थी। इस छूट के तहत उन रूसी तेल टैंकरों से खरीद की इजाजत दी गई थी, जिन पर तेल पहले से लोड किया जा चुका था। बाद में आयात करने वाले देशों के दबाव में आकर अमेरिकी वित्त मंत्रालय ने इसे अप्रैल में 16 मई तक के लिए बढ़ा दिया था।




**भारत ने की थी छूट बढ़ाने की मांग=** भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों का एक बड़ा हिस्सा आयात करता है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक, इस डेडलाइन से ठीक पहले भारत ने अमेरिका से इस छूट को आगे बढ़ाने का पुरजोर आग्रह किया था। भारतीय अधिकारियों ने वाशिंगटन से ये बातें कही थीं: वैश्विक तेल बाजार में जारी उतार-चढ़ाव का सीधा असर भारत की 1.4 अरब आबादी और देश की अर्थव्यवस्था पर पड़ सकता है। ईंधन की बढ़ती लागत का खामियाजा पहले ही देश के आम परिवारों को भुगतना पड़ रहा है, जिससे रसोई गैस की किल्लत जैसी समस्याएं सामने आ रही हैं। इस अमेरिकी छूट का फायदा उठाते हुए भारतीय रिफाइनिंग कंपनियों ने रूसी तेल की खरीद में रेकॉर्ड तेजी दिखाई थी।

## 6 साल में पहली बार वोडा-आइडिया को मुनाफा, अब 13 वाले शेयर पर रहेगी नजर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** संकट से जूझ रही टेलीकॉम कंपनी वोडाफोन-आइडिया ने वित्त वर्ष 2025-26 की जनवरी-मार्च तिमाही के नतीजे जारी कर दिए हैं। इस तिमाही में कंपनी का मुनाफा 51,970 करोड़ रुपये रहा। यह लगभग छह वर्षों में कंपनी का पहला मुनाफा है। वोडाफोन आइडिया को वित्त वर्ष 2024-25 की समान तिमाही में 7,167 करोड़ रुपये का घाटा हुआ था। अब सोमवार को वोडाफोन आइडिया के शेयर में हलचल की उम्मीद है। बता दें कि इस टेलीकॉम कंपनी के शेयर की कीमत बीएसई इंडेक्स पर 12.96 रुपये है। बीते शुक्रवार को शेयर 13.34 रुपये के स्तर तक गया था। यह शेयर के 52 हफ्ते का हाई है। वोडाफोन-आइडिया ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि यह मुनाफा मुख्य रूप से देनदारियों में राहत के कारण हुआ है। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि दूरसंचार विभाग (डीओटी) ने 27 जनवरी को पुष्टि की थी कि 31 दिसंबर 2025 तक वोडाफोन आइडिया पर एडजस्ट ग्रॉस रेवेन्यू (एजीआर) से जुड़ा बकाया 87,695 करोड़ रुपये है। इसके बाद डीओटी ने 30 अप्रैल को कंपनी को बताया कि पुनर्मूल्यांकन के लिए गठित समिति ने 2006-07 से 2018-19 की अवधि के लिए 31 दिसंबर, 2025 तक एजीआर बकाया 64,046 करोड़ रुपये तय किया है।

# चिप को लेकर टाटा-एएसएमएल के बीच बड़ी डील

### पीएम मोदी के नीदरलैंड पहुंचते ही हुए कई समझौते, डच कंपनियों को दिया ऑफर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस समय विदेश यात्रा पर हैं। इस दौरान वह शनिवार को दो दिवसीय दौर पर यूरोपीय देश नीदरलैंड पहुंचे। पहले दिन भारत ने नीदरलैंड के साथ करीब कई समझौते किए। इसमें सबसे बड़ा समझौता सेमीकंडक्टर चिप से जुड़ा है। भारत में सेमीकंडक्टर निर्माण को नई गति देने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए डच कंपनी ,स्क्रू और टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स के बीच एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। यह समझौता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नीदरलैंड के प्रधानमंत्री रॉब जेटेन की मौजूदगी में हुआ। दोनों नेताओं ने गुजरात के धोलेरा में स्थापित होने वाले भारत के पहले फ्रंट-एंड सेमीकंडक्टर फैब के लिए टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स और एएसएमएल की साझेदारी का स्वागत किया। टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स 91,000 करोड़ रुपये के निवेश से भारत का पहला सेमीकंडक्टर वेफर मैन्युफैक्चरिंग प्लांट स्थापित कर रही है। इस दौरान पीएम मोदी ने बताया कि सेमीकंडक्टर क्षेत्र में भारत की प्रगति देश के युवाओं के लिए अपार अवसर लेकर आ रही है और आने वाले समय में इस क्षेत्र को और अधिक मजबूती दी जाएगी। वहीं एएसएमएल के अधिकारी क्रिस्टोफ फूके ने कहा कि भारत के लिए सेमीकंडक्टर अब एक स्पष्ट प्राथमिकता बन चुका है और टाटा देश का पहला सेमीकंडक्टर फैब स्थापित करने जा रही कंपनी है।

सेमीकंडक्टर प्रोजेक्ट बेहद महत्वपूर्ण है। इस एमओयू के



माध्यम से हम टाटा को उत्पाद, तकनीक और विशेषज्ञ मानव संसाधन के स्तर पर हर संभव सहयोग देना चाहते हैं, ताकि उन्हें पहले फैब के लिए सर्वश्रेष्ठ लिथोग्राफी समाधान मिल सके।

डच कंपनियों को निवेश का मौका पीएम मोदी ने शनिवार को नीदरलैंड की कंपनियों को भारत में डिजाइन, इनोवेट और मैन्युफैक्चर करने के लिए आमंत्रित किया है। अपनी पांच देशों की यात्रा के दूसरे पड़ाव के तहत नीदरलैंड पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी ने डच कंपनियों के सामने भारत में व्यापार के असीम अवसरों को रेखांकित किया। उन्होंने विदेशी कंपनियों से मैरीटाइम (समुद्री क्षेत्र), रिन्यूएबल एनर्जी (नवीकरणीय ऊर्जा), डिजिटल टेक्नोलॉजी, सेमीकंडक्टर्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और हेल्थकेयर जैसे उभरते क्षेत्रों में निवेश की संभावनाएं तलाशने का आग्रह किया। नीदरलैंड की कंपनियों के साथ समझौते के दौरान पीएम मोदी के साथ उनके डच समकक्ष यानी नीदरलैंड के प्रधानमंत्री रॉब जेटन भी मौजूद थे। वकालत की। आधिकारिक बयान के अनुसार, यह एफटीए भारत और यूरोपीय संघ को एक भरोसेमंद और विश्वसनीय भागीदार के रूप में और मजबूत करेगा।

### दोनों देशों के बीच इन क्षेत्रों पर हुई चर्चा

**कनेक्टिविटी :** भारतीय बंदरगाहों को नीदरलैंड के बंदरगाहों से जोड़ना।

**क्लीन एनर्जी :** ग्रीन हाइड्रोजन और रिन्यूएबल एनर्जी के क्षेत्र में संयुक्त काम।

**फ्यूचर टेक :** रोबोटिक्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस स्टार्टअप्स, और एग्रीकल्चरल सप्लाई चेन।

**टैलेंट इंजन :** भारत को वैश्विक स्तर पर एक 'टैलेंट इंजन' के रूप में देखा जा रहा है। डच कंपनियों ने भारत की इस प्रतिभा का लाभ उठाने के लिए 'ग्लोबल मोबिलिटी' और 'स्किल पार्टनरशिप' पर ध्यान केंद्रित किया है।

# पेट्रोल-डीजल 3 रुपये महंगा करके बाजी जीती नहीं सरकार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सरकार ने देश में ईंधन की कीमतें बढ़ा दी हैं। बीते शुक्रवार को इसका ऐलान हुआ। ऐसा तेल मार्केटिंग कंपनियों पर पड़ने वाले बोझ को कम करने की कोशिश में किया गया। कारण है ग्लोबल कच्चे तेल की कीमतें 100 डॉलर के पार चली गई थीं। जबकि खुदरा कीमतें जस की तस बनी हुई थीं। अब जब पेट्रोल और डीजल 3 रुपये महंगे हो गए हैं तो अहम सवाल यह है- कीमतों में यह बढ़ोतरी किस हद तक मदद करेगी वैसे तो पहली नजर में यह नजरिया थोड़ा आशावादी लग सकता है। लेकिन, अब यह मुद्दा सिर्फ कच्चे तेल की कीमतों तक ही सीमित नहीं रह गया है। गिरता हुआ रुपया भी इस समीकरण में शामिल हो गया है। मुख्य चिंता यह है कि जब कमजोर होती मुद्रा और बढ़ती ईंधन लागत एक साथ आते हैं तो क्या होता है। ऐसी स्थिति में जरा सा बदलाव भी हालिया नीतिगत उपायों से होने वाले फायदों को खत्म कर सकता है।

एसबीआई रिसर्च के 'इकोरैप' के अनुसार, रुपया अब ऐसे स्तर पर है जहां इसमें और गिरावट आने पर पेट्रोल और डीजल की कीमतों में हाल ही में की गई 3 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी से मिलने वाला फायदा बेअसर हो सकता है। रिपोर्ट में बताया गया है, 'रुपये में महज 2 रुपये की और गिरावट भी कच्चे तेल की प्रभावी कीमत को बढ़ा देती है। इससे आयात की लागत बढ़ जाती है। यह मौजूदा ईंधन मूल्य बढ़ोतरी से होने वाले फायदों को पूरी तरह से खत्म कर देती है।' इसमें आगे कहा गया है कि ईंधन की कीमतों में हालिया बढ़ोतरी मुख्य रूप से तेल मार्केटिंग कंपनियों (ओएमसी) पर पड़ने वाले वित्तीय दबाव को कम करने के लिए की गई। ये कंपनियां कच्चे तेल की ऊंची कीमतों के कारण लगातार नुकसान उठा रही हैं। जबकि खुदरा ईंधन की




कीमतें अपरिवर्तित बनी हुई हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, 'खुदरा कीमतों में कोई बदलाव न होने के कारण पेट्रोल-डीजल की बिक्री पर ओएमसी को होने वाला नुकसान (अंडर-रिकवरी) तेजी से बढ़ रहा है।' इसमें आगे कहा गया है कि ये कंपनियां हर रोज 1000 करोड़ रुपये तक का नुकसान उठा रही हैं। यह साल भर में लगभग 3.6 लाख करोड़ रुपये के बराबर होता है।

3 रुपये की बढ़ोतरी से कितनी मिलेगी राहत

बैंक के अनुसार, ईंधन की कीमतों में 3 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी से ओएमसी को लगभग 52,700 करोड़ रुपये की राहत मिलेगी। लेकिन, यह उनके अनुमानित एफवाय27 (वित्त वर्ष 2026-27) के नुकसान का केवल 15 प्रतिशत ही भरपाई कर पाएगा। रिपोर्ट में करेंसी के उतार-चढ़ाव के प्रति इस राहत की संवेदनशीलता पर भी जोर दिया गया है। इसमें कहा गया है, 'रुपया पहले ही गिरावट के एक ऐसे नाजुक स्तर के करीब पहुंच चुका है, जिसके पार जाने पर करेंसी में और कमजोरी आने से घरेलू ईंधन कीमतों में संशोधन से मिलने वाले अपेक्षित फायदे काफी हद तक खत्म हो सकते हैं।' 94 रुपये प्रति अमेरिकी डॉलर और कच्चे तेल की कीमत 106 डॉलर प्रति बैरल मानते हुए रिसर्च ने आयातित कच्चे तेल की लागत लगभग 9,964 रुपये प्रति बैरल होने का अनुमान लगाया है।

## दिल्ली- एनसीआर वालों को तगड़ा झटका, फिर महंगी हुई सीएनजी, 48 घंटे में दूसरी बार बढ़े दाम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली-एनसीआर के आम नागरिकों और वाहन चालकों के लिए महंगाई का एक और बड़ा झटका लगा है। इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड ने रविवार को कंप्रेस्ड नेचुरल गैस की कीमतों में 1 रुपये प्रति किलोग्राम की बढ़ोतरी कर दी है। पिछले 48 घंटों के भीतर सीएनजी की कीमतों में यह लगातार दूसरी वृद्धि है, जिससे दिल्ली में सीएनजी के दाम पहली बार 80 रुपये के पार चले गए हैं। इससे पहले बीते शुक्रवार (15 मई) को भी आईजीएल ने सीएनजी की कीमतों में 2 रुपये प्रति किलोग्राम का इजाफा किया था, जिससे दिल्ली में इसकी कीमत बढ़कर 79.09 रुपये हो गई थी। अब रविवार को हुई 1 रुपये की और बढ़ोतरी के बाद दिल्ली में सीएनजी का रेट 80 रुपये के स्तर को पार कर गया है। 15 मई को केंद्र सरकार ने देश भर में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में भी बड़ी बढ़ोतरी की थी। सरकार ने पेट्रोल और डीजल दोनों के दामों में करीब 3 रुपये प्रति लीटर का इजाफा किया था। इस बढ़ोतरी के बाद देश की राजधानी दिल्ली में फिलहाल



पेट्रोल का रेट 97.77 रुपये प्रति लीटर और डीजल का रेट 90.67 रुपये प्रति लीटर पर पहुंच गया है। लगातार बढ़ते ईंधन के दामों (पेट्रोल, डीजल और अब सीएनजी) के कारण दिल्ली-एनसीआर में कैब ऑटो, कमर्शियल गाड़ियों और रोजमर्रा के सफर के लिए कम्यूट करने वाले आम लोगों की जेब पर आर्थिक बोझ और ज्यादा बढ़ने वाला है। आने वाले दिनों में ऑटो और कैब चालकों द्वारा किराए में बढ़ोतरी की मांग भी तेज हो सकती है। जहां दुनिया के कई देशों में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में 20 प्रतिशत से लेकर करीब 100 प्रतिशत तक की भारी बढ़ोतरी देखी गई है, वहीं भारत ने इस बढ़ोतरी को पेट्रोल के लिए केवल 3.2 प्रतिशत और डीजल के लिए 3.4 प्रतिशत तक ही सीमित रखा है। ईंधन की कीमतों में आ रही इस तेजी के पीछे वैश्विक कारण हैं। दरअसल, पश्चिम एशिया (मिडिल ईस्ट) में जारी तनाव और संघर्ष के कारण होर्मुज जलडमरूमध्य की नाकेबंदी कर दी गई है। यह दुनिया का सबसे महत्वपूर्ण तेल और गैस व्यापार मार्ग है, जहां से वैश्विक तेल व्यापार का लगभग पांचवां (1/5) हिस्सा गुजरता है। इस आपूर्ति व्यवधान के कारण अंतरराष्ट्रीय बाजार में ब्रेंट क्रूड (कच्चा तेल) की कीमतें 100 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गई।

# कचरेवाला कहकर लोग देते थे ताने, कॉलेज ड्रॉपआउट ने बदल दी हवा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अभिषेक अग्रवाल हैदराबाद के रहने वाले हैं। उन्होंने बहुत कम समय में सफल स्टार्टअप खड़ा कर दिया है। इसका नाम 'गुडी बैग' है। यह एक वेस्ट मैनेजमेंट स्टार्टअप है। अभिषेक कॉलेज ड्रॉपआउट हैं। 2022 में उन्होंने अपने स्टार्टअप की नींव रखी। पारंपरिक पारिवारिक व्यवसाय और करोड़ों रुपये की लॉजिस्टिक्स कंपनी को पीछे छोड़कर उन्होंने इसकी शुरुआत की। शुरू में लोगों ने 'कचरेवाला' कहकर उन्हें ताने भी दिए। लेकिन, जल्द ही उन्होंने हवा का रुख बदल दिया। यह वेंचर आज हैदराबाद के 30,000 से अधिक घरों से सूखा कचरा जुटाता है। बदले में लोगों को मुफ्त राशन या पैसे देता है। वेस्ट मैनेजमेंट को रिवॉर्ड सिस्टम से जोड़ने वाले इस इनोवेटिव मॉडल के जरिए अभिषेक न सिर्फ पर्यावरण को बचा रहे हैं, बल्कि सालाना 1 करोड़ रुपये तक का टर्नओवर भी कमा रहे हैं। आइए, यहां अभिषेक अग्रवाल की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं।

अभिषेक अग्रवाल हैदराबाद में पले-बढ़े। उनका जन्म मारवाड़ी कारोबारी परिवार में हुआ। अभषिक का सफर हमेशा से लीक से हटकर रहा। कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग की पढ़ाई के दौरान ही उन्होंने महसूस कर लिया था कि बंद कमरों का पारंपरिक रिटेल बिजनेस उनके स्वभाव के अनुकूल नहीं है। 2008 में उन्होंने कॉलेज छोड़ दिया। इसके बाद उन्होंने टीवीएस की डीलरशिप संभाली। फिर 2011 में अपनी लॉजिस्टिक्स कंपनी 'राघव रोडलाइंस' शुरू की। उन्होंने 13 सालों में देश के कोने-कोने तक भारी कार्गो पहुंचाया। 75 ट्रकों के बेड़े के साथ 3 से 4



करोड़ रुपये सालाना का टर्नओवर खड़ा किया। हालांकि, लगातार यात्राओं के कारण परिवार की बढ़ती चिंता और भारी दबाव के चलते साल 2023 में उन्हें अपने इस बेहद सफल बिजनेस को भारी मन से बंद करना पड़ा।

लॉजिस्टिक्स बिजनेस बंद होने के बाद कोरोना लॉकडाउन के दौर में अभिषेक ने उपभोक्ताओं के व्यवहार में एक बदलाव नोटिस किया। क्विक-कॉमर्स (क्विक डिलीवरी ऐप्स) के बढ़ते ट्रेंड के कारण हर घर में प्लास्टिक पैकेजिंग और डिलीवरी बॉक्स का अंबार लग रहा था। उन्होंने देखा कि कॉर्पोरेट सेक्टर के कचरे के लिए तो बड़े खिलाड़ी मौजूद हैं। लेकिन, घरों से निकलने वाले रोजमर्रा के सूखे कचरे के निपटान की कोई सही व्यवस्था नहीं है। इसी कमी को दूर करने के लिए उन्होंने 2022 में अपनी ही सोसाइटी के 200 विला का एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर इस आइडिया का ट्रायल किया। शुरुआत में लोगों की ठंडी प्रतिक्रिया देखकर उन्हें एहसास हुआ कि जब तक लोगों को कोई सीधा फायदा (इंसेंटिव) नहीं मिलेगा, तब तक वे कचरा अलग करने की आदत नहीं डालेंगे।

**डिजाइन किया अनूठा मॉडल:** इस समस्या से निपटने के लिए अभिषेक ने बेहद आसान और पारदर्शी 'कचरा बदलें, रिवॉर्ड पाएं' मॉडल विकसित किया। इसके तहत यूजर्स 'गुडी बैग' ऐप के जरिए घर बैठे पिकअप शेड्यूल करते हैं। फिर कंपनी के कर्मचारी इलेक्ट्रिक ऑटोज से उनके दरवाजे पर पहुंचकर कचरे का वजन करते हैं। घर के इस सूखे कचरे (दूध के पैकेट, गत्ते, शैम्पू की बोतलें, इलेक्ट्रॉनिक कचरा आदि) के बदले यूजरों को 3 रुपये प्रति किलो के हिसाब से पॉइंट्स मिलते हैं। इन पॉइंट्स का इस्तेमाल ऐप के भीतर से ही दालें और ऑर्गेनिक राशन मुफ्त मंगाने के लिए किया जा सकता है। इसके अलावा, 200 से अधिक पॉइंट्स होने पर यूजर बिना किसी कैश लेन-देन के सीधे अपने बैंक खाते में पैसे भी ट्रांसफर कर सकते हैं।

**शुरू में उड़ाया गया मजाक:** शुरुआती दिनों में अभिषेक को भारी चुनौतियों का सामना करना पड़ा। परिवार ने इस काम का कड़ा विरोध किया। समाज में लोगों ने उन्हें 'कचरेवाला' कहकर उनका मजाक उड़ाया। इसके बावजूद उन्होंने अपनी जमा-पूंजी से 4-5 लाख रुपये लगाकर एक गोदाम किराए पर लिया। रीसाइक्लिंग की पूरी चेन को समझा। आज यह स्टार्टअप रोजाना 4,000 किलो सूखा कचरा जुटा रहा है। इससे अब तक 1,500 टन से अधिक कचरे को लैंडफिल में जाने से रोका जा चुका है। लगभग 7,000 पेड़ बचाए गए हैं।

## पीएम की अपील के बाद बदला माहौल, ईरान युद्ध के बाद से भारत ने खर्च किए 38 अरब डॉलर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ईरान युद्ध शुरू होने के बाद से पूरे एशिया में विदेशी मुद्रा भंडार घटने लगा है। सेंट्रल बैंक अपनी करेंसी को बचाने के लिए फंड का इस्तेमाल कर रहे हैं। इस युद्ध के कारण होर्मुज स्ट्रेट बंद हो गया है। भारत सहित प्रमुख एशियाई देशों को कच्चे तेल की सप्लाई का यह एक अहम रास्ता है। इससे तेल की कीमतों में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। भारत के विदेशी मुद्रा बाजारों में काफी उतार-चढ़ाव देखने को मिला है। इसका मुख्य कारण बढ़ती ऊर्जा कीमतें और पूंजी प्रवाह में कमी है। इसी को देखते हुए हाल में पीएम नरेंद्र मोदी ने देशवासियों से ईंधन बचाने और सोने-चांदी की खरीद जैसे गैर-जरूरी खर्चों को टालने की अपील की है। इसके पीछे मंशा विदेशी मुद्रा भंडार को बचाने की ही है। इस अपील के बाद माहौल बदला है। मंत्रियों और नेताओं के काफिले छोटे हो गए हैं। कई बीजेपी नेता साइकिल और ट्रेन से सफर करते दिखे हैं। 28 फरवरी को ईरान युद्ध शुरू होने के बाद से भारत का विदेशी मुद्रा भंडार लगभग 38 अरब डॉलर कम हो गया है। यह फरवरी में अपने अब तक के सबसे ऊंचे स्तर 728.5 अरब डॉलर से घटकर लगभग 691 अरब डॉलर पर आ गया है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के हालिया आंकड़ों के अनुसार, 8 मई को समाप्त सप्ताह के दौरान भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 6.295 अरब डॉलर बढ़कर 696.988 अरब डॉलर हो गया। पिछले रिपोर्टिंग सप्ताह में कुल भंडार 7.794 अरब डॉलर कम होकर 690.693 अरब डॉलर रह गया था। भारत के पास अभी भी लगभग 690 अरब डॉलर का बड़ा विदेशी मुद्रा भंडार है। हालांकि, सोने के भंडार और एसडीआर को एडजस्ट करने पर यह घटकर लगभग 560 अरब डॉलर रह जाता है।

# बेटे ने पिता की पीट-पीटकर की हत्या

## इलाज के दौरान तोड़ा दम



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पोटका।** पूर्वी सिंहभूम जिला में पोटका थाना क्षेत्र अंतर्गत धिरोल पंचायत के चमाईजुड़ी गांव से एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है। यहां एक पुत्र ने अपने ही 55 वर्षीय पिता अनिरुद्ध तांती की बेरहमी से पिटाई कर दी, जिससे इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

इस जघन्य हत्याकांड के बाद से पूरे इलाके में शोक और भारी आक्रोश का माहौल है। मिली जानकारी के अनुसार, शनिवार रात करीब 11 बजे घरेलू कलह को लेकर पिता अनिरुद्ध तांती और पुत्र विजय पात्र के बीच तीखी कहासुनी शुरू हुई।

देखते ही देखते यह विवाद इतना बढ़ गया कि तैश में आकर विजय पात्र ने डंडे से अपने पिता पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। सिर और शरीर पर गंभीर चोट लगने के कारण अनिरुद्ध तांती लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़े।

अचानक हुई इस हिंसक घटना से परिवार और आसपास के लोग दहशत में आ गए। स्थानीय ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए घटना की सूचना पोटका पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायल अनिरुद्ध को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पोटका पहुंचाया।

वहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने

## पुलिस कर रही छापेमारी

उनकी नाजुक हालत को देखते हुए जमशेदपुर सदर अस्पताल रेफर कर दिया, जहां इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया।

ग्रामीणों के मुताबिक, आरोपी पुत्र विजय पात्र पिछले करीब पांच वर्षों से अपने परिवार से अलग रह रहा था और उनके बीच लंबे समय से पारिवारिक विवाद चल रहा था। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी पुत्र मौके से फरार हो गया है।

पोटका थाना पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए एमजीएम मेडिकल कॉलेज भेज दिया है। पुलिस मामला दर्ज कर पूरे घटनाक्रम की बारीकी से जांच कर रही है और फरार आरोपी विजय पात्र की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी अभियान चला रही है।

# घंटों चला हाईवोल्टेज ड्रामा

# प्रेमी उतरा तो प्रेमिका चढ़ी टावर पर

## प्रशासन के लोग हुए हलकान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गोमो। इश्क में जिद ऐसी कि पिछले चौबीस घंटे से झारखंड के चार जिलों में हाईवोल्टेज ड्रामा चल रहा है। पहले प्रेमी अपनी प्रेमिका से शादी की मांग को लेकर मोबाइल टावर पर चढ़ गया। पुलिस ने घंटों मशक्कत कर उसे नीचे उतारा और थाना ले गई। इसके कुछ ही घंटे बाद प्रेमिका भी दूसरे जिले में मोबाइल टावर पर चढ़ गई।

पूरा मामला धनबाद, गिरिडीह, बोकारो और जामताड़ा जिले को जोड़ते हुए चर्चा का विषय बना हुआ है। पुलिस-प्रशासन भी इस प्रेम कहानी को सुलझाने में जुटा है। प्रेमिका धनबाद जिले के हरिहरपुर थाना तो प्रेमी गिरिडीह जिले के निमियाघाट थाना में पुलिस के पहरे में हैं। युवक के जामताड़ा निवासी और युवती के बोकारो निवासी स्वजन हलकान-परेशान हैं।

रविवार सुबह धनबाद जिले के हरिहरपुर थाना क्षेत्र में बिशुनपुर गांव स्थित मोबाइल टावर पर 22 वर्षीय युवती चढ़ गई। वह अपने प्रेमी सुनील महतो को छोड़ने और उससे शादी कराने की मांग कर रही थी। करीब सौ फीट ऊंचे टावर पर चढ़ी युवती बार-बार धमकी दे रही थी कि यदि उसके प्रेमी को नहीं छोड़ा गया तो वह कूदकर जान दे देगी।

नीचे ग्रामीणों की भारी भीड़ जुट गई। लोग उसे समझाते रहे, लेकिन वह पुलिस को बुलाने की मांग करती रही। घटना की सूचना मिलते ही हरिहरपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। काफी देर तक समझाने-बुझाने के बाद युवती को सुरक्षित नीचे उतारा गया। नीचे उतरते ही वह बेहोश हो गई। फिलहाल उसे थाना में रखा गया है।

दरअसल, शनिवार को गिरिडीह जिले के निमियाघाट थाना क्षेत्र में जामताड़ा निवासी सुनील महतो मोबाइल टावर पर चढ़ गया था। वह अपनी भाभी की बहन से शादी करने की जिद पर अड़ा था। सुनील घंटों तक टावर से उतरने को तैयार नहीं हुआ।

पुलिस और स्थानीय लोगों ने काफी मशक्कत के बाद उसे शनिवार देर शाम नीचे उतारा। इसके बाद उसे निमियाघाट थाना में रखा गया। बताया जाता है कि सुनील पहले से शादीशुदा है। इसी कारण युवती के स्वजन इस रिश्ते के खिलाफ हैं।

युवती ने पुलिस को बताया कि उसकी और सुनील की बातचीत पिछले पांच वर्षों से हो रही थी। 21 मार्च को वह सुनील के साथ गुजरात गई थी, जहां 23 मार्च को दोनों ने शादी कर ली।

उसका कहना है कि शादी के बाद दोनों परिवार इस रिश्ते के खिलाफ हो गए। युवती ने साफ कहा कि वह सुनील के बिना नहीं रह सकती। उसने यहां तक कह दिया कि यदि दोनों को अलग किया गया तो वह जान दे देगी।

इधर, क्षेत्र में लोग इस पूरे घटनाक्रम को शोले स्टाइल प्रेम कहानी कहकर चर्चा कर रहे हैं। आए दिन प्रेमी-प्रेमिका अपनी मांग मनवाने के लिए मोबाइल टावर पर चढ़ जा रहे हैं।

लोग मजाक में यह कहते भी सुनाई पड़े कि अब मोबाइल टावर प्रेमियों का नया ह्यप्लेटफॉर्मह्न बन गया है। हालांकि इस तरह की घटनाओं से पुलिस-प्रशासन की परेशानी लगातार बढ़ रही है। जान जोखिम में डालकर किए जा रहे ऐसे ड्रामे कभी भी बड़े हादसे में बदल सकते हैं।

# एक सप्ताह से विद्युत आपूर्ति बाधित, लोगों में रोष

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनसाही/कटिहार।** प्रखंड क्षेत्र के कुरेठा पंचायत के कुरेठा रेलवे स्टेशन के रेलवे कॉलोनी में एक सप्ताह से विद्युत नहीं रहने के कारण बिजली की समस्या से सभी रेलकर्मी अस्त व्यस्त हैं। ऐसी स्थिति में 16 रेलवे कॉलोनी के क्वार्टर सहित अन्य जगह विद्युत नहीं रहने से छोटे-बड़े बच्चे एवं बुढ़े व बच्चों की पढ़ाई व रेल इलेक्ट्रॉनिक रेल लाइट,रेल जीपीएस एवं फोन भी चार्ज करने के लिए रेलवे कर्मियों को सिविल जगह दूसरे के घर जाना पड़ता हैं। इतना ही नहीं विद्युत नहीं रहने के कारण करोड़ों की रेलवे के पानी टंकी शोभा की वस्तु बना हुआ हैं।

जब से रेलवे कॉलोनी के बीच रेल कर्मियों एवं अन्य के लिए पानी टंकी का निर्माण किया हैं तभी से सभी चापाकल भी हटा दिए गए हैं। विद्युत नहीं रहने के कारण रेल कर्मियों के परिवार एवं बच्चे दूर-दराज से दूसरे के घर से पानी लाकर पीने को मजबूर हैं। वहीं उमस भरी भीषण गर्मी करने से आम लोगों में समस्या उत्पन्न हुई हैं। वहीं विद्युत नहीं रहने के कारण रेलवे कर्मियों के परिवारों को इधर से उधर भटकना पड़ता हैं। बता दे की रेलवे के कंस्ट्रक्शन के द्वारा बिजली के तार बाधित हुई हैं।जिसको लेकर रेल कर्मियों को बड़ी अधिकारी से बात करने पर आजकल दो,चार घंटे का आश्वासन देते चले आ रहें है। मगर एक सप्ताह बीत गया। विद्युत नहीं आने से रेल कर्मियों में आक्रोश व्याप्त होने से वे लोग कुरेठा स्टेशन परिसर में हो हंगामा एवं विद्युत सुचारु रूप से चालू करने की मांग किया। इस दौरान रेलवे के राजेंद्र चौधरी, बालमुकुंद कुमार, दीपक कुमार सिंह,राजकुमार मंडल, रमेश कुमार,नर्सिंग पासवान, कमलेश्वर मंडल,धर्मेंद्र सिन्हा सहित अन्य उपस्थित होकर आक्रोश व्याप्त करते हुए रेल के बड़े अधिकारी से जल्द से जल्द बिजली सुचारू रूप से चालू कराने की मांग की।

## किसानों में बढ़ा नई तकनीक पर भरोसा

**पूर्णिया।** स्वराज खबर।बदलते दौर की खेती अब केवल मेहनत का नहीं, बल्कि सही तकनीक और उन्नत बीज के चयन का खेल बन चुकी है। नगर पंचायत रूपौली के मैनी गांव में इसका प्रभावशाली उदाहरण उस वक्त देखने को मिला, जब किसान शंभू यादव के खेत में पायोनियर कंपनी के हाइब्रिड मक्का बीज ने रिकॉर्ड उत्पादन देकर इलाके के किसानों को हैरान कर दिया। कटाई दिवस के दौरान खेतों में उमड़ी किसानों की भीड़ ने बड़े आकार के भुट्टे, दानों के शानदार भराव और बंपर पैदावार को देखकर खुलकर सराहना की।कटाई के दौरान सामने आए आंकड़ों ने यह साफ कर दिया कि ढ33218 हाइब्रिड सामान्य मक्का किस्मों से कहीं आगे निकल चुका है। किसानों के अनुसार इस बीज ने प्रति एकड़ लगभग छह क्विंटल अधिक उत्पादन देकर खेती को फायदे के नए समीकरण में बदल दिया। खेत में एक समान ऊंचाई वाले पौधे, अंतिम छोर तक भरे हुए दाने और मजबूत भुट्टों ने किसानों का ध्यान सबसे अधिक खींचा।

# चतुर्थवर्गीय कर्मचारियों की नियुक्ति शीघ्र शुरू करे प्रशासन : बेरोजगार संघर्ष मोर्चा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर ( पलामू )।** बेरोजगार संघर्ष मोर्चा की एक महत्वपूर्ण बैठक जिला कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने की। बैठक में चतुर्थवर्गीय कर्मचारियों की नियुक्ति की मांग को लेकर चलाए जा रहे आंदोलन की समीक्षा की गई तथा आगे की रणनीति पर चर्चा हुई।

बैठक में वक्ताओं ने कहा कि मोर्चा के एक प्रतिनिधिमंडल ने 8 मई को उपायुक्त पलामू को ज्ञापन सौंपकर चतुर्थवर्गीय कर्मचारियों की नियुक्ति प्रक्रिया शीघ्र शुरू करने की मांग की थी। मोर्चा नेताओं ने बताया कि झारखंड सरकार द्वारा सेवा शर्त नियमावली तैयार कर ली गई है तथा इसे कैबिनेट से भी स्वीकृति मिल चुकी है। सरकार ने स्पष्ट किया है कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के आलोक में चतुर्थवर्गीय कर्मचारियों की नियुक्ति प्रक्रिया उपायुक्त पलामू द्वारा पूरी की जाएगी। नई नियुक्ति नियमावली से पलामू जिले में होने वाली नियुक्तियां



प्रभावित नहीं होंगी।

बैठक में कहा गया कि सरकार के स्पष्ट निर्देश के बावजूद नियुक्ति प्रक्रिया शुरू नहीं होने से बेरोजगार युवाओं में भारी आक्रोश है। मोर्चा नेताओं ने आरोप लगाया कि बर्खास्त अनुसेवकों द्वारा सुप्रीम कोर्ट में पुनर्विचार याचिका दायर की गई है, जिसका वाद संख्या 45635/2025 विचाराधीन है।

उनका कहना था कि कुछ लोग न्यायालय की प्रक्रिया का सहारा लेकर नियुक्ति को टालने का प्रयास कर रहे हैं।

मोर्चा सदस्यों ने कहा कि यदि मामला सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन है तो संबंधित पक्ष को अदालत के फैसले का इंतजार करना चाहिए। इसके बावजूद पलामू से लेकर रांची तक लगातार धरना-प्रदर्शन किया जा रहा है, जिससे यह प्रतीत होता है कि याचिका के आधार पर नियुक्ति रोकने का प्रयास किया जा रहा है।

बैठक में उपायुक्त पलामू से मांग की गई कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश का पालन करते हुए हर हाल में चतुर्थवर्गीय कर्मचारियों की नियुक्ति प्रक्रिया अविलंब शुरू की जाए, ताकि लंबे समय से रोजगार की प्रतीक्षा कर रहे युवाओं को न्याय मिल सके।

बैठक में कृष्णा राम, जयपाल मोची, राजू राम, संजय कुमार, गोपाल चौधरी, रामनरेश महतो, रामराज राम, संजीत कुमार, सनी पासवान, उपेंद्र तिवारी, मिथिलेश कुमार, मो. अंसारी सहित कई लोग उपस्थित थे।

# निजी एयर एम्बुलेंस कंपनियां वसूल रहीं मनमानी भाड़ा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रांची।** झारखंड में गंभीर बीमारी से जूझ रहे मरीजों के लिए शुरू की गई सरकारी एयर एम्बुलेंस सेवा पिछले लगभग तीन महीने से ठप पड़ी है। 23 फरवरी को चतरा में हुई एयर एम्बुलेंस दुर्घटना के बाद से यह सेवा बंद है, जिससे मरीजों और उनके परिजनों की परेशानियां लगातार बढ़ती जा रही हैं। सरकारी सेवा बंद होने का फायदा अब निजी एयर एम्बुलेंस कंपनियां उठा रही हैं और मरीजों से मनमाने पैसे वसूले जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पहल पर शुरू की गई इस योजना का उद्देश्य गंभीर मरीजों को बेहतर इलाज के लिए दिल्ली, बेंगलुरु, मुंबई और हैदराबाद जैसे बड़े शहरों तक त्वरित पहुंच उपलब्ध कराना था। कैंसर, हार्ट, न्यूरो और ट्रॉमा के मरीजों के लिए यह सेवा जीवनदायिनी साबित हो रही थी। सरकारी व्यवस्था के तहत मरीजों को अपेक्षाकृत कम खर्च में एयर एम्बुलेंस सुविधा मिल जाती थी, लेकिन सेवा बंद होने के बाद अब आम लोगों की पहुंच इससे लगभग खत्म हो गई है।

जानकारी के अनुसार, रांची से दिल्ली तक एक मरीज को एयर एम्बुलेंस से ले जाने में अब करीब 13 लाख रुपये तक खर्च करने पड़ रहे हैं। पहले यही सेवा सरकारी सहयोग के कारण लगभग आधी लागत में उपलब्ध हो जाती थी।

कई परिवारों को मरीज के इलाज के साथ-साथ एयर

## हादसे के बाद से बंद है सरकारी एयर एम्बुलेंस सेवा

एम्बुलेंस के भारी खर्च के लिए जमीन बेचने और कर्ज लेने तक की नौबत आ रही है।

रांची एयरपोर्ट से हर महीने औसतन 15 एयर एम्बुलेंस उड़ानें संचालित होती थीं। इनमें अधिकतर उड़ानें दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, कोलकाता, हैदराबाद और बेंगलुरु के लिए होती थीं। लेकिन सरकारी सेवा बंद होने के बाद अब यह सुविधा केवल आर्थिक रूप से सक्षम लोगों तक सीमित होकर रह गई है।

वहीं, एयर एम्बुलेंस सेवा दोबारा कब शुरू होगी, इसे लेकर सरकार की ओर से भी कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी जा रही है। सेवा से जुड़े टोल फ्री नंबरों पर संपर्क करने पर भी सिर्फ इतना बताया जा रहा है कि फिलहाल सेवा बहाल करने को लेकर कोई आधिकारिक सूचना उपलब्ध नहीं है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि एयर एम्बुलेंस जैसी आपातकालीन सेवा का लंबे समय तक बंद रहना राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था और आपदा प्रबंधन प्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करता है। ऐसे में जरूरत इस बात की है कि सरकार जल्द से जल्द इस सेवा को पुनः शुरू करे, ताकि गंभीर मरीजों को समय पर इलाज मिल सके।

## पति पर धोखा देने का आरोप

**आदापुर (पूच)।** इंटरनेट मीडिया पर शुरू हुई एक प्रेम कहानी अब पुलिस जांच का विषय बन गई है। एक युवती ने आदापुर थाना में रविवार को आवेदन देकर अपने कथित पति पर धोखा, प्रताड़ना और गर्भावस्था में छोड़ देने का आरोप लगाया है। मामले को लेकर पुलिस जांच में जुट गई है। जानकारी के अनुसार, युवती की पहचान सोशल मीडिया पर राज नाम से अकाउंट चलाने वाले युवक से हुई थी। बातचीत के दौरान दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ीं और बाद में दोनों घर छोड़कर साथ रहने लगे। इसके बाद दोनों ने हिंदू रीति-रिवाज से मंदिर में शादी कर ली। युवती को विश्वास था कि युवक हिंदू समुदाय से है। पीड़िता का आरोप है कि शादी के बाद जब वह युवक के साथ हरपुर थाना क्षेत्र स्थित उसके गांव पहुंची, तब उसे पता चला कि राज का असली नाम हसरे मियां है। साथ ही वह पहले से शादीशुदा है और उसके दो बच्चे भी हैं। दूसरी शादी की जानकारी मिलने के बाद परिवार में विवाद शुरू हो गया और दोनों को घर छोड़ना पड़ा।

# तानाशाही रवैये पर जनता की आवाज पड़ती है भारी : रमा खलखो

## केंद्र सरकार पर कसा तंज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर ( पलामू )।** झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष रमा खलखो ने कहा कि धनबाद में जनहित और भ्रष्टाचार के खिलाफ लोकतांत्रिक तरीके से आवाज उठाने वाले कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं पर प्राथमिकी दर्ज किया जाना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण, अलोकतांत्रिक और तानाशाही मानसिकता का परिचायक है। झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस इसकी कड़ी निंदा करती है।

लोकतंत्र में शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन करना और जनता की समस्याओं को उठाना प्रत्येक नागरिक एवं राजनीतिक दल का संवैधानिक अधिकार है। यदि जनप्रतिनिधि जनता की पीड़ा, भ्रष्टाचार और प्रशासनिक लापरवाही के खिलाफ आवाज उठाएंगे और बदले में उन पर मुकदमे दर्ज किए जाएंगे, तो यह लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए गंभीर चिंता का विषय है।

मैं झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के उस साहसिक और स्पष्ट रुख की भूरि-भूरि प्रशंसा करती हूँ, जिसमें उन्होंने धनबाद के कांग्रेस कार्यकताओं के समर्थन में मजबूती से अपनी बात रखी। उनका नेतृत्व कांग्रेस कार्यकताओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है और यह साबित करता है कि कांग्रेस पार्टी अन्याय और दमन के सामने कभी झुकने वाली नहीं है। साथ ही धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह एवं सभी कांग्रेसजनों ने जिस



निर्भीकता और लोकतांत्रिक भावना के साथ जनता की आवाज बुलंद की है, वह सराहनीय है। झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस उनके संघर्ष और मनोबल के साथ पूरी मजबूती से खड़ी है।

धनबाद अंचल कार्यालय से जुड़े भ्रष्टाचार और जनसमस्याओं को उठाने के बजाय आवाज दबाने का प्रयास करना प्रशासन की संवेदनहीनता को दशार्ता है। प्रशासन को यह समझना होगा कि लोकतंत्र में जनता की आवाज को मुकदमों से दबाया नहीं जा सकता। सत्ता और प्रशासन का दायित्व जनता की समस्याओं का समाधान करना है, न कि भय और दमन का वातावरण तैयार करना।

झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस स्पष्ट रूप से कहना चाहती है कि लोकतंत्र की आवाज को दबाने की हर कोशिश का लोकतांत्रिक तरीके से पुरजोर विरोध किया जाएगा। कांग्रेस पार्टी हमेशा जनता के अधिकार, न्याय और संविधान की रक्षा के लिए संघर्ष करती रही है और आगे भी करती रहेगी। उन्होंने कहा कि सत्य की आवाज को दबाया नहीं जा सकता, जनता की ताकत हर तानाशाही पर भारी पड़ती है।

# हैदरनगर के नए थाना प्रभारी बने तंजीलुल मन्नान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू )।** पलामू के पुलिस अधीक्षक कपिल चौधरी ने एसआई तंजीलुल मन्नान को हैदरनगर थाना की कमान दिया है। तंजीलुल मन्नान ने थाना प्रभारी के रूप में शनिवार को पदभार संभाल लिया है। पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने कहा कि उनकी प्राथमिकता क्षेत्र में सभी तरह के अपराध पर अंकुश लगाना है।

थाना प्रभारी ने कहा कि चोरी, छिनतई, भूमि विवाद और नशा कारोबार पर सख्ती से रोक लगाना उनकी प्राथमिकता में शामिल है। बकरीद ,मुहर्रम,होली जैसे त्योहारों में आपसी सौहार्द बनाए रखने में आम लोगों का सहयोग अपेक्षित है। अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी नजर रखी जाएगी। थाना दिवस पर भूमि, नाली व गली से जुड़ी समस्याओं का दोनों पक्षों की सहमति से निपटारा किया जाएगा। आम लोगों से अपील की कि बेझिझक थाने आकर अपनी समस्या रखें। पुलिस हर संभव मदद के लिए तत्पर है।



गौरतलब है कि हैदरनगर थाना क्षेत्र में पहले प्रशिक्षु आईपीएस दिव्यांश शुक्ल थाना प्रभारी रह चुके है। अभी वह हुसैनाबाद एसडीपीओ के पद पर पदस्थापित है।उनके अधीन हैदरनगर थाना आता है।

हैदरनगर थाना प्रभारी अफजल अंसारी ने भी थाना प्रभारी की जिम्मेदारी बेहतर निभा चुके है। थाना प्रभारी श्री मन्नान ने कहा कि असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखने के साथ साथ सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट करने वालों पर भी कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि किसी व्यक्ति को शिकायत दर्ज करानी है, तो सीधे थाना दिवस पर या किसी भी दिन थाना पहुंचकर अपनी बात रख सकते हैं।

# "सिंगापुर कार्निवल डिज्नीलैंड मेला" का भव्य उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**धनबाद।** शहर के प्रसिद्ध गोल्फ ग्राउंड में आयोजित ह्लसिंगापुर कार्निवल डिज्नीलैंड मेलाह्न का भव्य उद्घाटन समाजसेवी अरुण गुप्ता के द्वारा फीता काटकर किया गया। उद्घाटन अवसर पर बड़ी संख्या में शहरवासी एवं बच्चे उपस्थित रहे। मेले के शुभारंभ के साथ ही लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला।

इस अवसर पर मेले के आयोजक जितेंद्र रजक ने बताया कि इस बार मेले में लोगों के मनोरंजन के लिए कई आकर्षक झूले लगाए गए हैं। इनमें ब्रेक डांस, रॉक एंड रोल, विभिन्न प्रकार के बड़े झूले, वाटर बैलून तथा फेस्टिवल स्पेशल झूले आकर्षण का प्रमुख केंद्र हैं। बच्चों से लेकर बड़ों तक के लिए मनोरंजन की विशेष व्यवस्था की गई है। वहीं उद्घाटनकर्ता अरुण



गुप्ता ने कहा कि गर्मी की छुट्टियों को ध्यान में रखते हुए धनबादवासियों एवं बच्चों के लिए इस बार एक नए और आकर्षक मेले का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि यह मेला पूरे महीने तक चलेगा, जहां लोग अपने परिवार के साथ आकर मनोरंजन का आनंद उठा सकते हैं। मेले में सुरक्षा, स्वच्छता एवं खानपान की भी बेहतर व्यवस्था की गई है। उद्घाटन के बाद लोगों ने विभिन्न झूलों एवं मनोरंजन कार्यक्रमों का आनंद लिया। पूरे गोल्फ ग्राउंड क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला।

# पटना में लोगों को झुलसा रही गर्मी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। बिहार के पटना में भीषण गर्मी पड़ रही है। लोग बारिश का इंतजार कर रहे हैं। मौसम विभाग ने बारिश का अलर्ट जारी किया है लेकिन पटना में अगले तीन दिनों के बाद बारिश नहीं होगी। 20 मई को पटना समेत पूरे बिहार में बारिश का अलर्ट जारी किया गया है।

आज कैमूर, रोहतास, बक्सर, भोजपुर, औरंगाबाद, अरवल, सुपौल, सहरसा, मधेपुरा, पूर्णिया, कटिहार, अररिया, किशनगंज में बारिश और वज्रपात का यलो अलर्ट जारी किया गया है। इन जिलों में 40 से 50 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से हवा चलने और वज्रपात के भी आसार हैं। मौसम विभाग ने आम लोगों से सावधान रहने की अपील की है।

वहीं 18 और 19 मई को पूर्वी चंपारण, बक्सर, शेखपुरा में हीट वेव का अलर्ट जारी गया है। इन जिलों में भीषण गर्मी पड़ेगी। वहीं 19 मई को जमुई, बांका, मुंगेर, भागलपुर, मुंगेर, खगड़िया, सहरसा, मधेपुरा, पूर्णिया, कटिहार, अररिया, किशनगंज, सुपौल में बारिश और वज्रपात का अलर्ट जारी किया गया है। वहीं 20 मई को पूरे बिहार में बारिश और वज्रपात का अलर्ट किया गया है। पूर्वी चंपारण, पश्चिम चंपारण, गोपालगंज, सीवान, सारण, सुपौल, सहरसा, मधेपुरा, अररिया, किशनगंज, पूर्णिया और कटिहार में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। 22 और 23 मई को पूरे बिहार में बारिश और वज्रपात के आसार हैं। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य के उत्तर-पश्चिम और उत्तर-पूर्वी भाग के एक-दो स्थानों पर हल्की वर्षा दर्ज की गई, जबकि राज्य के अधिकांश हिस्सों में मौसम शुष्क बना रहा।

राज्य में सबसे अधिक अधिकतम तापमान 42.6 डिग्री सेल्सियस डेहरी (रोहतास) में शनिवार को रिकॉर्ड किया गया।

# अल-नस्र की हार से टूटा रोनाल्डो का सपना, फाइनल के बाद मेडल लेने से भी किया इनकार

**रियाद, एजेंसी।** सऊदी क्लब अल-नस्र और फुटबॉल सुपरस्टार क्रिस्टियानो रोनाल्डो के लिए शनिवार की रात बेहद निराशाजनक साबित हुई। एएफसी चैंपियंस लीग टू के फाइनल में जापान के गाम्बा ओसाका ने अल-नस्र को 1-0 से हराकर खिताब अपने नाम कर लिया। इस हार के बाद रोनाल्डो ने रनर-अप मेडल लेने से भी इनकार कर दिया, जिसकी चर्चा सोशल मीडिया पर तेजी से हो रही है।

## डेनिज हम्मत का गोल बना फर्क

मुकाबले में अल-नस्र ने गेंद पर ज्यादा कब्जा रखा और लगातार अटैक किए, लेकिन टीम गोल करने में नाकाम रही। वहीं गाम्बा ओसाका ने मिले मौके का शानदार फायदा उठाया। मैच के 30वें मिनट में तुर्की फॉरवर्ड डेनीज हमात ने बॉक्स के अंदर से शानदार लो शॉट लगाकर टीम को बढ़त दिलाई। गोल के बाद लंबा वीएआर चेक हुआ, लेकिन आखिरकार गोल को मान्यता दे दी गई। हम्मत ने मैच के बाद कहा, 'मैं खुश हूं कि मैंने गोल किया और टीम की मदद कर सका। दूसरे हाफ में मैं काफी नर्वस था, लेकिन सबसे जरूरी बात यह है कि हमने जीत हासिल की। मुझे अपने साथियों पर गर्व है।'



## रोनाल्डो और फेलिक्स से चूके मौके

अल-नस्र के स्टार खिलाड़ियों ने कई मौके बनाए, लेकिन किस्मत ने उनका साथ नहीं दिया। पहले हाफ के अंत में रोनाल्डो को बराबरी का शानदार मौका मिला, लेकिन जोआओ फेलिक्स के क्रॉस पर उनका हेडर गोलपोस्ट के बाहर चला गया। इसके बाद मैच खत्म होने से 13 मिनट पहले फेलिक्स का लंबी दूरी का शॉट पोस्ट से टकरा गया। ओसाका की मजबूत डिफेंस लाइन ने अल-नस्र के स्टार अटैक को खुलकर खेलने का मौका नहीं दिया।

## हार के बाद मेडल लेने से किया इनकार

फाइनल हारने के बाद रोनाल्डो काफी निराश नजर आए। मैच खत्म होने के बाद उन्होंने रनर-अप मेडल लेने से इनकार कर दिया। यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है और फैंस के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। रोनाल्डो दिसंबर 2022 में अल-नस्र से जुड़े थे, लेकिन अब तक वह क्लब को कोई बड़ा अंतरराष्ट्रीय खिताब नहीं दिला सके हैं।

महज 21 साल की उम्र में अंगकृष रघुवंशी ने बनाया बड़ा रिकॉर्ड

# एक ही सीजन में ठोके पांच अर्धशतक



## शुभमन गिल और बटलर का संघर्ष गया बेकार



कोलकाता नाइट राइडर्स ने आईपीएल 2026 के 60वें मुकाबले में गुजरात टाइटंस के खिलाफ 29 रन से जीत दर्ज की। इसी के साथ कोलकाता ने 'प्लेऑफ' की उम्मीदों को बरकरार रखा है। कोलकाता 12 में से 5 मैच जीतकर 11 अंकों के साथ प्वाइंट्स टेबल में सातवें पायदान पर मौजूद है, जबकि गुजरात टाइटंस 13 में से 8 मुकाबले जीतकर दूसरे पायदान पर बनी हुई है। गुजरात का मकसद अपने अगले मैच में चेन्नई सुपर किंग्स को शिकस्त देकर 18 अंकों के साथ अगले दौर का टिकट हासिल करना होगा। विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी गुजरात निर्धारित 20 ओवरों में 4 विकेट खोकर 218 रन ही बना सकी। इस टीम को साई सुदर्शन और शुभमन गिल की सलामी जोड़ी ने शानदार शुरुआत

**कोलकाता, एजेंसी।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के युवा विकेटकीपर-बल्लेबाज अंगकृष रघुवंशी ने बड़ा रिकॉर्ड बनाया है। वह महज 21 साल की उम्र में एक आईपीएल सीजन में सर्वाधिक अर्धशतक लगाने वाले बल्लेबाजों की सूची में संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं।

## रघुवंशी का रिकॉर्ड

21 साल और 345 दिन की उम्र में रघुवंशी ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ महज 33 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया, जो उनके आईपीएल करियर का सातवां अर्धशतक था। एक आईपीएल सीजन में 21 साल की उम्र में सबसे ज्यादा अर्धशतक लगाने वाले बल्लेबाजों की सूची में ऋषभ पंत (साल 2018) और यशस्वी जायसवाल (साल 2023) शीर्ष पर हैं, जिन्होंने 6-6 बार यह कारनामा किया है। वहीं, देवदत्त पड्डिकल ने साल 2022 में पांच बार ऐसा किया था।

## रघुवंशी के पांच अर्धशतक

अंगकृष रघुवंशी ने इस आईपीएल सीजन के अपने पहले ही मैच में मुंबई इंडियंस के खिलाफ 51 रन की पारी खेली थी। इसके बाद उन्होंने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 52 रन बनाए। अंगकृष ने तीन मई को सनराइजर्स हैदराबाद के विरुद्ध दूसरे मैच में भी अर्धशतक (59) लगाया, जिसके बाद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ 71 रन की पारी खेली।

## केकेआर की पारी

आईपीएल 2026 के 60वें मुकाबले में केकेआर ने 20 ओवरों में दो विकेट खोकर 247 रन बनाए। कप्तान अजिंक्य रहाणे ने फिन एलन के साथ पहले विकेट के लिए 4.3 ओवरों में 44 रन की साझेदारी की। रहाणे 14 रन बनाकर आउट हुए, जिसके बाद एलन ने अंगकृष रघुवंशी के साथ दूसरे विकेट के लिए 41 गेंदों में 95 रन जोड़े। फिन एलन 35 गेंदों में 10 छक्कों और चार चौकों के साथ 93 रन की पारी खेलकर आउट हुए। यहां से रघुवंशी ने कैमरन ग्रीन के साथ तीसरे विकेट के लिए 52 गेंदों में 108 रन की अटूट साझेदारी करते हुए टीम को 247/2 के स्कोर तक पहुंचाया। रघुवंशी 44 गेंदों में सात छक्कों और चार चौकों के साथ 82 रन बनाकर नाबाद रहे, जबकि कैमरून ग्रीन ने 28 गेंदों में चार छक्कों और तीन चौकों के साथ 52 रन की नाबाद पारी खेली।

## कोलकाता की शुरुआत बेहद आक्रामक रही, दिखाया दम

कोलकाता की शुरुआत बेहद आक्रामक रही। टीम के बल्लेबाजों ने शुरुआत से ही गुजरात के गेंदबाजों पर दबाव बनाया और लगातार बड़े शॉट लगाए। मिडिल ऑर्डर ने भी तेजी से रन जोड़ते हुए स्कोर को 240 के पार पहुंचाया। ईडन गार्डन्स की बल्लेबाजी के लिए मददगार पिच का पूरा फायदा उठाया। गुजरात टाइटंस की ओर से गेंदबाज काफी महंगे साबित हुए। कगिसो रबाडा, मोहम्मद सिराज और राशिद खान जैसे अनुभवी गेंदबाज भी रन गति पर अंकुश नहीं लगा सके। चचक्रके बल्लेबाजों ने पावरप्ले से लेकर डेथ ओवर्स तक लगातार आक्रमण जारी रखा। 248 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी गुजरात टाइटंस ने भी दमदार शुरुआत की। कप्तान शुभमन गिल और साई सुदर्शन ने तेज रन बनाए, लेकिन बढ़ते रन रेट के दबाव में टीम लगातार बड़े शॉट खेलने को मजबूर रही।

राहुल द्रविड़ ने कोच गंभीर की सोच से जताई असहमति! बोले-

# क्रिकेट में सुपरस्टार और हीरो जरूरी



**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के पूर्व मुख्य कोच और दिग्गज बल्लेबाज राहुल द्रविड़ ने भारतीय क्रिकेट में सुपरस्टार संस्कृति को खत्म करने की बात पर अपनी अलग राय रखी है। मौजूदा हेड कोच गौतम गंभीर लगातार इस बात की वकालत करते रहे हैं कि टीम खेल में व्यक्तिगत उपलब्धियों से ज्यादा टीम की सफलता को महत्व दिया जाना चाहिए। हालांकि, द्रविड़ ने गंभीर की सोच को पूरी तरह गलत नहीं बताया, लेकिन उन्होंने साफ कहा कि हर खेल को अपने हीरो और सुपरस्टार की जरूरत होती है। उनका मानना है कि कोई भी खिलाड़ी बिना शानदार प्रदर्शन के सुपरस्टार नहीं बन सकता।द्रविड़ ने हाल के समय में भारतीय टेस्ट टीम के प्रदर्शन पर भी अपनी राय दी। उन्होंने माना कि रोहित शर्मा, विराट कोहली और रविचंद्रन अश्विन जैसे अनुभवी खिलाड़ियों की जगह भरना आसान नहीं है। उन्होंने कहा, 'रेड-बॉल क्रिकेट में अच्छा करने का जुनून टीम में मौजूद है। हाल के कुछ सीरीज में भारतीय टीम उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाई, लेकिन ऐसा कभी-कभी होता है। कुछ बड़े खिलाड़ी हाल ही में रिटायर हुए हैं और उनकी कमी जरूर महसूस होगी। हालांकि भारतीय क्रिकेट अब भी मजबूत है और मुझे भरोसा है कि टीम हर फॉर्मेट में प्रतिस्पर्धी बनी रहेगी।'द्रविड़ ने यह भी कहा कि मौजूदा समय में काफी ज्यादा व्हाइट-बॉल क्रिकेट खेला जा रहा है, जिससे खिलाड़ियों के लिए अलग-अलग फॉर्मेट में लगातार खुद को ढालना आसान नहीं होता। पूर्व कप्तान को उम्मीद है कि भारतीय टीम आने वाले समय में वापसी करेगी।

# सुनील नरेन ने रचा इतिहास

## 200 मैच खेलने वाले पहले विदेशी खिलाड़ी बने



**कोलकाता।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के स्पिनर सुनील नरेन ने इतिहास रच दिया है। शनिवार को कोलकाता के ईडन गार्डन्स में गुजरात टाइटंस के खिलाफ उतरते ही उन्होंने अपने 200 आईपीएल मैच पूरे कर लिया है। आईपीएल में 200 मैच खेलने वाले वह पहले विदेशी खिलाड़ी हैं।

## सुनील नरेन ने रचा इतिहास

सुनील नरेन केकेआर की तरफ से भी 200 मैच खेलने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं। नरेन 2012 में केकेआर से जुड़े थे और उसके बाद से लगातार इसी टीम के लिए खेल रहे हैं। नरेन टीम के बड़े मैच विनर हैं। टीम को 2012, 2014 और 2024 में चैंपियन बनाने में त्रिनिदाद एवं टोबैगो के इस खिलाड़ी का अहम योगदान रहा है। नरेन एक ऑफ स्पिनर हैं, लेकिन गेंदबाजी के अलावा अपनी धमाकेदार बल्लेबाजी से भी वह टीम को मैच जिताते रहे हैं। गुजरात के खिलाफ मैच से पहले खेले 199 मैचों की 126 पारियों में 22 बार नाबाद रहते हुए नरेन ने 1,820 रन बनाए हैं। इस दौरान उनके बल्ले से सात अर्धशतक और एक शतक आया है। इसके अलावा 197 पारियों में गेंदबाजी करते हुए उन्होंने 203 विकेट लिए हैं। नरेन आईपीएल में सर्वाधिक विकेट लेने वाले विदेशी गेंदबाज भी हैं और सर्वाधिक सफल गेंदबाजों की सूची में युजवेंद्र चहल और भुवनेश्वर कुमार के बाद तीसरे नंबर पर हैं। केकेआर के लिए सर्वाधिक आईपीएल मैच खेलने वाले खिलाड़ियों में नरेन 200 मैच के साथ पहले स्थान पर हैं।

# एलिना ने जीता इटैलियन ओपन का खिताब



**रोम।** सातवीं वरीयता प्राप्त एलिना स्वितोलिना ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए विमेंस सिंगल्स फाइनल मुकाबले में कोको गॉफ को दो घंटे तक चले मैच में 6-4, 6-7 (3), 6-2 से हराकर इटैलियन ओपन के खिताब को अपने नाम किया। दूसरी वरीयता प्राप्त एलेना रायबाकिना और सेमीफाइनल में इगा स्वियाटेक को हराकर फाइनल में पहुंचीं स्वितोलिना पिछले साल की रनर-अप गॉफ के खिलाफ शुरुआत में दबाव में दिखाई दीं और पहले सेट में 2-4 से पीछे चल रही थीं। मैच का टर्निंग पॉइंट आठवें गेम में आया, जब गॉफ ने 40-0 की लीड बनाने के बाद दो बार डबल-फॉल्ट किया, जिससे स्वितोलिना को ब्रेक बैक करने का मौका मिला। शिन्हुआ की रिपोर्ट के मुताबिक, यूक्रेनी खिलाड़ी स्वितोलिना ने फिर नौवें गेम में तीन ब्रेक पॉइंट बचाकर सर्व बनाई रखी और सेट 6-4 से अपने नाम कर लिया। दूसरा सेट में स्वितोलिना और गॉफ के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली। गॉफ ने 11वें गेम में अहम ब्रेक लिया, लेकिन जब वह सेट जीतने के लिए सर्व कर रही थीं, तब स्वितोलिना ने तुरंत वापसी करते हुए ब्रेक हासिल कर लिया और मुकाबला टाईब्रेक तक पहुंच गया। टाईब्रेक में गॉफ ने शानदार खेल दिखाया और सेट को 7-3 से अपने नाम करते हुए मैच को बराबरी पर ला दिया। स्वितोलिना ने पांचवें और सातवें गेम में ब्रेक करके निर्णायक सेट में कंट्रोल वापस पा लिया। चैंपियनशिप के लिए सर्व करते हुए, उन्होंने बैकहैंड वॉली लगाकर अपनी जीत पक्की करने से पहले तीन ब्रेक पॉइंट बचाए। यह जीत रोम में उनका तीसरा सिंगल्स टाइटल और उनके करियर का 20वां डब्ल्यूटीए सिंगल्स टाइटल है।

# थाईलैंड ओपन के फाइनल में हारे सात्विक-चिराग, मार्टिन-कार्नांडो ने दी शिकस्त

**बैंकॉक, एजेंसी।** भारत की स्टार पुरुष युगल बैडमिंटन जोड़ी सात्विकसाईराज रैंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी थाईलैंड ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट का खिताब जीतने से चूक गई। बैंकॉक में खेले गए रोमांचक फाइनल में इंडोनेशिया की लियो कार्नांडो और डेनिएल मार्टिन की जोड़ी ने भारतीय खिलाड़ियों को 53 मिनट तक चले मुकाबले में 21-12, 25-23 से हराया।

## पहले गेम में लय नहीं पकड़ सके सात्विक-चिराग

दुनिया की चौथे नंबर की भारतीय जोड़ी शुरुआत से ही दबाव में नजर आई। चिराग शुरुआती सर्विस एक्सचेंज में संघर्ष करते दिखे, जिसका फायदा इंडोनेशियाई जोड़ी ने उठाया और जल्दी 4-1 की बढ़त बना ली। हालांकि भारतीय जोड़ी ने कुछ समय तक मुकाबले में बने रहने की कोशिश की, लेकिन लियो और डेनियल के आक्रामक स्मैश और तेज नेट प्ले के सामने वे टिक नहीं सके। इंडोनेशियाई खिलाड़ियों ने लगातार दबाव बनाए रखा और पहला गेम 21-12 से अपने नाम कर लिया।



अमर उजाला

## दूसरे गेम में दिखाया जबरदस्त जज्बा

पहला गेम गंवाने के बाद सात्विक और चिराग ने दूसरे गेम में शानदार वापसी की। भारतीय जोड़ी ने तेज रफ्तार रैलियों और बेहतर नेट गेम के दम पर मुकाबले में बराबरी बनाई। एक समय भारतीय जोड़ी 7-5 से आगे निकल गई और फिर दोनों टीमों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली। स्कोर 14-14 से लेकर 19-19 तक बराबरी पर चलता रहा। इसके बाद इंडोनेशियाई जोड़ी ने लगातार चैंपियनशिप प्वाइंट हासिल किए, लेकिन सात्विक और चिराग ने शानदार जुझारूपन दिखाते हुए चार बार मुकाबला बचा लिया। हालांकि पांचवें चैंपियनशिप प्वाइंट पर भारतीय जोड़ी नेट में शटल मार बैठी और मुकाबला हार गई।सात्विक और चिराग के लिए यह सीजन का पहला फाइनल था। सात्विक के कंधे की चोट के कारण भारतीय जोड़ी कुछ टूर्नामेंट नहीं खेल पाई थी, लेकिन वापसी के बाद उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया। यह थाईलैंड ओपन में उनका तीसरा फाइनल था।

# नीट पेपर लीक के आरोपी दिनेश बिवाल के निकले राजनीतिक संबंध, अब बीजेपी-कांग्रेस आमने सामने

**नई दिल्ली, एजेंसी।** 3 मई को हुई नीट परीक्षा पेपर लीक मामले को लेकर बवाल मचा हुआ है। जैसे-जैसे सीबीआई पेपर लीक मामले में अपनी जांच आग बढ़ा रही है वैसे-वैसे लीक से जुड़े कई खुलासे हो रहे हैं। जांच में सामने आए अहम नामों में से एक नाम जयपुर के जमवा रामगढ़ के दिनेश बिवाल का है। लेकिन पेपर लीक से जुड़े आरोपों के अलावा बिवाल का राजनीतिक सफर और नेताओं द्वारा अचानक उनसे दूरी बनाने की कोशिश अपने आप में एक अलग कहानी बन गई है। कई पोस्टरों, होर्डिंग्स और सोशल मीडिया पोस्ट में बिवाल को बीजेपी पदाधिकारी बताया गया है। अपने सोशल मीडिया प्रोफाइल पर उन्होंने खुद को 'बीजेपी जयपुर ग्रामीण का पूर्व जिला मंत्री' बताया है। अब बीजेपी के साथ उनके कथित संबंधों को लेकर सवाल उठाए जा रहे हैं। एनडीटीवी की रिपोर्ट के मुताबिक, बीजेपी नेताओं ने उन्हें कोई भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपे जाने से इनकार कर दिया। बीजेवाईएम के प्रदेश अध्यक्ष शंकर गौरा ने कहा कि उनके नेतृत्व में जयपुर



ग्रामीण जिले में अभी तक कोई नियुक्ति नहीं की गई है। उनसे पहले जब अंकित चेची प्रदेश अध्यक्ष थे तब भी संगठनात्मक नियुक्तियां कथित तौर पर बहुत कम हुई थीं। हाल के दिनों में अमित शर्मा और बलराम दून जयपुर ग्रामीण के जिला अध्यक्ष थे। दोनों नेताओं ने यह भी दावा किया कि अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने न तो बिवाल को कोई आधिकारिक जिम्मेदारी दी और न ही उन्हें संगठनात्मक बैठकों में आमंत्रित किया। हालांकि, दून ने यह स्वीकार किया कि जब 2011 में वे बीजेवाईएम जयपुर ग्रामीण जिला अध्यक्ष बने थे तब बिवाल पहले से ही पिछली टीम का हिस्सा थे और राज्य मंत्री के पद पर थे। उन्होंने बताया कि उन्होंने महेंद्र पाल मीणा, जो अब विधायक हैं और जिनकी तस्वीरें बिवाल के साथ सोशल मीडिया पर सामने आई थीं को अपनी टीम में शामिल किया था। वहीं, दीन से पहले जिला अध्यक्ष रहे रघुवीर चौधरी ने इस बात से इनकार किया कि बिवाल उनकी टीम का हिस्सा थे। महेंद्र पाल मीणा ने कहा कि वह नियमित रूप से अपने निर्वाचन क्षेत्र के लोगों से मिलते हैं। बिवाल के साथ अपनी तस्वीरों के बारे में पूछे जाने पर मीणा ने जवाब दिया कि एक जन प्रतिनिधि होने के नाते कई लोग उनके साथ तस्वीरें खिंचवाते हैं। बीजेपी के मुख्य संगठन के भीतर यह दावा किया जा रहा है कि बिवाल को जो भी जिम्मेदारियां मिलीं, वे समय-समय पर पार्टी के अलग-अलग नेताओं की सिफारिशों के जरिए मिलीं। लेकिन जब उनसे पूछा गया कि उनकी सिफारिश असल में किसने की थी तो ज्यादातर नेता चुप रहे।

## केंद्र सरकार का मेगा प्लान: भाखड़ा और रंजीत सागर सहित 736 बांधों के आधुनिकीकरण की तैयारी तेज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्र सरकार बांध पुनर्वास और सुधार परियोजना (डीआरआईपी) के तहत 10,211 करोड़ रुपये की लागत से 736 बांधों का आधुनिकीकरण कर रही है। जल शक्ति मंत्रालय के अनुसार इसके तहत 191 बांधों के लिए 5,053 करोड़ रुपये के पुनर्वास प्रस्तावों को पहले ही मंजूरी मिल चुकी है और 31 मार्च, 2025 तक 43 बांधों पर पुनर्वास कार्य पूरा हो चुका है। मंत्रालय ने कहा कि अक्टूबर 2021 में शुरू किए गए डीआरआइपी के दूसरे और तीसरे चरण में 19 राज्यों और तीन केंद्रीय एजेंसियों - केंद्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी), भाखरा ब्यास प्रबंधन बोर्ड (बीबीएमबी) और दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) के 736 बांध शामिल हैं।



परियोजना के दूसरे और तीसरे चरण के तहत जिन प्रमुख बांधों की सुरक्षा में सुधार किया जाएगा उनमें भाखरा बांध (हिमाचल प्रदेश), रंजीत सागर बांध (पंजाब), गांधी सागर बांध (मध्य प्रदेश), जिरगो बांध (उत्तर प्रदेश) और सिलाबती बैराज (बंगाल) शामिल हैं। डीआरआइपी के दूसरे और तीसरे चरण के लिए कुल परियोजना लागत 10,211 करोड़ रुपये है - जिसमें से 5,107 करोड़ रुपये दूसरे चरण के लिए और 5,104 करोड़ रुपये तीसरे चरण के लिए हैं। इसमें से सात हजार करोड़ रुपये बाहरी ऋण सहायता के रूप में दिए जा रहे हैं, जबकि 3,211 करोड़ रुपये सहभागी राज्यों और केंद्रीय एजेंसियों द्वारा वहन किए जा रहे हैं। दूसरे चरण में विश्व बैंक और एशियाई अवसंरचना निवेश बैंक (एआइआइबी) में भी फंडिंग मिल रही है। दूसरे और तीसरे चरण को मिलाकर योजना की अवधि 10 साल है। परियोजना का उद्देश्य पुराने होते बांधों की संरचनात्मक मजबूती, जल संग्रहण क्षमता और परिचालन दक्षता को बढ़ाना, रखरखाव के लिए राजस्व जुटाने के उपाय करना शामिल है। मंत्रालय ने कहा कि डीआरआइपी दुनिया के सबसे बड़े बांध पुनर्वास कार्यक्रमों में से एक है। भारत 6,628 बांधों के साथ विश्व में तीसरे स्थान पर है, जिनमें से 6,545 चालू हैं और 83 निर्माणाधीन हैं। इन बांधों की कुल जल भंडारण क्षमता लगभग 330 अरब घन मीटर है और ये राष्ट्रीय खाद्य, ऊर्जा और जल सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। इन बांधों में से 26 प्रतिशत से अधिक, यानी 1,681 तो 50 वर्ष से भी अधिक पुराने हैं। 291 बांध 100 वर्ष से अधिक पुराने हैं। डीआरआईपी को तीन चरणों में लागू किया जा रहा है। विश्व बैंक के सहयोग से डीआरआइपी का पहला चरण अप्रैल 2012 में शुरू किया गया था और यह 2021 तक चला। इसमें झारखंड, कर्नाटक, केरल, मध्य प्रदेश, ओडिशा, तमिलनाडु और उत्तराखंड सहित सात राज्यों के 223 बांध शामिल थे। डीआरआइपी के प्रथम चरण की प्रमुख उपलब्धियों में एक डैम हेल्थ एंड रिहैबिलिटेशन मॉनिटरिंग एप्लीकेशन (धर्म) की शुरुआत थी।

## दिल्ली में प्रदूषण फैलाने वाली 6 अवैध फैक्ट्रियां सील, नियमों की उड़ाई जा रही थी धज्जियां

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सबोली इलाके में प्रदूषण फैलाने वाली अवैध फैक्ट्रियों के खिलाफ प्रशासन ने बड़ा अभियान चलाते हुए छह फैक्ट्रियों को सील कर दिया। यह कार्रवाई दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी), नगर निगम और स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा की गई। निगम आयुक्त ममता यादव ने बताया कि क्षेत्र में लंबे समय से फैक्ट्रियों से निकलने वाले धुएं, रासायनिक गंध और अपशिष्ट पदार्थों को लेकर शिकायतें मिल रही थीं, जिसके बाद निरीक्षण अभियान चलाया गया। जांच के दौरान कई फैक्ट्रियों में प्रदूषण नियंत्रण संबंधी मानकों का उल्लंघन पाया गया। कुछ फैक्ट्रियों में बिना अनुमति औद्योगिक गतिविधियां संचालित की जा रही थीं, जबकि कई स्थानों पर सुरक्षा और पर्यावरण संबंधी नियमों का पालन नहीं किया जा रहा था। टीम ने मौके पर आवश्यक दस्तावेजों की भी जांच की और अनियमितताएं पाए जाने पर फैक्ट्रियों को तत्काल प्रभाव से सील कर दिया। कार्रवाई के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारी पुलिस बल तैनात किया गया। निगम अधिकारियों ने बताया कि अवैध रूप से संचालित और प्रदूषण फैलाने वाली फैक्ट्रियों के खिलाफ आगे भी अभियान जारी रहेगा। साथ ही लोगों से भी अपील की गई है कि वे अपने आसपास संचालित ऐसी फैक्ट्रियों की जानकारी प्रशासन को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

## कस्टम ड्यूटी बढ़ने से दिल्ली एयरपोर्ट पर सोने की तस्करी में बढ़ोतरी, अंतरराष्ट्रीय सिंडिकेट सक्रिय

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश के अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट, विशेषकर इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट पर पिछले कुछ दिनों में सोने की तस्करी के मामलों में अचानक आई तेजी ने सुरक्षा एजेंसियों को अलर्ट कर दिया है। वरिष्ठ सीमा शुल्क (कस्टम) अधिकारियों ने हाल ही में पकड़े गए अंतरराष्ट्रीय तस्करों से पूछताछ और डेटा के विश्लेषण के बाद एक चौंकाने वाला खुलासा किया है। अधिकारियों के मुताबिक, तस्करी में आई इस अचानक तेजी का सीधा संबंध सरकार द्वारा सोने पर आयात शुल्क (कस्टम ड्यूटी) में की गई भारी बढ़ोतरी से है। कस्टम विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के अनुसार, हाल ही में सरकार ने सोने पर लगने वाली कस्टम ड्यूटी को 6 प्रतिशत से बढ़ाकर सीधे 15 प्रतिशत कर दिया है। टैक्स में हुई इस अप्रत्याशित बढ़ोतरी ने वैध रूप से सोना आयात करने वालों के लिए लागत बढ़ा दी है, लेकिन दूसरी ओर इसने अवैध रूप से सोना देश में लाने वाले अंतरराष्ट्रीय सिंडिकेट के हौसले बुलंद कर दिए हैं। ड्यूटी बढ़ते ही भारत के घरेलू बाजार और विदेशी बाजार में सोने की कीमतों का अंतर बहुत ज्यादा बढ़ गया है, जिससे अवैध सोने की मांग और उसकी कीमत आसमान छूने लगी है। इस नीतिगत बदलाव ने अवैध बाजार के समीकरणों को पूरी तरह बदल कर रख दिया है। अब ब्लैक मार्केट में प्रति किलो सोने पर मिलने वाला प्राफिट मार्जिन रिकार्ड स्तर पर पहुंच गया है। कस्टम अधिकारियों का कहना है कि जब प्रति किलो मुनाफा लाखों रुपये में बढ़ जाता है, तो अंतरराष्ट्रीय गिरोहों की बेचैनी और जोखिम लेने की क्षमता भी बढ़ जाती है। यही वजह है कि अब तस्कर पकड़े जाने के डर से पीछे नहीं हट रहे हैं, बल्कि भारी मुनाफे के लालच में पहले से कहीं ज्यादा बड़ा रिस्क उठा रहे हैं। शातिर तरीके अपना रहे हैं। सोने को भारत की सीमा के भीतर घुसाने के लिए अब कई तरह हथकंडे अपनाए जा रहे हैं। तस्करों के इस बदलते और खतरनाक पैटर्न को देखते हुए कस्टम विभाग ने भी एयरपोर्ट पर सुरक्षा व्यवस्था को ''हाई-अलर्ट'' पर डाल दिया है। अब केवल सामान्य चेकिंग के भरोसे न रहकर, संदिग्ध रूटों से आने वाले यात्रियों का ''डेटा विश्लेषण'' और ''एडवांस रिस्क-प्रोफाइलिंग'' की जा रही है। ताकि इन अंतरराष्ट्रीय आर्थिक अपराधियों को एयरपोर्ट पर कदम रखते ही दबोचा जा सके।

## इराक में अली अल-जैदी सरकार: यूएस-ईयू से लेकर ईरान-तुर्किये में कैसा माहौल

**तेहरान, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इराक के नए प्रधानमंत्री अली फलिह काजिम अल-जैदी को पद संभालने पर बधाई दी है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत और इराक के बीच लंबे समय से मजबूत और दोस्ताना संबंध रहे हैं और भारत इन रिश्तों को हर क्षेत्र में और मजबूत बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि वह दोनों देशों की साझा तरक्की और समृद्धि के लिए नए इराकी प्रधानमंत्री के साथ मिलकर काम करने को उत्सुक हैं।

बनने पर हार्दिक शुभकामनाएं। भारत इराक के साथ अपने पुराने और मजबूत संबंधों को बहुत महत्व देता है। उन्होंने उम्मीद जताई कि दोनों देशों के बीच व्यापार, ऊर्जा, निवेश और कूटनीतिक सहयोग आने वाले समय में और मजबूत होगा। सीरिया के लिए विशेष दूत टॉम बैरक ने भी इराक के नए प्रधानमंत्री को बधाई दी। उन्होंने कहा कि अमेरिका इराक में नए नेतृत्व का स्वागत करता है और दोनों देशों के साझा हितों पर मिलकर काम करना चाहता है। अमेरिका चाहता है कि इराक एक मजबूत, स्थिर और समृद्ध देश बने, जो अपने पड़ोसी देशों के साथ शांति बनाए रखे और अपने नागरिकों को बेहतर अवसर दे। टॉम बैरक ने यह भी कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, विदेश मंत्री मार्को रुबियो और अमेरिका की सरकार इराक के साथ आतंकवाद खत्म करने और आर्थिक विकास बढ़ाने के लिए मिलकर काम करने को तैयार हैं। इराकी संसद ने 14 मई को अली अल-जैदी की सरकार को मंजूरी दी थी। प्रधानमंत्री बनने के बाद उन्होंने बड़ा बयान देते हुए कहा कि देश में हथियारों पर सिर्फ सरकार का अधिकार होना चाहिए। यह बयान ऐसे समय आया है जब अमेरिका लगातार इराक पर दबाव बना रहा है कि वह ईरान समर्थित हथियारबंद गुटों को कमजोर करे और उन्हें निरस्त्र करे। संयुक्त राष्ट्र ने भी नई सरकार के गठन का स्वागत किया है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने कहा कि यूएन इराक के लोगों के आर्थिक और सामाजिक विकास में सहयोग जारी रखेगा।

## ईरान पर फिर हमले की तैयारी कर रहा अमेरिका? ट्रंप के पोस्ट से पश्चिम एशिया में बढ़ा तनाव

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पश्चिम एशिया में व्याप्त तनाव के बीच एक ऐसा पोस्ट किया है, जिसने पूरी दुनिया की चिंता बढ़ा दी है। ट्रंप ने सोशल मीडिया पर एक एआई से बनाई गई तस्वीर साझा की, जिसमें वह 'मेक अमेरिका ग्रेट अगेन' कैप पहनकर अमेरिकी नौसेना के एक एडमिरल के साथ युद्धपोत पर खड़े दिखाई दे रहे हैं। तस्वीर में समुद्र में तूफानी मौसम और पीछे ईरानी जहाज भी नजर आ रहे हैं। इसके साथ ट्रंप ने लिखा, 'यह तूफान से पहले की शांति थी'। ट्रंप के इस संदेश को सीधे तौर पर ईरान के लिए चेतावनी माना जा रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, ट्रंप प्रशासन ईरान के खिलाफ फिर से हवाई हमले शुरू करने के विकल्प पर चर्चा कर रहा है। बताया जा रहा है कि अगर कूटनीतिक बातचीत सफल नहीं होती, तो अमेरिका सैन्य कार्रवाई का रास्ता अपना सकता है। वहीं, एक अमेरिकी अखबार की रिपोर्ट में दावा किया गया है कि ट्रंप अपनी ईरान नीति को लेकर बड़ा फैसला लेने की तैयारी में हैं। व्हाइट हाउस के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ संभावित सैन्य योजनाओं पर चर्चा चल रही है। इससे पहले भी ट्रंप ईरान को चेतावनी दे चुके हैं कि अगर जल्द कोई शांति समझौता नहीं हुआ, तो ईरान के लिए 'बहुत बुरा समय' आ सकता है। दूसरी तरफ ईरान भी अपने रुख पर कायम नजर आ रहा है। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि अमेरिका की ओर से बातचीत शुरू करने के संकेत मिले हैं, लेकिन तेहरान को अभी भी वॉशिंगटन की नीयत पर भरोसा नहीं है। वहीं ईरानी संसद के स्पीकर मोहम्मद बाघेर गालिबाफ ने कहा कि ईरान की 14



सूत्रीय शांति योजना के अलावा कोई भी प्रस्ताव बेनतीजा साबित होगा। पश्चिम एशिया में तनाव का सबसे बड़ा केंद्र फिलहाल होर्मुज जलडमरूमध्य बना हुआ है। यह दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण समुद्री व्यापार मार्गों में से एक है, जहां से लगभग 20 प्रतिशत वैश्विक तेल सप्लाई गुजरती है। ईरान ने यहां शिपिंग कंट्रोल के लिए नया प्रस्ताव भी दिया है। ईरानी अधिकारियों का कहना है कि कुछ समुद्री रास्तों को सीमित किया जा सकता है, जबकि ईरान के साथ सहयोग करने वाले व्यावसायिक जहाजों को नियंत्रित तरीके से गुजरने की अनुमति दी जाएगी। हालांकि पिछले महीने युद्धविराम की घोषणा हुई थी, लेकिन हालात अभी भी बेहद नाजुक बने हुए हैं। अमेरिका ने खाड़ी क्षेत्र में अपनी नौसैनिक मौजूदगी मजबूत कर रखी है। ऐसे में ट्रंप के नए बयान और सैन्य कार्रवाई की अटकलों ने पश्चिम एशिया में एक बड़े टकराव की आशंका को फिर बढ़ा दिया है।

## संक्षिप्त समाचार

### सुप्रीम कोर्ट में केंद्र का हलफनामा, चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति में सीजेआई की मौजूदगी जरूरी नहीं



**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से कहा है कि संविधान के तहत चुनाव आयोग की नियुक्ति समिति में न्यायिक प्रतिनिधित्व अनिवार्य नहीं है। सरकार ने स्पष्ट किया कि चयन समिति में न्यायपालिका के सदस्य को शामिल करना 'विधायी निर्णय'' हो सकता है, लेकिन यह कोई 'संवैधानिक बाध्यता'' नहीं है। केंद्र ने यह दलील मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त (नियुक्ति, सेवा शर्तें और कार्यकाल) अधिनियम, 2023 की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान दाखिल प्रति-हलफनामे में दी है। 2 जनवरी 2024 से लागू इस कानून के तहत मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा एक चयन समिति की सिफारिश पर की जाती है। समिति में प्रधानमंत्री, एक केंद्रीय कैबिनेट मंत्री और लोकसभा में विपक्ष के नेता शामिल होते हैं। नए कानून में भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआइ) की जगह केंद्रीय मंत्री को शामिल किया गया है। केंद्र ने हलफनामे में कहा कि संविधान में कहीं भी चुनाव आयोग की नियुक्ति समिति में न्यायिक प्रतिनिधित्व का प्रविधान अनिवार्य नहीं किया गया है। सरकार के अनुसार, यह कहना कि नियुक्तियों की वैधता के लिए न्यायपालिका की भागीदारी जरूरी है, शक्तियों के पृथक्करण और संविधान के अनुच्छेद 324 के तहत संसद की भूमिका की गलत व्याख्या है। कहा कि चुनाव आयोग की वास्तविक स्वतंत्रता उसके संवैधानिक दर्जे, सुरक्षित कार्यकाल, हटाने संबंधी सुरक्षा उपायों तथा वेतन और कार्यों के वैधानिक संरक्षण से सुनिश्चित होती है। 2023 का कानून इन सभी प्रावधानों को बरकरार रखते हुए नियुक्ति प्रक्रिया में पारदर्शिता जोड़ता है। अंतरिम व्यवस्था के तौर पर सीजेआइ को चयन समिति में शामिल करने की बात कही थी।

### सिग्नेचर ब्रिज लूटकांड: दिल्ली पुलिस ने दबोचे 'सलवार सूट गिरोह' के 3 बदमाश

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पूर्वी दिल्ली में सिग्नेचर ब्रिज के पास स्कूटी सवार से लूट करने वाले तीन बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनकी पहचान भजनपुरा निवासी निखिल, सोनू व गाजियाबाद निवासी अमर के रूप में हुई है। पकड़ा गया निखिल सलवार सूट गिरोह का बदमाश है, महिलाओं के भेष में वह युवाओं को जाल में फंसाकर यमुना खादर में ले जाकर लूट करता था। पकड़े गए बदमाशो के पास से पीड़ित का बैग, मोबाइल समेत अन्य सामान बरामद हुआ है। पुलिस ने बताया कि 13 मई की रात सिग्नेचर ब्रिज के पास स्कूटी सवार से लूट हुई थी। पीड़ित व बुराड़ी निवासी मनीष कुमार मिश्रा वजीराबाद रोड से स्कूटी से घर जा रहे थे। सिग्नेचर ब्रिज के पास एक व्यक्ति ने उन्हें रुकने का इशारा किया। जब उन्होंने अपनी स्कूटी रोकी, तो उस व्यक्ति ने अपने साथियों के साथ मिलकर उनसे उनका मोबाइल फोन, नकदी और एक बैग लूट लिया, जिसमें एक लैपटॉप और अन्य दस्तावेज थे।
पीड़ित की शिकायत पर केस दर्ज किया गया। सीसीटीवी कैमरों से बदमाशो की पहचान की गई। टेक्निकल सर्विलांस के जरिये बदमाशों को भजनपुरा से गिरफ्तार कर लिया।

### भ्रष्टाचार के पुराने मामले में आईएएस अधिकारी बर्खास्त, कुछ माह पहले ही दिल्ली में हुई थी तैनाती

नईदिल्ली, एजेंसी। दिल्ली सरकार में तैनात आईएएस पर एक पुराने मामले में गाज गिरी है। 2003 बैच की आईएएस पद्मा जायसवाल पर अरुणाचल प्रदेश में भ्रष्टाचार के मामले में केंद्र सरकार ने कार्रवाई की है, उन्हें नौकरी से बर्खास्त किया गया है। वह कुछ माह पहले ही दिल्ली सरकार में आई थीं। सरकार के दिल्ली सचिवालय स्थित प्रशासनिक सुधार विभाग में सचिव थीं। करीब एक माह से अवकाश पर थीं। उनसे पक्ष लेने के लिए काल की गई, मगर उन्होंने फोन नहीं उठाया।

## मालदीव में इटली के पांच गोताखोरों की मौत, दो दिन बाद भी एक ही शव हो सका बरामद

**रोम, एजेंसी।** मालदीव में एक गुफा के अंदर स्कूबा डाइविंग के दौरान इटली के पांच गोताखोरों की मौत के बाद शुक्रवार को भी खोज अभियान जारी रहा। इस अभियान में इटली के एक विशेषज्ञ भी पुलिस गोताखोरों और बचाव नौकाओं के समूह में शामिल हुआ।

इटली के पांच नागरिकों की मौत गुरुवार को हुई थी, इसके बाद से ही बचाव अभियान और जांच तेज हो गई है। इटली के विदेश मंत्रालय के अनुसार, ये पांचों गोताखोर कथित तौर पर गुरुवार को 50 मीटर (164 फीट) की गहराई पर गुफाओं का पता लगाने की कोशिश कर रहे थे, जब यह दुर्घटना हुई। उनकी मौत के सटीक कारणों और परिस्थितियों की अभी जांच की जा रही है।

मालदीव के अधिकारियों ने गुरुवार को घटना के बाद एक बड़े पैमाने पर बचाव अभियान शुरू किया था। इसमें नावें, विमान और गोताखोर दल शामिल थे। मालदीव राष्ट्रीय रक्षा बल के अनुसार, एक गोताखोर का शव एक गहरे पानी के नीचे की गुफा में मिला था, जिसे लगभग 60 मीटर (200 फीट) की गहराई से निकाला गया।

शेष चार गोताखोरों के उसी गुफा में फंसे होने की आशंका है। अधिकारियों ने इसे एक खतरनाक और उच्च जोखिम वाला अभियान



बताते हुए अतिरिक्त टीमों और विशेष उपकरणों को भेजा है। हालांकि, खराब मौसम की स्थिति के कारण शवों को निकालने के प्रयासों में देरी हो सकती है।

इटली का विदेश मंत्रालय शवों की बरामदगी के बारे में अधिक जानकारी नहीं दे सका है। मंत्रालय ने बताया कि इटली के एक विशेषज्ञ शुक्रवार को तटरक्षक बल और मालदीव के जहाजों की सहायता कर रहे थे। अधिकारियों ने वावु एटोल में पानी के नीचे की गुफा तक पहुंचने के लिए गोता लगाने की योजना बनाई थी। इटली के कोलंबो में राजदूत, जो मालदीव के साथ संबंधों की देखरेख करते हैं, राजधानी माले में तटरक्षक अधिकारियों से मिलने के लिए पहुंचे हैं। इतालवी दूतावास पीड़ितों के परिवारों के संपर्क में है और उन्हें सहायता प्रदान कर रहा है।

### कैसे हुआ था हादसा?

शुरुआती रिपोर्टों के अनुसार, इटली के गोताखोरों का यह समूह गुरुवार की सुबह अलीमथा के पास गोताखोरी कर रहा था। दोपहर तक सतह पर वापस न आने पर उन्हें लापता घोषित कर दिया गया था। उस समय मौसम की स्थिति को प्रतिकूल बताया गया था और मौसम के लिए यलो अलर्ट भी जारी किया गया था।

## इस्राइल का हमास के शीर्ष सैन्य कमांडर को मार गिराने का दावा, 6 अक्तूबर 2023 के हमले का था मास्टरमाइंड

**यरुशलम, एजेंसी।** इस्राइल ने दावा किया है कि उसकी सेना ने शुक्रवार को गाजा सिटी में किए गए एक हवाई हमले में हमास की सैन्य शाखा के प्रमुख नेताओं में शामिल इज्ज अल-दीन अल-हद्दाद को मार गिराया। इस्राइल के मुताबिक हद्दाद 7 अक्तूबर 2023 को इस्राइल पर हुए हमास हमलों की योजना और उसे अंजाम देने वाले प्रमुख रणनीतिकारों में से एक था। इस्राइल ने गाजा पट्टी में एक बहुत बड़ा हवाई हमला किया। इस बार इस्राइल के निशाने पर सीधे तौर पर हमास का सबसे बड़ा सैन्य कमांडर था। अब उसकी मौत का खबर साने आ रही है। बताया गया कि उसने यह जिम्मेदारी अपने पूर्ववर्ती मो. सिनवार की मौत के बाद संभाली थी। मोहम्मद सिनवार भी इस्राइल कार्रवाई में मारा गया था। आज हद्दाद के परिवार ने एसोसिएटेड प्रेस को उसकी मौत की पुष्टि की। इस्राइल इसे अपनी सैन्य कार्रवाई की बड़ी सफलता मान रहा है, जबकि क्षेत्र में तनाव लगातार बना हुआ है। हद्दाद की मौत ऐसे समय में हुई है जब इस्राइल और हमास के बीच संघर्षविराम बेहद नाजुक स्थिति में है। हमास के निरस्त्रीकरण समेत कई अहम मुद्दों पर दोनों पक्षों के बीच सहमति नहीं बन पाई है, जिसके कारण युद्धविराम समझौते की प्रगति धीमी पड़ गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### नीट परीक्षा पेपर लीक के खिलाफ आम आदमी पार्टी का आक्रोशपूर्ण प्रदर्शन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रविवार को आम आदमी पार्टी बोकारो जिला के तत्वावधान में नीट पेपर लीक के खिलाफ महात्मा गांधी चौक सेक्टर चार में प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन में शामिल आप कार्यकर्ताओं ने केन्द्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस मौके पर उपस्थित आप के प्रदेश मीडिया सह प्रभारी कुमार राकेश ने कहा कि पिछले 12 सालों में मोदी सरकार के कार्यकाल में 90 से ऊपर पेपर लीक हो चुके हैं। केवल नीट के ही चार-पांच बार पेपर लीक हो चुके हैं। सरकार सीबीआई जांच के नाम पर हर बार दोषियों को बचाने में लगी रहती है। उन्होंने कहा कि चार-पांच छात्रों ने इस बार आत्महत्या कर ली है।



इसके लिए दोषियों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। जोनल पर्यवेक्षक विधान चंद्र राय ने कहा कि पेपर लीक के लिए जिम्मेदार शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को बर्खास्त करना चाहिए। साथ ही एनटीए को भंग कर देना चाहिए। प्रदर्शन में प्रमुख रूप से आप नेता और कार्यकर्ता धर्मेंद्र शर्मा, अशोक कुमार, मनौवर अंसारी, केएपी वर्मा, सुमन सिंह, अब्दुल कादिर, विनोद सत्यार्थी, विनेश्वर कुमार, प्रवीण सिंह सहित अन्य उपस्थित थे। विरोध-प्रदर्शन में कई नीट छात्र भी शामिल हुए।

### मंडल कारा धनबाद में जेल अदालत व स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में रविवार को मंडल कारा धनबाद में जेल अदालत एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर अवर न्यायाधीश सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार मयंक तुषार टोपनो ने कहा कि शिविर का उद्देश्य बंदियों को त्वरित न्यायिक सहायता उपलब्ध कराना तथा उनके



स्वास्थ्य की जांच कर आवश्यक चिकित्सीय परामर्श देना था। जेल अदालत में बंदियों से संबंधित मामलों की सुनवाई की गई तथा उन्हें कानूनी अधिकारों एवं सहायता की जानकारी दी गई। वहीं स्वास्थ्य जांच शिविर में चिकित्सकों की टीम द्वारा बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जांच के दौरान सामान्य स्वास्थ्य, रक्तचाप, शुगर सहित अन्य बीमारियों की जांच कर आवश्यक दवाइयां भी उपलब्ध कराई गईं। उन्होंने कहा कि बंदियों के स्वास्थ्य एवं उनके अधिकारों की सुरक्षा को लेकर समय-समय पर इस प्रकार के शिविर आयोजित किए जाते रहेंगे। कार्यक्रम में लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के चीफ कुमार विमलेंदु, सहायक कन्हैयालाल ठाकुर, नीरज गोयल, शैलेंद्र झा, सुमन पाठक, स्वाति कुमारी, मुस्कान चोपड़ा, जेलर, सौरव सरकार, अरुण कुमार चिकित्सक दल, न्यायिक पदाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सदस्य उपस्थित थे।

### विश्व उच्च रक्तचाप दिवस 24 मई तक मनाया जाएगा : सिविल सर्जन

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विश्व उच्च रक्तचाप दिवस के अवसर पर रविवार को सदर अस्पताल में सिविल सर्जन डॉ आलोक विश्वकर्मा तथा सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ संजीव कुमार ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर सिविल सर्जन ने खुशहाल जीवन जीने और तनाव मुक्त रहने पर जोर दिया। कहा कि



इससे हर व्यक्ति उच्च रक्तचाप की बिमारी से दूर रह सकता है। बताया कि इस वर्ष विश्व उच्च रक्तचाप दिवस की थीम "अपने रक्तचाप को सही जाने, इसे नियंत्रित करें, लंबा और स्वस्थ जीवन पाएं", है। विश्व उच्च रक्तचाप दिवस पर 24 मई तक उच्च रक्तचाप तथा इससे बचाव से संबंधित जानकारी को विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से प्रसारित करते हुए आम जनमानस को जागरुक किया जाएगा। साथ ही सभी स्वास्थ्य केंद्र पर उपलब्ध चिकित्सा पदाधिकारी, कर्मीयों तथा आमजनों को उच्च रक्तचाप की जाँच की जाएगी। कार्यक्रम में सभी चिकित्सा पदाधिकारी, दंत चिकित्सा पदाधिकारी, एन.सी.डी. सेल एवं सदर अस्पताल के कर्मी उपस्थित रहे।

### बोकारो से गायब किशोर इटावा से बरामद, पुलिस ने परिजनों को सौंपा

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो पुलिस ने 13 वर्षीय लापता छात्र को उत्तर प्रदेश के इटावा से सकुशल बरामद कर उसके परिजनों को सौंप दिया है। छात्र 11 मई को स्कूल जाने के लिए घर से निकला था, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटने पर परिवार ने बीएसएल सिटी थाना में शिकायत दर्ज कराई थी। मिली जानकारी के अनुसार बीएसएल एलएच स्ट्रीट-07 निवासी मुकेश कुमार राय ने 12 मई 2026 को बीएसएल सिटी थाना में आवेदन देकर अपने पुत्र सूरज कुमार राय के लापता होने की जानकारी दी थी।



परिजनों के अनुसार 13 वर्षीय सूरज कुमार राय 11 मई की सुबह करीब 6 बजे स्कूल जाने के लिए घर से निकला था, लेकिन देर रात तक वापस घर नहीं लौटा। इसके बाद परिवार की चिंता बढ़ गई और बीएसएल सिटी थाना में मामला दर्ज कराया गया। पुलिस ने इस मामले में बीएसएल सिटी थाना कांड संख्या 91/26 के तहत धारा 137(2) बीएनएस में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तकनीकी जांच और लगातार छापेमारी शुरू की। अनुसंधान के दौरान पुलिस को जानकारी मिली कि लापता छात्र उत्तर प्रदेश के इटावा में मौजूद है। इसके बाद पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए छात्र को सकुशल बरामद कर लिया। बरामदगी के बाद बच्चे को सुरक्षित उसके परिजनों को सौंप दिया गया। इस पूरे अभियान में बीएसएल सिटी थाना के पुलिस पदाधिकारी विरेंद्र खाखा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस की त्वरित कार्रवाई से परिजनों ने राहत की सांस ली और बोकारो पुलिस का आभार जताया।

# कानून-व्यवस्था का जायजा लेने एसपी ने देर रात तक किया इलाकों का भ्रमण





**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पुलिस अधीक्षक नाथू सिंह मीना बीती देर रात अपने पुलिस फोर्स और अधिकारियों के साथ बोकारो शहर की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने सड़कों पर निकले। इस दौरान उन्होंने शहर के विभिन्न इलाकों का दौरा कर कानून-व्यवस्था की स्थिति का आकलन किया। आम लोगों से बातचीत कर पुलिस की कार्यशैली को लेकर फीडबैक भी लिया। एसपी को लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि कई शराब दुकानों के आसपास अड्डेबाजी हो रही है, जिससे स्थानीय लोगों, खासकर महिलाओं और परिवारों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इन शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए एसपी ने खुद 'रक्षक राइडर' बाइक पर बैठकर बोकारो स्टील सिटी क्षेत्र का भ्रमण किया। उन्होंने कई संवेदनशील स्थानों का निरीक्षण किया और ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने साफ कहा कि बेहतर पुलिसिंग और मजबूत कानून-व्यवस्था बनाए रखना पुलिस विभाग की प्राथमिकता है। निरीक्षण के दौरान एसपी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि गश्त व्यवस्था को और प्रभावी बनाया जाए तथा सार्वजनिक स्थानों पर किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि या हुड़दंग को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि ड्यूटी में लापरवाही बरतने वाले पुलिसकर्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। एसपी ने कहा कि अगर कहीं भी गलत गतिविधियों की सूचना मिलती है तो पुलिस तुरंत कार्रवाई करेगी। उनके इस औचक निरीक्षण से पुलिस महकमे में सतर्कता बढ़ी है, वहीं आम लोगों में सुरक्षा को लेकर भरोसा भी मजबूत हुआ है।

## पुलिस ने सुदूरवर्ती इलाकों में विशेष अभियान चलाकर अंधविश्वास के खिलाफ ग्रामीणों को किया जागरूक

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जागेश्वर बिहार थाना पुलिस ने रविवार को सुदूरवर्ती इलाकों में विशेष अभियान चलाकर फरार वारंटियों का सत्यापन किया। साथ ही ग्रामीणों को अंधविश्वास के खिलाफ जागरूक किया। पुलिस टीम ने लालगढ़, कारोपानी, गायछंदवा, मोड़ा, हल्वे और असनापानी (गोमिया) क्षेत्रों में भ्रमण कर आवश्यक कार्रवाई की। अभियान के दौरान ग्रामीणों को ओझा-गुनी, डायन-बिसाही जैसी कुरीतियों से दूर रहने की अपील की गई। पुलिस अधिकारियों ने ग्रामीणों से कहा कि किसी भी आपात स्थिति या समस्या की सूचना तुरंत डायल 112 पर दें, ताकि पुलिस त्वरित कार्रवाई कर सके। अभियान के दौरान पुलिस और ग्रामीणों के बीच बेहतर संबंध स्थापित करने के उद्देश्य से बच्चों के बीच बिस्किट और चॉकलेट भी वितरित किए गए।



#### अभियान में शामिल रहे कई पुलिस अधिकारी

इस अभियान में जागेश्वर बिहार थाना प्रभारी प्रकाश यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम शामिल रही। टीम में पुअनि धर्मेंद्र सिंह सरदार, पुअनि सुरेश पाहन, सअनि विशाल कुमार, सअनि परवेज अशरफ एवं JAP-04 (H कंपनी) के जवान शामिल थे।पुलिस ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता अभियान लगातार जारी रहेगा ताकि सामाजिक कुरीतियों को खत्म किया जा सके और कानून व्यवस्था मजबूत हो।

## 22 से 24 मई तक नॉक आउट ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट 2026 का होगा आयोजन

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने और बैडमिंटन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के उद्देश्य से 99जी स्पोर्ट्स द्वारा 22 से 24 मई तक धनबाद के मेमको मोड़ स्थित 99जी स्पोर्ट्स बैडमिंटन एक्सीलेंस एकेडमी परिसर में नॉक आउट ओपन बैडमिंटन टूनामेंट 2026 का आयोजन किया जाएगा। इस बैडमिंटन टूनामेंट का आयोजन तीन श्रेणियों में किया जाएगा जिसमें अंडर 19 में सिंगल्स और डबल्स में महिला और पुरुष खिलाड़ी हिस्सा ले सकते है वही दूसरी श्रेणी में सिर्फ पुरुष खिलाड़ी सिंगल्स और डबल्स में हिस्सा ले सकते है। वही 40 की उम्र से अधिक पुरुष खिलाडी भी मास्टर्स/ वेटेरन्स श्रेणी में डबल्स के रूप में हिस्सा ले सकते है। उपरोक्त बात की जानकारी प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से 99 ग्रुप ऑफ कम्पनीज के सीएमडी श्याम पांडेय ने मेमको मोड़ स्थित कार्यालय परिसर में देते हुए बताया कि 21 मई शाम 5 बजे तक इच्छुक खिलाड़ी अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकते है। साथ ही उन्होंने बताया कि इस टूनामेंट में विजेता और उप विजेता खिलाड़ियों को नगद राशि के अलावा आकर्षक ट्रॉफी और अन्य पुरुस्कार भी दिया जाएगा।



# स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण संस्थान की बैठक में आगामी कार्यक्रमों पर मंथन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** 'स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण संस्थान' की मासिक बैठक बोकारो स्थित प्रधान कार्यालय 'पर्यावरण-मित्र आश्रम' में सम्पन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता कार्यकारी अध्यक्ष रघुवर प्रसाद ने की। उन्होंने बोकारो जिला में हरे पेड़ों की हो रही कटाई, गरगा नदी के प्रदूषण और पर्यावरण-मित्र चौक स्थित 'स्वतंत्रता सेनानी स्मृति उद्यान' में स्वतंत्रता सेनानियों के जन्म स्थल से लाई गई पवित्र मिट्टी पर रोपित दुर्लभ वृक्षों को असामाजिक तत्वों द्वारा नुकसान पहुंचाए जाने पर चिंता व्यक्त की। इसकी कठोर शब्दों में निंदा की। इस अवसर पर संस्थान के महासचिव शशि भूषण ओझा 'मुकुल' ने कहा कि बोकारो के पर्यावरण-मित्र वाटिका के कल्पतरु उद्यान एवं स्वतंत्रता सेनानी स्मृति उद्यान में रोपित पौधों को कुछ पर्यावरण विरोधी असामाजिक तत्वों द्वारा जानबूझकर किसी घृणित मानसिकता के तहत नुकसान पहुंचाने के साथ ही उसके घेरों को तोड़ा जा रहा है। इसकी शिकायत कई बार पुलिस एवं जिला प्रशासन से की गई है, मगर कोई कारवाई नहीं करना अत्यंत चिंतनीय है। कहा कि पर्यावरण-मित्र वाटिका बोकारो के लोगों के लिए एक तोहफा है जिसमें अनेक दुर्लभ एवं औषधीय पौधों का रोपण किया गया है इसलिए इसकी सुरक्षा का दायित्व यहां के सभी नागरिकों और प्रशासन का भी है । आज की बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि दिनांक 20 मई 2026 बुधवार को संध्या 4.30 बजे स्वतंत्रता सेनानी स्मृति उद्यान में स्वतंत्रता सेनानियों के नाम पर वृक्षारोपण किया जाएगा।, 25 मई 2026 सोमवार को गंगा दशहरा के दिन संध्या 4.30 बजे गरगा नदी के तट पर गरगा नदी (गर्ग-गंगा) का पूजन कर इसे प्रदूषण और अतिक्रमण मुक्त कराने का आग्रह किया जाएगा तथा दिनांक 05 जून विश्व पर्यावरण दिवस को भव्य कार्यक्रम आयोजित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया जाएगा । बैठक में मृणाल कांत चौबे, वीरेंद्र कुमार चौबे, ललित प्रसाद, विजय त्रिपाठी, पं. अखिलेश ओझा, बबलू पांडेय, अर्जुन पांडेय, रमेश कुमार और अनुराग सहित कई पर्यावरण प्रहरियों ने विचार रखे।



## ट्रैक्टर चोर को रामगढ़ में दबोचा, अन्य की तलाश जारी

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो जिले के चतरोचट्टी थाना क्षेत्र में ट्रैक्टर चोरी मामले का पुलिस ने खुलासा करते हुए मुख्य आरोपी राजा मल्हार उर्फ कैलाश मल्हार को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को रामगढ़ जिले से छापेमारी कर पकड़ा गया। पुलिस के अनुसार 1 मई 2026 को ग्राम कदमा से आयशर कंपनी का एक ट्रैक्टर चोरी हो गया था। मामले में प्रकाश कुमार के आवेदन पर चतरोचट्टी थाना कांड संख्या 23/2026 दर्ज कर जांच शुरू की गई थी।





#### तकनीकी जांच से आरोपी तक पहुंची पुलिस

अनुसंधान के दौरान पुलिस ने तकनीकी सहायता और गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए पहले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा था। इसके बाद मामले के मुख्य आरोपी राजा मल्हार उर्फ कैलाश मल्हार की तलाश जारी थी। पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी गिरफ्तारी के डर से छिपकर रह रहा है। इसी सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने रामगढ़ जिले के कुंदरिया मल्हार टोला में छापेमारी कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

#### कई चोरी मामलों में पहले भी जा चुका है जेल

पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार गिरफ्तार आरोपी पर पहले से कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। आरोपी पूर्व में भी ट्रैक्टर चोरी के मामलों में जेल जा चुका है। उसके खिलाफ विभिन्न थाना क्षेत्रों में चोरी और आपराधिक गतिविधियों से जुड़े कई केस दर्ज हैं।

#### अन्य आरोपियों की तलाश जारी

पुलिस ने बताया कि मामले में शामिल अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। जल्द ही पूरे गिरोह का खुलासा किया जाएगा। इस कार्रवाई में चतरोचट्टी थाना के पुलिस पदाधिकारियों और जवानों की अहम भूमिका रही।

### वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ स्वदेशी जागरण मंच के कार्यालय का उद्घाटन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** स्वदेशी जागरण मंच बोकारो के कार्यालय का उद्घाटन कार्यक्रम विधिवत वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ संपन्न हुआ। पूजा के मुख्य जजमान स्वदेशी जागरण मंच के अखिल भारतीय मेला प्रमुख सचिंद्र कुमार बरियार की अगुवाई में पूजा पाठ व हवन के साथ कार्यालय का विधिवत उद्घाटन हुआ। इस मौके पर विश्व हिंदू परिषद के अखिल भारतीय प्रयांशी जगन्नाथ शाही, मंच के क्षेत्रीय संयोजक राजेश उपाध्याय, पूर्व विधायक बीरांची नारायण, रोहित लाल सिंह, अमरेंद्र कुमार सिंह, अजय चौधरी 'दीपक' आदि सामूहिक रूप से पूजा हवन में शामिल हुए। इस मौके पर मंच के अखिल मेला प्रमुख सचिंद्र कुमार बरियार ने कहा कि स्वदेशी जागरण मंच का अपना कार्यालय होने से स्वदेशी आंदोलन को और मजबूती मिलेग।

## एसएनए छऊ केंद्र में तीन दिवसीय मोहुरी संगीत कार्यशाला का सफल समापन

### शहनाइयों की मधुर धुन से गुंजायमान हुआ छऊ केंद्र

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** एसएनए छऊ केंद्र, चंदनकियारी में आयोजित तीन दिवसीय आवासीय मोहुरी संगीत कार्यशाला के तृतीय एवं अंतिम दिन रविवार को प्रशिक्षुओं का उत्साह चरम पर देखने को मिला। पूरे केंद्र परिसर में मोहुरी एवं शहनाई की मधुर ध्वनियों ने सांस्कृतिक वातावरण को जीवंत बना दिया। कार्यक्रम के दौरान केंद्र के संयोजक डॉ संजय कुमार चौधरी ने इस प्रकार के आयोजन की महत्ता पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डालते हुए कहा कि लोक एवं पारंपरिक कलाओं के संरक्षण और संवर्धन हेतु इस तरह की कार्यशालाएँ अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने प्रशिक्षुओं के उत्साह और समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजनों की पुनरावृत्ति होनी चाहिए, ताकि नई पीढ़ी अपनी सांस्कृतिक विरासत से जुड़ी रहे। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ हेमलता एस मोहन, जो सीसीआरटी की पूर्व अध्यक्षा भी रह चुकी हैं, ने अपने संक्षिप्त संबोधन में कार्यशाला की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएँ न केवल कला के क्षेत्र में नई संभावनाओं को जन्म देती हैं, बल्कि प्रतिभागियों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने का कार्य भी करती हैं। भारतीय लोक एवं पारंपरिक कलाओं के माध्यम से देश-विदेश में विशेष पहचान और सम्मान प्राप्त किया जा सकता है। संगीत नाटक अकादमी, नई दिल्ली की इकाई एस एन ए छऊ केंद्र, चंदनकियारी में आयोजित इस तीन दिवसीय मोहुरी संगीत कार्यशाला का समापन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यशाला को सफल बनाने में एसएनए नई दिल्ली से आए पर्यवेक्षक डॉ संतोष प्रसाद जी सहित केंद्र के कर्मी दिलीप जेना, विजय कुमार एवं आशुतोष कुमार का विशेष योगदान एवं अथक प्रयास सराहनीय रहा।





## भाजपा द्वारा आयोजित मिलन समारोह में दर्जनों ने ली भाजपा की सदस्यता

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारतीय जनता पार्टी बोकारो जिला अध्यक्ष सुरेंद्र राज एवं बोकारो के पूर्व विधायक विरंची नारायण के नेतृत्व में दीपांजलि पैलेस,चास में आयोजित मिलन समारोह में विभिन्न राजनीतिक दलों को छोड़कर सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम के दौरान जिला अध्यक्ष सुरेंद्र राज ने सभी नए साथियों का भाजपा परिवार में स्वागत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं संगठन की राष्ट्रवादी विचारधारा से प्रभावित होकर लोग बड़ी संख्या में भाजपा से जुड़ रहे हैं। पूर्व विधायक बिरंची नारायण ने कहा कि झारखंड में जनता परिवर्तन का मन बना चुकी है। भाजपा ही राज्य के विकास, युवाओं के रोजगार, किसानों के हित और भ्रष्टाचार मुक्त शासन की गारंटी दे सकती है। उन्होंने सभी नए कार्यकताओं से संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने का आह्वान किया। सदस्यता ग्रहण करने वाले सभी कार्यकताओं ने भाजपा की नीति, सिद्धांत एवं राष्ट्रहित की भावना से प्रेरित होकर पार्टी को मजबूत बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन भाजपा चास नगर दक्षिणी के अध्यक्ष विक्की राय ने किया।



# चास में आयोजित हिन्दू सम्मेलन में हर वर्ग के लोग हुए शामिल

### राष्ट्रहित को सर्वोच्च स्थान और समाज को एक सूत्र में बांधना लक्ष्य : प्रान्त कार्यवाह

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शताब्दी वर्ष के निमित्त विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला में अखिल भारतीय स्तर पर सकल हिन्दू समाज द्वारा बस्ती सह 'हिन्दू सम्मेलन' का आयोजन किया जा रहा है। इस कड़ी में वीर सावरकर नगर के 'रामनगरकालोनी, भोजपुर कालोनी, गुजरात कालोनी, कैलाश नगर एवं मेन रोड' बस्ती का हिन्दू सम्मेलन आज भोलूर बांध मैदान, रामनगर कॉलोनी, चास में संपन्न हुआ। सम्मेलन में रामनगर कालोनी, भोजपुर कालोनी, गुजरात कालोनी, कैलाश नगर एवं मेन रोड में निवास करने वाले सनातनी परिवार व मातृ शक्ति बड़ी संख्या में शामिल हुई। हिन्दू सम्मेलन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत कार्यवाह संजय कुमार ने उपस्थित सभी सनातनियों को संबोधित करते हुए सर्वप्रथम हिन्दू सम्मेलन के आयोजन हेतु उपस्थित सकल हिन्दू समाज के प्रति विशेष आभार प्रकट किया। उन्होने कहा कि संघ के लिए राष्ट्र प्रथम की भावना सर्वोपरि है। संघ का उद्देश्य राष्ट्रहित को सर्वोच्च स्थान देना और समाज को एकजुट कर देश की प्रगति में योगदान करना है। उन्होंने वर्ष 1925 में विजयादशमी के अवसर पर महाराष्ट्र के मोहितेबाड़ा में संघ की स्थापना से लेकर आज 100 वर्ष पूर्ण करने तक की गतिविधियों पर क्रमवार विवरण प्रस्तुत करते हुए संघ की संगठनात्मक परंपरा, अनुशासन और राष्ट्र सेवा के आदर्शों पर विशेष प्रकाश डाला। उन्होंने शताब्दी वर्ष में संघ के पंच परिवर्तन के संकल्प का विस्तार से उल्लेख करते हुए कहा कि इसे अपने जीवन में अपनाने की जरूरत है। इनमें 'स्व का भाव' के अंतर्गत आम गौरव और राष्ट्रीय अस्मिता पर बल, 'कुटुंब प्रबोधन' के अंतर्गत परिवारों में संस्कार और संवाद, 'सामाजिक समरसता' के अंतर्गत समाज के सभी वर्गों में समानता और एकता, 'पर्यावरण' के अंतर्गत प्रकृति संरक्षण और सतत विकास तथा एक विषय 'नागरिक कर्तव्य' है जिसमें जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा है। हिंदू समाज की एकता में सबसे बड़ी बाधा जाति है, इसके लिए समाज को मजबूती से खड़ा होना होगा। हिन्दू सम्मेलन का उद्देश्य समाज के लिए मार्गदर्शन तैयार करना है हिन्दू सम्मेलन के माध्यम से उन्होंने संघ के संकल्पों को दोहराते हुए समाज से अधिक निकट से जुड़ने और राष्ट्रीय हित में सक्रिय योगदान का आह्वान किया। हिंदू समाज में नेतृत्व क्षमता का विकास एवं एक दुसरे के प्रति सहयोगात्मक भावना विकसित करने में सहायक सिद्ध होगा। कार्यक्रम की शुरूआत गणेश वंदना के उपरांत विभिन्न धुनों में हनुमान चालीसा का पाठ से हुआ। दीप प्रज्जवलन के साथ मंचीय कार्यक्रम की शुरूआत हुई प्रताप जायसवाल के साथ कलाकारों द्वारा भक्तिमय भजन के गायन के पश्चात पतंजली महिला योग समिति के मातृशक्ति द्वारा भारत माता आरती गाया गया। ग्रीन फील्ड्स स्कूल के अंकित कुमार के द्वारा एक बच्चे की सोच कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। अगला कार्यक्रम रामचरितमानस पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें उपस्थित जनों का भरपूर सहभागिता रही प्रश्नों का सही उत्तर देने वालों को उपहार के रूप में हनुमान चालीसा दिया गया। इसके पश्चात कार्यक्रम में स्थानीय स्तर पर समाज के लिए कुछ ना कुछ योगदान देने वाले वरिष्ठ जनों को सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में पुजरी मिथिलेश पाण्डेय, पुजारी निर्मल पाण्डेय, दयाराम परमार, जया सिंह, दुर्गा देवी, अनंत कुमार सिन्हा, आनंदी स्वर्णकार, दिलीप धीवर, सुरेश ठाकुर, शंकर साव, अंजनी कुमार रूपक, सज्जन अग्रवाल, सोहन लाल रूप राय, विवेक सिंह, परिंदा सिंह, प्रताप जायसवाल, चिन्मया मिशन प्रमुख रहे। सम्मेलन को सफल बनाने वालों में रूद्रदेव उपाध्याय, विजय प्रसाद, अशोक कुमार जगनानी, राम बालक भगत, आयुष कुमार सिंह, मिथिलेश कुमार शर्मा, कृष्ण कुमार, अरूण कुमार सिंह, विष्णु देव प्रसाद, दयाराम परमार, कन्हैया श्री, गौरीशंकर सिंह, मनोज पाठक, कौशल किशोर, सुबोध कुमार, राज कुमार, कुमार अक्ष, हर्ष वर्मा, कार्तिक वर्मा, ऋषि कुमार, राम लखन, मा0 रंजीत वर्णवाल, संदीप तिवारी, रतन लाल महतो, जैनेन्द्र चौहान, शशि सुमन, दिनेश्वर सिंह, सुरेन्द्र कुमार, देवेन्द्र कुमार, पंकज कुमार सिंह,एवं मनोज अग्रवाल, प्रशांत कुमार प्रमुख हैं।





स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145865 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com